फाल्गुन कृष्ण पक्ष, द्वितीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 26 फरवरी 2024
वर्ष-2, अंक-201, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अनंत-राधिका का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन 1 से 3 मार्च तक 16

करीना और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज 2

## हादसा टला : बिना ड्राइवर के 78 किमी. तक दौड़ी मालगाड़ी

होशियारपुर, एजेंसी

पंजाब में जम्मू-जालंधर रेल खंड पर ऊंची बस्सी (मुकेरिया) के पास बिना लोकोमोटिव पायलट के चल रही एक मालगाड़ी के रुक जाने से रविवार को एक बड़ी दुर्घटना टल गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बिना लोकोमोटिव पायलट के चल रही क्रशर से भरी मालगाड़ी को आज ऊंची बस्सी के पास रोक दिया गया।

मानवरहित ट्रेन ने बिना पायलट के 78 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की थी। रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के कठुआ में ड्राइवर बदलने के दौरान मालगाड़ी ढलान वाली पटरी पर लुढ़कने लगी। पंजाब के ऊंची बस्सी के पास रेत की बोरियों की मदद से ट्रेन को सफलतापूर्वक रोका गया। घटना की गहन जांच अभी चल रही है और जिम्मेदार लोगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।



- **कठुआ में ड्राइवर बदलने के दौरान चल पड़ी मालगाड़ी**
- **पंजाब में ऊंची बस्सी के पास बोरियां लगाकर रोकी गई**

## कांग्रेस में नहीं थी इच्छाशक्ति, हमने बदल दी देश की तस्वीर

द्वारका (गुजरात), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने देश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज सहित विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा डाइविंग की और पानी में डूबी भगवान कृष्ण की प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन करने के साथ ही वहां पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने जनसभा में कहा कि मैंने गहरे समंदर के भीतर जाकर प्राचीन द्वारका जी के दर्शन किए जो मेरे लिए एक दिव्य अनुभव था। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि पिछली सरकार में जमकर घोटाले हुए। कहा कि आपने 2014 में मुझे दिल्ली की गद्दी पर बैठाया, जिसके बाद से देश विकास के पथ पर चल पड़ा। पहले की सरकार में इच्छाशक्ति नहीं थी, आज चारों दिशाओं में निर्माण कार्य चल रहा है।

मोदी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की कर्मभूमि द्वारका धाम को मैं श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हमने वो दिन भी देखे हैं, जब सौराष्ट्र के लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करते थे। जब मैं कहता था कि जिन नदियों में साल भर पानी रहता है, उनका पानी सौराष्ट्र और कच्छ में लाया जाएगा, तो कांग्रेस मेरा मजाक उड़ाती थी, लेकिन आज सौनी योजना ने सौराष्ट्र का भाग्य बदल दिया है। 1300 किमी से अधिक लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है, जो इतनी चौड़ी है कि उसमें से एक कार गुजर सकती है, सैकड़ों गांवों में अब पानी पहुंच गया है।



- **देश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज सहित कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण**
- **स्कूबा डाइविंग कर समुद्र में डूबी द्वारका नगरी के दर्शन व पूजा-अर्चना भी की**

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- स्कूबा डाइविंग के दौरान दिव्य अनुभव हुआ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्कूबा डाइविंग कर द्वारका नगरी में प्रार्थना करना बहुत ही दिव्य अनुभव था। सफेद डाइविंग हेलमेट और गेरुआ वस्त्र पहने मोदी समुद्र तल पर पालथी मारकर बैठे और हाथ जोड़कर भगवान की प्रार्थना की। इस दौरान नौसेना के गोताखोरों ने उनकी इसमें मदद की। इससे पहले मोदी हाथ में मोर पंख लिए वहां पहुंचे और उसे भगवान कृष्ण को अर्पित किया। पानी से बाहर आने के बाद मोदी ने कहा कि साहस से कहीं अधिक, यह आस्था था। स्कूबा डाइविंग बेट द्वारका द्वीप के पास द्वारका के तट पर कराई जाती है, जहां लोग पुरातत्वविदों द्वारा खोजी गई समुद्र में डूबी प्राचीन द्वारका के मौजूद अवशेषों को देख सकते हैं। मोदी ने बाद में यहां एक सभा को संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किए।

### ओखा-बेट द्वारका को जोड़ता है सुदर्शन सेतु

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में ओखा और बेट द्वारका को जोड़ने वाले 978.93 करोड़ रुपये के अनुमानित खर्च से निर्मित देश के सबसे लंबे केबल-आधारित ब्रिज 'सुदर्शन सेतु' का रविवार को लोकार्पण किया। मोदी ने शिला पट्टिका का अनावरण कर 'विकसित भारत, विकसित गुजरात' के संकल्प को साकार करने वाले और देवभूमि द्वारका जिले सहित गुजरात की विशिष्ट पहचान बनने वाले इस सुदर्शन सेतु को आम लोगों के लिए खोला। भगवान द्वारकाधीश की पावन भूमि के सर्वांगीण विकास की गति को तेजी देने वाले सुदर्शन सेतु के थ्री-डी मॉडल को देखकर उन्होंने विस्तृत जानकारी हासिल की। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल उनके साथ मौजूद रहे।







## युवाओं के साथ खिलवाड़ राष्ट्रीय पाप, दोषी न घर के रहेंगे न घाट के

### पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्यमंत्री ने दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे तत्वों को खुली चेतावनी दी है जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। योगी ने दो टूक कहा है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना राष्ट्रीय पाप है और इसमें लिप्त लोगों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि वो ना घर के रहेंगे ना घाट के। ऐसे तत्वों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई भविष्य के लिए नजीर के रूप में याद रखी जाएगी।

रविवार को लोकभवन में विभिन्न विभागों में करीब 18 सौ पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। योगी ने यहां कहा कि हमारा पहले दिन से ही संकल्प है कि नियुक्ति की प्रक्रिया अगर ईमानदारी से आगे नहीं बढ़ पा रही है तो ये युवाओं के साथ खिलवाड़ है और अपनी प्रतिभा को पलायन के लिए मजबूर करता है। अगर युवा के साथ अन्याय होता है तो यह राष्ट्रीय पाप है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, हम सभी तकनीक का उपयोग करते हैं, इसी तरह ऐसे तत्व भी तकनीक का उपयोग गलत कार्य के लिए करते हैं। कई बार सोचता हूं कि वो लोग तकनीक का इस्तेमाल करके अच्छे काम करते तो आगे बढ़ते और खुशहाल होते। मगर अब वे न घर के रहेंगे न घाट के और सरकार की कार्रवाई ऐसी होगी कि जो दूसरों के लिए नजीर बनेगी। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र, मयंकेश्वर शरण सिंह, दिनेश खटीक, रामकेश निषाद आदि मौजूद रहे।



- **योगी बोले, ऐसी कठोर नजीर पेश करेंगे कि लोग याद रखेंगे**
- **मुख्यमंत्री की मौजूदगी में 18 सौ चयनितों को दिया नियुक्ति पत्र**

### इन अभ्यर्थियों को योगी ने सौंपे नियुक्ति पत्र

सिंचाई विभाग में अवर अभियंता पद पर लखनऊ के शुभम वर्मा, हरदोई की अनीता राजपूत को। आवास विकास परिषद् में अवर अभियंता पद पर अमर वर्मा और मैनपुरी की कामिनी कमल को। आयुष विभाग में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी पद पर डॉ. विजया लक्ष्मी, डॉ .रेनू यादव को। दंत चिकित्सक अनिमेष त्रिपाठी और डॉ.आशुतोष श्रीवास्तव को। समीक्षा अधिकारी सचिवालय प्रशासन में पंकज कुमार को। प्रशासनिक सुधार विभाग में निरीक्षक पद पर प्रशांत श्रीवास्तव को। पॉवर कॉपोरेशन में टेक्नीशियन इलेक्ट्रिकल पद पर नीलम गौतम और हर्षित सिंह चौहान को। गृह विभाग में सहायक अभियोजन अधिकारी ऋचा सोनकर और अनुज तिवारी को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

### इन विभागों में इतने पदों पर चयनित हुए अभ्यर्थी

उप्र. लोक सेवा आयोग, उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग एवं विद्युत सेवा आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 1782 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। इसमें पावर कॉरपोरेशन के विभिन्न पदों पर 852, दंत चिकित्सक के लिए 141, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के लिए 391, समीक्षा अधिकारी हिंदी/उर्दू (सचिवालय) के लिए 14, सहायक अभियोजन अधिकारी के 42, अवर अभियंता (आवास विभाग) के लिए 123, अवर अभियंता (सिंचाई) के लिए 210, निरीक्षक (राजकीय कार्यालय निरीक्षणालय, प्रयागराज) के लिए 9 पदों पर अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

## कौशांबी में पटाखा फैक्ट्री में हुआ विस्फोट, आठ लोगों की गई जान

संवाददाता, प्रयागराज/कौशांबी

**अमृत विचार :** कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे में रविवार सुबह 11:30 बजे एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ। जिसके चलते फैक्ट्री में भीषण आग लग गई, जिसमें फैक्ट्री मालिक शराफत समेत आठ लोगों की मौत हो गई। जबकि एक दर्जन से ज्यादा मजदूर झुलस गए। विस्फोट तेज होने के चलते आसपड़ोस के कई मकानों में भी दरारें आई हैं। सूचना मिलने पर एडीजी व एसपी समेत पुलिस के आला-अफसर मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की।

पुलिस के मुताबिक कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे के वार्ड नंबर 23 में खलीलाबाद के रहने वाले शराफत अली ने अपने घर के पास पटाखा फैक्ट्री लगाई है। यह फैक्ट्री शराफत अली न्यू रंगोली फायर वर्क्स के नाम से है। फैक्ट्री में सुबह करीब 11:30 बजे जब 18-20 मजदूर पटाखा बनाने में व्यस्त थे। इसी बीच जोरदार विस्फोट हुआ। धमाके से कई लोगों के चीथड़े उड़ गए। आसपास के खेतों में उनके शरीर के अंग बिखरे मिले। चार घंटे तक रुक-रुककर धमाका होता रहा। धमाके की वजह से फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना मिलते ही एडीजी प्रयागराज जोन भानु भास्कर और एसपी कौशांबी बृजेश श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। हादसे में फैक्ट्री मालिक शराफत अली और उसके एक बेटे सहित आठ लोगों की मौत हुई है। वहीं बबलू पटेल, दीना पटेल, अशोक पटेल समेत एक दर्जन से अधिक झुलसे लोगों का इलाज स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज में चल रहा है। मृतकों की पहचान शिव नारायण (30) पुत्र भोलानाथ, कौशल अली और शराफत अली, शिव नारायण पटेल, शाहिद अली पुत्र शराफत अली, शिवकांत (25) पुत्र राम भवन निवासी अंबहा के रूप में की गई।



विस्फोट के बाद लगी आग को बुझाने का प्रयास करते अग्निशमनकर्मी।

- **जनपद के कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे का मामला**
- **धमाके से कई मकानों में भी आईं दरारें, 12 मजदूर घायल**

> पटाखा फैक्ट्री में भीषण हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है और लगभग एक दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।
>
> -**भानु भास्कर**, एडीजी जोन, प्रयागराज

### एक नजर

#### सीएम करेंगे एम्युनेशन कांप्लेक्स का लोकार्पण





**कानपुर।** साढ़ में स्थापित डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह द्वारा स्थापित किए गए एम्युनेशन कांप्लेक्स का सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय उद्घाटन करेंगे। वे 3.45 बजे साढ़ स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे और वहां से 4.50 बजे रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री और सेनाध्यक्ष यहां बनने वाले उत्पादों की जानकारी लेंगे। यह एशिया का सबसे बड़ा एन्युमेशन कॉम्प्लेक्स होगा। डिफेंस कॉरिडोर में शुरू होने वाली अडाणी समूह की यूनिट सेना में इस्तेमाल किए जाने वाले लघु शस्त्र से लेकर तोप-गोला तक बनाएगी।

#### हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों को किया तलब

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में रियल एस्टेट डेवलपर हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी को पूछताछ के लिए 26 फरवरी को तलब किया है।

## फ्लीट हादसे में दो लोगों की हुई मौत, घायलों से मिले मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अर्जुनगंज में मरी माता मंदिर के समीप शनिवार देर शाम हुए हादसे में सीएम फ्लीट की एंटी डेमो गाड़ी के सामने कुत्ता आने से हुए हादसे में 15 लोग घायल हुए थे। देर रात इलाज के दौरान ट्रॉमा में प्रिया (14) और नीलम (35) ने दम तोड़ दिया। अन्य 13 घायलों का इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार सुबह केजीएमयू ट्रामा सेंटर पहुंचे, मृतकों के परिजनों से शोक संवेदना प्रकट की और घायलों के परिजनों का ढांढस बंधाया। योगी ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मृतकों के परिजनों ने 50 लाख मुआवजा, नौकरी और आवास की मांग की है।

पुलिस के अनुसार मुख्यमंत्री की फ्लीट के बीच आए कुत्ते को बचाने के चलते एंटी डेमो गाड़ी पलट गई थी। हादसे में छह पुलिस कर्मियों समेत 15 लोग घायल हो गए थे। इसमें से प्रिया और नीलम की देर रात मौत हो गई। अर्जुनगंज के गयानंद पुरा निवासी संतोष की बेटी प्रिया निजी स्कूल में कक्षा-7 की छात्रा थी जबकि नीलम अर्जुनगंज की रहने वाली थी।

- **मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की मदद**
- **अर्जुनगंज में मरी माता मंदिर के पास हुआ पुलिस वाहन से हुआ था हादसा**



**हम साथ-साथ हैं :** आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों का अभिवादन करते कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव। हाल ही में लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सीटों के बंटवारे को लेकर दोनों दलों में समझौता हुआ, जिसके बाद पहली बार अखिलेश यादव न्याययात्रा में शामिल होने आगरा पहुंचे।

## गैंगस्टर लांडा के तीन साथी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने एक खुफिया ऑपरेशन में खतरनाक गैंगस्टर लखबीर सिंह लांडा के अंतरराज्यीय हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ कर उसके तीन साथियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 17 हथियार और 33 मैगजीन बरामद की है। जालंधर के पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने रविवार को कहा कि गिरफ्तार अपराधियों की पहचान कुणाल, गुरलाल और परवेज के रूप में हुई है। कुणाल फिरोजपुर का रहने वाला है और उस पर आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास और मादक पदार्थों तस्करी के सात मामले चल रहे हैं। गुरलाल और परवेज पट्टी के रहने वाले चचेरे भाई हैं। हथियारों की आपूर्ति मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी कुणाल ने की थी। गिरफ्तार गुरलाल का भाई शरणजीत, जो इस समय जेल में है, अमेरिका स्थित गैंगस्टर गुरदेव गिल और लखबीर सिंह लांडा का करीबी है। पुलिस ने बताया कि लांडा और गिल इस रैकेट के संचालक हैं, इंदौर के कुणाल को हथियार खरीदने के लिए हवाला से पैसे दिए गए थे।

## रितेश भाजपा में, बसपा के कई सांसद विकल्प की तलाश में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **बसपा कमजोर नहीं, लोग स्वार्थ साधने के लिए भटक रहे : मायावती**

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी को लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वांचल से बड़ा झटका मिल सकता है। पार्टी के कई सांसद नए विकल्प तलाश रहे हैं। अंबेडकर नगर से बसपा सांसद रितेश पांडे ने पार्टी से इस्तीफा देने के ठीक दो घंटे बाद ही रविवार को भाजपा का दामन थाम लिया। वहीं, बसपा के जौनपुर सांसद श्याम सिंह यादव के भी शीघ्र कांग्रेस में शामिल होने की संभावना है। इस बीच पार्टी प्रमुख मायावती ने एक्स पर प्रतिक्रिया दी कि, बसपा कमजोर नहीं, लोग स्वार्थ साधने के लिए भटक रहे हैं।



श्याम सिंह यादव रविवार को आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुए, बजट सत्र के दौरान राहुल गांधी से मिले थे। दो सांसद पहले ही पार्टी छोड़ चुके हैं। अमरोहा के सांसद कुंवर दानिश अली को बसपा से निकाल दिया था। वहीं, गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी सपा में चले गए हैं। बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर के रालोद में शामिल होने के भी कयास लगाए जा रहे हैं। लालगंज से सांसद संगीता आजाद के भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

## सुरक्षाकर्मियों से मुठभेड़, छत्तीसगढ़ में तीन नक्सली मारे गए

**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में रविवार सुबह तीन नक्सली मारे गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। कांकेर के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलिसेला ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी, तभी कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के तहत भोमरा-हुरतराई गांवों के बीच एक पहाड़ी पर सुबह करीब आठ बजे मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों को भोमरा, हुरतराई और मिच्छेबेड़ा गांवों में माओवादियों की कंपनी नंबर 5 के कैडर की मौजूदगी की जानकारी मिली थी।

## पुलिस ने सिंघू और टीकरी सीमा को अस्थायी तौर पर खोला

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी

- **सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने और कड़ी निगरानी के निर्देश**
- **हरियाणा में विगत दो सप्ताह से निलंबित मोबाइल इंटरनेट सेवा बहाल की गई**

किसानों के राष्ट्रीय राजधानी की ओर प्रस्तावित मार्च को रोकने के बाद दिल्ली पुलिस ने रविवार को सिंघू और टीकरी सीमाओं पर अवरोधकों के एक हिस्से को हटाकर यात्रियों के लिए एक मार्ग की व्यवस्था की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम यात्रियों के लिए पॉइंट-ए से पॉइंट-बी तक बैरियर का एक हिस्सा हटा रहे हैं। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती से 24 घंटे कड़ी निगरानी सुनिश्चित होगी। बल की तैनाती यथावत रहेगी। फिलहाल वाहनों की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी । दूसरी ओर किसानों के दिल्ली चलो आंदोलन के मद्देनजर हरियाणा के सात जिलों में करीब दो सप्ताह पहले निलंबित की गई मोबाइल इंटरनेट सेवा को रविवार को बहाल कर दिया गया।

शहर की पुलिस ने रविवार को उन यात्रियों के लिए दो विशाल सीमेंट अवरोधक हटा दिए, जो सिंघू और टीकरी सीमाओं पर एक छोटे मार्ग का उपयोग करके दिल्ली की ओर आते हैं। अवरोधक के कारण लोगों को हर दिन एक किलोमीटर से अधिक की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। एक संकरा रास्ता है, जहां से केवल एक ही व्यक्ति जा सकता है। लेकिन अब पुलिस लोगों के लिए बैरियर हटा रही है। दिल्ली पुलिस ने शहर के टीकरी, सिंघू और गाजीपुर सीमा बिंदुओं पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने अभ्यास भी किया। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि तीनों सीमाओं पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने और कड़ी निगरानी रखने को कहा गया है।

हरियाणा में अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए 11 फरवरी को मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं, निलंबन की अवधि को बीच-बीच में बढ़ाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इन सात जिलों में मोबाइल सेवाओं के निलंबन की अवधि बढ़ाने के लिए कोई नया आदेश जारी नहीं किया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी एक पूर्व आदेश के अनुसार, हरियाणा के डबवाली सहित सिरसा, अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार और फतेहाबाद अधिकार क्षेत्र में शांति और सार्वजनिक व्यवस्था में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए प्रतिबंध लगाए गए थे। हरियाणा के लोगों ने सरकार के फैसले का स्वागत किया।

### शंभू, खनौरी सीमा पर डटे हुए हैं किसान

दूसरी ओर दिल्ली चलो मार्च को सुरक्षा बलों द्वारा 13 फरवरी को रोके जाने के बाद से प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा से लगी पंजाब की खनौरी और शंभू सीमाओं पर डेरा डाले हुए हैं। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने शुक्रवार को कहा था कि प्रदर्शनकारी 29 फरवरी तक दोनों सीमा बिंदुओं पर डेरा डाले रहेंगे। दिल्ली चलो मार्च को खनौरी में हुई झड़प में एक प्रदर्शनकारी किसान की मौत हो जाने और लगभग 12 पुलिस कर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने रोक दिया था।

## खेल डायरी

### ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 27 रन से हराया



**ऑकलैंड, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में रविवार को न्यूजीलैंड को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 27 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर ने अपने 100वें टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में बारिश को देखते हुए टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। ऑस्ट्रेलिया की पारी में बारिश ने 3 बार व्यवधान डाला और अंततः 10.4 ओवर में 4 विकेट पर 118 रन के स्कोर पर उसकी पारी को खत्म करना पड़ा। डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत न्यूजीलैंड को 10 ओवर में 126 रन का लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में स्पेंसर जॉनसन (दो ओवर में 10 रन पर 1 विकेट), एडम जंपा (दो ओवर में 20 रन पर 1 विकेट), नाथन एलिस (दो ओवर में 11 रन) और मिशेल स्टार्क (दो ओवर में 15 रन) की गेंदबाजी के सामने 10 ओवर में 3 विकेट पर 98 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स ने 24 गेंद में 5 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 40 रन बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

### हारिस राऊफ कंधे की चोट से पीएसएल से बाहर

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राऊफ कंधे में चोट के कारण पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। पीएसएल में लाहौर कलंदर्स के लिए खेलने वाले इस 30 वर्षीय तेज गेंदबाज को शुक्रवार रात कराची किंग्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करते समय कंधे में चोट लग गई थी और वह मैदान से बाहर चले गए थे। फिटनेस हासिल करने के लिए उन्हें चार से छह सप्ताह का समय लगेगा। लाहौर कलंदर्स के प्रवक्ता ने कहा कि एमआरआई स्कैन और अन्य परीक्षणों से पता चला है कि उनके कंधे में चोट है जिसे ठीक होने में समय लगेगा इसलिए वह पीएसएल से बाहर हो गए हैं। यह गत चैंपियन लाहौर की टीम के लिए बड़ा झटका है जो लगातार चार मैच हार चुकी है।

### थोनाकल ने एलीट पुरुषों की स्पर्धा जीती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व एशियाई चैंपियन गोपी थोनाकल ने रविवार को नई दिल्ली मैराथन का खिताब जीता लेकिन पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइंग स्तर को हासिल करने से चूक गए। एशियाई मैराथन 2017 का खिताब जीतने वाले 35 वर्षीय गोपी ने पुरुष एलीट स्पर्धा में 42.195 किमी की दूरी दो घंटे 14 मिनट और 40 सेकेंड में पूरी की। वह दो घंटे 8 मिनट 10 सेकेंड के पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग स्तर से पीछे रहे। 2017 में भी गोपी दो घंटे 13 मिनट 39 सेकेंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से भी पीछे रहे। 2021 में खिताब जीतने वाले श्रीनू बुगाथा दो घंटे 14 मिनट 41 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि अक्षय सैनी ने दो घंटे 15 मिनट 27 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

### तुर्की महिला कप: भारत ने हांगकांग को 2-0 से हराया

**अलान्या (तुर्की), एजेंसी।** भारत की सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम ने शनिवार को तुर्की महिला कप में हांगकांग को 2-0 से हराकर दक्षिण एशियाई सर्किट के बाहर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने की ओर कदम बढ़ाया। भारत ने पहले 5 बार एसएएफएफ कप और 3 बार एसएएफ गेम्स का स्वर्ण पदक जीता है, लेकिन कभी भी इस और अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप हासिल नहीं कर सका, वह भी तब, जब दो यूरोपीय टीमें उनकी प्रतिद्वंद्वी थीं। टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत ने एस्टोनिया को 4-3 से हराया था। गोल्ड सिटी कॉम्प्लेक्स में अंजू तमांग और सौम्या गुगुलोथ ने दो गोल करके भारत के लिए 3 अंक सुरक्षित किए। ब्लू टाइगरेस के अब अपने दो मैचों में छह अंक हैं और 27 फरवरी को अपने अंतिम राउंड-रॉबिन मुकाबले में कोसोवो से भिड़ेंगे, जिसे वस्तुतः फाइनल कहा जा सकता है। कोसोवो ने भी दो मैचों से छह अंक जुटाए हैं और प्रशंसकों को विजेता का फैसला करने के लिए भारत-कोसोवो मैच के नतीजे का इंतजार करना होगा। भारत ग्रुप तालिका में कोसोवो के बाद दूसरे स्थान पर है, जो बेहतर गोल अंतर से आगे है। भारत ने अच्छी शुरुआत की और हांगकांग पर बढ़त बना ली। इंदुमति काथिरेसन, अंजू तमांग और प्यारी ज़ाक्सा, सभी ने 5 मिनट में प्रतिद्वंद्वी गोल पर एक-एक सफलता हासिल की।

# अश्विन-कुलदीप ने इंग्लैंड को 145 रन पर समेटा

## चौथे टेस्ट के तीसरे दिन 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की अच्छी शुरुआत

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला



**रांची, एजेंसी**

ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के 9 विकेट से चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को इंग्लैंड की दूसरी पारी को 145 रन पर समेट दिया, जिसके बाद भारत ने 192 रन का पीछा करते हुए बिना विकेट खोए 40 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान रोहित शर्मा 24 जबकि यशस्वी जायसवाल 16 रन पर खेल रहे थे। भारत को जीत के लिए 152 रन की दरकार है। रोहित ने अपनी इस पारी के दौरान टेस्ट क्रिकेट में चार हजार रन पूरे किए। दूसरी पारी में अब तक हुए 8 ओवर में रोहित सकारात्मक नजर आए। वह अब तक 27 गेंद पर 4 चौके मारे चुके हैं। उन्हें जो रूट, टॉम हार्टले और शोएब बशीर का सामना करने में कोई परेशानी नहीं हुई। अश्विन (51 रन पर 5 विकेट) ने इससे पहले 35वीं बार पारी में 5 या इससे अधिक विकेट चटकाए जबकि कुलदीप (22 रन पर 4 विकेट) ने 4 बल्लेबाजों को आउट किया जिससे जैक क्राउली (91 गेंद में 60 रन, 7 चौके) की पारी के बावजूद इंग्लैंड दूसरी पारी में 145 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में सुबह भारत अपनी पहली पारी में 307 रन पर सिमट गया और 46 रन से पिछड़ गया। ध्रुव जुरेल ने 90 रन की जुझारू पारी खेल टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। अश्विन ने रविंद्र जडेजा (56 रन पर 1 विकेट) के साथ दूसरी पारी में नई गेंद से शुरुआत की। उन्होंने पांचवें ओवर में बेन डकेट (15) और ओली पोप (00) को आउट किया। डकेट ने शॉर्ट लेग पर सरफराज खान को कैच थमाया जबकि पोप पगबाधा हुए। अश्विन ने अनिल कुंबले (350 विकेट) के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। अश्विन ने जो रूट (11) को पगबाधा करके इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट पर 65 रन किया। मैदानी अंपायर के आउट न देने पर डीआरएस का फैसला भारत के पक्ष में गया। क्राउली ने इस बीच कुछ शॉट खेलकर इंग्लैंड की बढ़त को 150 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने अश्विन और जडेजा के खिलाफ रन बटोरे। उन्होंने जॉनी बेयरस्टो (30) के साथ 67 गेंद में 45 रन की साझेदारी की। पहली पारी में 12 ओवर फेंकने वाले कुलदीप ने तीसरे ओवर में क्राउली को बोल्ड कर इंग्लैंड को चौथा झटका दिया। कुलदीप ने इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स (4) को भी बोल्ड करके इंग्लैंड का स्कोर 5 विकेट पर 120 रन किया। जॉनी बेयरस्टो (30) ने जडेजा की गेंद पर शॉर्ट कवर पर रजत पाटीदार को आसान कैच थमाया। टॉम हार्टले (07) ने जडेजा के ओवर में छक्का जड़ा लेकिन कुलदीप की गेंद पर मिड ऑन पर सरफराज के हाथों लपके गए। इसी ओवर में कुलदीप ने ओली रॉबिन्सन (00) को भी पगबाधा किया। बेन फोक्स (17) और शोएब बशीर (नाबाद 1) ने 12 ओवर तक भारतीय गेंदबाजों को सफलता से दूर रखा लेकिन अश्विन ने फोक्स को अपनी ही गेंद पर लपककर 12 रन की इस साझेदारी को तोड़ दिया। अश्विन ने दो गेंद बाद जेम्स एंडरसन (0) को भी जुरेल के हाथों कैच कराके इंग्लैंड की पारी का अंत किया और 35वीं बार पारी में 5 या इससे अधिक विकेट चटकाने का कारनामा किया। इससे पहले जुरेल ने जुझारू अर्धशतक बनाया। जुरेल ने दबाव का सामना करते हुए 90 रन की पारी खेली। उन्होंने कुलदीप (28) के साथ आठवें विकेट के लिए 76 और आकाश दीप (9) के साथ नौवें विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी की। जुरेल ने 96 गेंद में अर्धशतक पूरा करने के बाद बशीर (119 रन पर 5 विकेट) और टॉम हार्टले (68 रन पर 3 विकेट) की इंग्लैंड की स्पिन जोड़ी के खिलाफ बड़े शॉट खेले। जुरेल ने हार्टले की गेंद पर एक रन के साथ अर्धशतक पूरा किया। उन्हें 59 रन के स्कोर पर ओली रॉबिन्सन ने जीवनदान दिया जिसके बाद उन्होंने बशीर को चौका और छक्का मारा। हार्टले ने हालांकि उन्हें बोल्ड करके शतक से वंचित किया। वह आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे। इससे पहले बशीर ने आकाश को पगबाधा करके अपने दूसरे टेस्ट में पहली बार 5 विकेट चटकाए।



### सबसे ज्यादा विकेट लेकर अश्विन ने रचा इतिहास



**रांची, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच जेएससीए क्रिकेट मैदान में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन आज आर. अश्विन ने सबसे अधिक विकेट लेने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अश्विन ने भारत में खेले अपने 59 टेस्ट मैच में 354 विकेट लेकर यह रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले भारत भूमि पर यह रिकॉर्ड अनिल कुंबले के नाम था जिन्होंने 63 टेस्ट मैच में 350 विकेट चटकाए थे। अश्विन ने आज 35वीं बार टेस्ट मैच की 1 पारी में 5 विकेट लेकर अनिल कुंबले के सबसे अधिक बार पांच विकेट लेने की बराबरी की। विश्व क्रिकेट में अब अश्विन से ज्यादा एक पारी में 5 विकेट लेने का रिकॉर्ड रिचर्ड हैडली, शेन वॉर्न और मुथैया मुरलीधर के नाम है। हैडली ने 36 बार, शेन वॉर्न ने 37 बार और मुथैया मुरलीधरन ने 67 बार 1 पारी में 5 विकेट लिए थे। अनिल कुम्बले ने अपने 132 टेस्ट मैच में 619 विकेट लिए थे जबकि अश्विन ने 99 टेस्ट मैच में 507 विकेट हासिल कर चुके हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवा क्रिकेट टेस्ट मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा और यह अश्विन का 100वां टेस्ट मैच होगा।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड (पहली पारी-353) दूसरी पारी 145/10 (53.5 ओवर) | | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जैक क्राउली बो कुलदीप | 60 | 91 | 7/0 |
| बेन डकेट का सरफराज बो अश्विन | 15 | 15 | 2/0 |
| ओली पोप पगबाधा बो अश्विन | 00 | 01 | 0/0 |
| जो रूट पगबाधा बो अश्विन | 11 | 34 | 0/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का पाटीदार बो जडेजा | 30 | 42 | 3/0 |
| बेन स्टोक्स बो कुलदीप | 04 | 13 | 0/0 |
| बेन फोक्स का एवं बो अश्विन | 17 | 76 | 0/0 |
| टॉम हार्टले का सरफराज बो कुलदीप | 07 | 25 | 0/1 |
| ओली रॉबिन्सन पगबाधा बो कुलदीप | 00 | 03 | 0/0 |
| शोएब बशीर नाबाद | 01 | 20 | 0/0 |
| जेम्स एंडरसन का जुरेल बो अश्विन | 00 | 03 | 0/0 |

अतिरिक्त: 00, विकेट पतन: 1-19, 2-19, 3-65, 4-110, 5-120, 6-120, 7-133, 8-133, 9-145,10-145, गेंदबाजी: अश्विन 15.5-0-51-5, जडेजा 20-5-56-1, सिराज 3-0-16-0, कुलदीप 15-2-22-4

| भारत (पहली पारी) 307/10 (10332 ओवर) | | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल बो बशीर | 73 | 117 | 8/1 |
| रोहित शर्मा का फोक्स बो एंडरसन | 02 | 09 | 0/0 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो बशीर | 38 | 65 | 6/0 |
| रजत पाटीदार पगबाधा बो बशीर | 17 | 42 | 4/0 |
| रविंद्र जडेजा का पोप बो बशीर | 12 | 12 | 0/2 |
| सरफराज खान का रूट बो हार्टले | 14 | 53 | 1/0 |
| ध्रुव जुरेल बो हार्टले | 90 | 149 | 6/4 |
| रविचंद्रन अश्विन पगबधा बो हार्टले | 01 | 13 | 0/0 |
| कुलदीप यादव बो एंडरसन | 28 | 131 | 2/0 |
| आकाश दीप पगबाधा बो बशी | 09 | 29 | 0/1 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 06 | 0/0 |

अतिरिक्त: 23, विकेट पतन: 1-4, 2-86, 3-112 4-130, 5-161, 6-171, 7-177, 8-253, 9-293,10-307, गेंदबाजी: एंडरसन 18-4-48-2, रॉबिन्सन 13-0-54-0, बशीर 44-8-119-5, हार्टले 27.2-6-68-3, रूट 1-0-1-0

| भारत (दूसरी पारी) 40/0 (8 ओवर) | | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल खेल रहे | 16 | 21 | 1/0 |
| रोहित शर्मा का खेल रहे | 24 | 27 | 4/0 |

अतिरिक्त: 0, विकेट पतन: 00, गेंदबाजी: बशीर 1-0-1-0, हार्टले 3-0-22-0, रूट 4-0-17-0

# रोज 140 ओवर बल्लेबाजी कर टेस्ट के लिए तैयार हुए जुरेल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में प्रभावित करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने रोजाना नेट सत्र में 4 घंटे स्पिन का सामना करने के अलावा सैकड़ों थ्रोडाउन और 14 अलग-अलग गेंदबाजों के खिलाफ खेलकर टेस्ट के लिए खुद को तैयार किया। राजकोट टेस्ट में पदार्पण करने वाले जुरेल ने रविवार को चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 रन की पारी खेली। आगरा के जुरेल ने 18 महीने कड़ी मेहनत करके खुद को तैयार किया और 'महेंद्र सिंह धोनी जैसी खेल की समझ' के लिए सुनील गावस्कर भी उनकी सराहना कर चुके हैं।

मुंबई के पूर्व बल्लेबाज और राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस निदेशक जुबिन भरूचा ने बात की जिसका जुरेल ने टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत से पहले तलेगांव में रॉयल्स की हाई परफॉर्मेंस अकादमी (एचपीसी) में ट्रेनिंग के दौरान पालन किया। यशस्वी को भी तैयार कर चुके भरूचा ने कहा कि हम प्रारूप (टी-20, एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय या टेस्ट) पर ध्यान दिए बिना 18 महीनों से तैयारी कर रहे हैं और ध्यान सिर्फ इस पर रहा कि कैसे और कहां रन बनाए जाएं। 1990 के दशक में मुंबई की टीम के लिए रवि शास्त्री, सचिन तेंदुलकर, संजय मांजरेकर और विनोद कांबली के साथ खेलने वाले भरूचा ने बताया कि (पदार्पण) टेस्ट मैच से ठीक पहले वह तलेगांव में राजस्थान रॉयल्स एचपीसी आए और एक दिन में 140 ओवर तक बल्लेबाजी की। स्पिन की अनुकूल सतहों पर 4 घंटे से अधिक समय लगा। यह अभ्यास सत्र जायसवाल के सत्र से मेल खाता था। टेस्ट में 1 दिन में 90 ओवर होते हैं, यानी 540 गेंदें और अतिरिक्त गेंद, लेकिन 140 ओवर में 1 दिन में 840 गेंदें होती हैं। भरूचा ने कहा कि सभी (गेंदबाज और थ्रोडाउन) साथ खड़े होते हैं और गेंद फेंकते हैं। यह फ्लिक के लिए एक थ्रो, फिर कट, पुल, स्ट्रेट ड्राइव के क्रम में होता है। हम कई सतह (स्पिन की अनुकूल, घास वाली, उछाल वाली, गीले सीमेंट वाली) पर कई प्रकार की गेंदों (रबर, टेनिस, क्रिकेट) और कई प्रकार के बल्लों (भारी/हल्के/पतले आदि) के साथ इसे करते हैं। इसके भीतर हमारे पास एक समूह है जो इसे हाथ से करता है और दूसरा समूह इसे वेंजर (थ्रोडाउन उपकरण रोबोआर्म) के साथ करता है।



# इरफान ने आकाशदीप की सराहना की, यशस्वी को बताया 'विशेष'

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने रांची में पदार्पण करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के पहले दिन 3 विकेट चटकाकर तुरंत प्रभाव डालने के लिए रविवार को आकाशदीप की सराहना की। इरफान ने कहा कि एक तेज गेंदबाज के लिए भारत में पदार्पण करना मुश्किल होता है लेकिन आकाशदीप ने गेंदबाजी की और 3 विकेट लिए, उसने उज्ज्वल भविष्य का संकेत दिया।

इरफान ने कहा कि एक बल्लेबाज के रूप में आप चाहते हैं कि आपका पदार्पण भारत में हो लेकिन एक तेज गेंदबाज के रूप में आप इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका या न्यूजीलैंड में पदार्पण करने का सपना देखते हैं। उन्होंने कहा कि मैच के पहले सत्र में उसने जिस तरह से गेंदबाजी की और 3 विकेट लिए वह सराहनीय है। हम उम्मीद करते हैं कि यहां से आकाश के करियर का ग्राफ ऊपर ही जाएगा। इरफान ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की भी प्रशंसा की जो किसी टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे अधिक रन बनाने वाले देश के पांचवें खिलाड़ी बन गए। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि यशस्वी जायसवाल बहुत ही खास क्रिकेटर है, उनका भविष्य बहुत उज्ज्वल है। मैराथन में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद इफरान ने कहा कि भारत में एक खेल राष्ट्र बनने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों में भाग लेना वास्तव में विशेष है। मेरा हमेशा से विश्वास रहा है कि भारत एक खेल राष्ट्र बन सकता है।

# बॉलीवुड हलचल

## 'सारिपोधा सनिवारम' का टीजर रिलीज




**मुंबई, एजेंसी।** नैचुरल स्टार नानी की एक्शन से भरपूर फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का टीजर रिलीज हो गया है। विवेक आत्रेया द्वारा निर्देशित और डीवीवी दानय्या द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित, फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का दूसरा मुख्य शेड्यूल हाल ही में पूरा किया गया था और अब निर्माताओं ने 'सारिपोधा सनिवारम' की आधिकारिक टीज़र कर दिया गया है।मल्टिलिंगग्वल रिलीज, यह फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, हिंदी और मलयालम में रिलीज होगी। 'सारिपोधा सानिवारम' के टीजर में नेचुरल स्टार नानी को 'सूर्या' के रूप में पेश किया गया है, जो एक एक्शन स्टार के रूप में नजर आ रहे हैं।

### सिद्धार्थ की 'योद्धा' का गाना जिंदगी तेरे नाम जारी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा का पहला गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। 'योद्धा' का पहला गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज हो गया है। जिंदगी तेरे नाम गाने में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। इस गाने को विशाल मिश्रा ने गाया और कंपोज भी किया है। लिरिक्स विशाल और कौशल किशोर ने लिखी है। 'ज़िंदगी तेरे नाम' गाना को लेकर सिद्धार्ध मल्होत्रा ने कहा कि यह गाना मेरे लिए बहुत खास है। यह प्यार और समर्पण की भावना को दर्शाता है। मुझे उम्मीद है कि यह गाना दर्शकों को पसंद आएगा और उनके दिलों को छू जाएगा।राशि खन्ना ने कहा कि ज़िंदगी तेरे नाम सिर्फ शब्द नहीं, एक एहसास है। प्यार में डूबे दिल की धड़कन से जुड़ा यह गाना "योद्धा" में प्यार की कहानी बयान करता है।

## करीना और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म 'क्रू' के टीजर में करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन एयर होस्टेस बनकर फुल ऑन ड्रामा करती नजर आ रही हैं।फिल्म के टीजर की शुरुआत 'कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि यहां का तापमान आपके लिए बहुत गर्म होने वाला है' जैसे डायलॉग से होती है। टीजर में दिखाया गया है कि तब्बू, कृति सैनन और करीना कपूर अपनी एयर होस्टेस की नौकरी से बेहद परेशान हो चुकी हैं और इससे पीछा छुड़ाने के लिए कुछ भी करने लग जाती हैं। 'क्रू' के टीजर को कृति सैनन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि यहां का तापमान आपके लिए बहुत गर्म होने वाला है। टीजर में कपिल शर्मा भी दिखाई दे रहे हैं।इस फिल्म को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### गोल्डी और निकिता का 'देवरा के रंग' जारी

**मुंबई।** गायिका गोल्डी यादव और अभिनेत्री निकिता भारद्वाज का होली सांग 'देवरा के रंग' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'देवरा के रंग' को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'देवरा के रंग' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को गीतकार आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि संगीतकार आर्या शर्मा ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता,डिजाइनर बादशाह खान हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।



## विज्ञापनों से शाहिद ने की थी शुरुआत



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर आज 43 वर्ष के हो गए। 25 फरवरी 1981 को दिल्ली में जन्में शाहिद कपूर को अभिनय की कला विरासत में मिली। शाहिद कपूर के पिता पंकज कपूर जाने-माने अभिनेता है। शाहिद ने कॅरियर की शुरुआत विज्ञापनों से की। बतौर अभिनेता शाहिद ने कॅरियर की शुरूआत 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्क विश्क से की। फिल्म को औसत सफलता मिली। इस फिल्म के लिए शाहिद फिल्म फेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के डेब्यू पुरस्कार से सम्मानित किए गए। इश्क विश्क के बाद शाहिद ने फिदा, दिल मांगे मोर, दीवाने हुए पागल, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, 36 चाइना टाउन, चुप चुप के जैसी फिल्मों में काम किया, लेकिन सभी फिल्में टिकट खिड़की पर ढेर हो गई। 2006 में शाहिद को सूरज बड़जात्या की फिल्म विवाह में काम का अवसर मिला। शाहिद ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म सुपरहिट साबित हुई। इसके साथ शाहिद फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गए। 2007 में प्रदर्शित फिल्म जब वी मेट शाहिद के करियर की उल्लेखनीय फिल्मों में शुमार की जाती है। इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शाहिद और करीना की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

### सेना में काम करना चाहते थे डैनी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता डैनी 76 वर्ष के हो गए। 25 फरवरी 1948 को जन्में डैनी बचपन के दिनों में सेना में काम करना चाहते थे। डैनी ने पश्चिम बंगाल से सर्वश्रेष्ठ कैडेट का पुरस्कार जीता और गणतंत्र दिवस के मौके पर परेड में भाग भी लिया। बाद में देश के प्रतिष्ठित आर्म फोर्सेज मेडिकल कॉलेज पुणे में उनका चयन भी हो गया लेकिन उन दिनों उनका मन चिकित्सक बनने की बजाय किसी अभिनेता बनने की ओर हो गया और उन्होने पुणे फिल्म इंस्टीच्यूट में अभिनय के प्रशिक्षण के लिये दाखिला ले लिया।अभिनय का प्रशिक्षण लेने के बाद डैनी ने अपने सिने कैरियर की शुरूआत नेपाली फिल्म सलिनो से की जो टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। इस बीच उन्होंने नेपाली फिल्मों के लिए पाश्र्वगायन भी किया। सत्तर के दशक में अभिनेता बनने का सपना लिए डैनी मुंबई आ गए। अपने वजूद को तलाशते वह लगभग तीन वर्ष तक संघर्ष करते रहे।इस बीच उन्होंने रॉखी और हथकड़ी, मिलाप, जरूरत, नया नशा, नई दुनिया नए लोग, चालाक और खून-खून जैसी कई बी ग्रेड फिल्मों में काम किया लेकिन ये सभी टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।


Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919


# रामराज्य के रूप में पारित होंगी सभी योजनाएं : विजय

## विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता बोले -बैठक में धर्मांतरण व लव जिहाद पर अंकुश लगाने पर हुआ मंथन

अयोध्या कार्यालय


कारसेवकपुरम में आयोजित बैठक में मंचासीन विहिप के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल की तीन दिवसीय बैठक रविवार को कारसेवकपुर में शुरू हुई। बैठक में धर्मांतरण व लव जिहाद पर अंकुश लगाने को लेकर मंथन किया गया। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश रामराज्य की दिशा में किस तरह आगे बढ़े, इसको लेकर भी चर्चा हुई।

विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विजय शंकर तिवारी ने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा के बाद देश में एक माहौल बना है। रामराज्य के रूप में सभी कार्य योजना पारित होगी। कहा कि चुनाव हमारा विषय नहीं लेकिन मतदान शत-प्रतिशत हो इसका आग्रह हम हिंदू समाज से हर बार करते हैं, इस बार भी करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रन्यासी मंडल की बैठक हर वर्ष होती है। जिसमें संगठन की योजना संगठन की रचना, काम का विस्तार योजना का विस्तार इन सब विषयों पर चर्चा होती है। सभी कार्यकर्ता योजना को लेकर अपने क्षेत्र में जाते हैं और क्षेत्र में सारी योजना लागू की जाती है। इस दृष्टि से आगे कार्य योजना बनती है और कार्य होता है।बैठक में विहिप के पालक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह भैया जी जोशी, विहिप संरक्षक दिनेश चंद्र, अध्यक्ष डॉ. आरएन सिंह, कार्याध्यक्ष आलोक कुमार, उपाध्यक्ष चंपत राय, धर्मनारायण शर्मा, जीवेश्वर मिश्र, संगठन महामंत्री विनायक राव देश पांडेय, महामंत्री मिलिंद परांडे, संयुक्त महामंत्री कोटेश्वर शर्मा, डॉ.सुरेंद्र जैन, अंबरीश सिंह, गजेंद्र सिंह समेत विश्व भर से आए करीब 400 पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**कारसेवकपुर में शुरू हुई विहिप की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल की तीन दिवसीय बैठक**


बैठक में मौजूद देशभर से आए विहिप पदाधिकारी, कार्यकर्ता व प्रन्यासी। अमृत विचार

### केंद्र व राज्य में राष्ट्रवादी सरकार विहिप के संघर्ष का परिणाम : महंत डॉ. रामानंद

अध्यक्षता कर रहे महंत डॉ.रामानंद दास ने कहा कि विहिप के संघर्ष का परिणाम है कि केंद्र व राज्य में राष्ट्रवादी सरकार है। राष्ट्रवाद का जो बीज अंकुरित होकर वृक्ष के रूप में प्रकट हुआ है, उसकी जड़ों को और मजबूत करने की आवश्यकता है। हमें राष्ट्रवाद की अलख जगाए रखनी होगी। ऐसा रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हम अखंड भारत को प्राप्त कर लेंगे।

### देशभर में लगाए जाएंगे 500 शिविर : मिलिंद

विहिप के महामंत्री मिलिंद परांडे ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद और उसके सहयोगी संगठनों बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी और मातृ-शक्ति के प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। शिविर में देश के हजारों हिंदू युवा भाग लेंगे और राष्ट्र के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध होंगे। देश भर में 500 से अधिक कैंप लगाए जाएंगे।

# महज दो दिन की परीक्षा में 116 में से 17 परीक्षा केंद्रों पर दाग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा इस बार भी तमाम विसंगतियों से घिर गई है। सुचितापूर्ण और नकल विहीन परीक्षा के दावों पर महज दो दिन की परीक्षा में ही 116 केंद्रों में से 17 ने दाग लगा दिया है। आनलाइन मानीटरिंग को आईना दिखा रहे अधिकतर परीक्षा केंद्र हाइटेक सिस्टम में भी हाथ की सफाई दिखा रहे हैं।

बता दे कि इस बार जिले में बोर्ड परीक्षा में 116 परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल के कुल 43131 और इंटरमीडिएट के 38945 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। कुल 82076 परीक्षार्थियों में से जहां पहले दिन 22 फरवरी की परीक्षा में 3098 ने परीक्षा छोड़ दी थी तो वहीं दूसरे दिन 23 फरवरी की परीक्षा में 733 परीक्षार्थी गैरहाजिर मिले। गजब यह रहा कि गठित तीन सचल दलों को दो दिन की परीक्षा में कोई नकलची तो नहीं मिले लेकिन 17 परीक्षा केंद्रों से बड़ी विसंगतियां और अनियमितता सामने आई है। इन परीक्षा केंद्रों पर आनलाइन मानीटरिंग के दौरान बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे खराब, दोषपूर्ण और बंद पाए गए। इतना ही नहीं 12 परीक्षा केंद्रों पर तो सीटिंग प्लान में भी गड़बड़ी पाई गई तो वहीं एक परीक्षा केंद्र द्वारा अपने कालेज की छात्राओं को एक अलग कमरे में परीक्षा दिलाई जाती मिली। शहर के ही मनोहर लाल इंटर कॉलेज के स्ट्रांग रूम के कैमरे को बंद पाया गया। इसके चलते केन्द्र व्यवस्थापकों को हटा दिया गया। अब सवाल यह उठ रहा है कि दागी पाए गए परीक्षा केंद्रों पर क्या सिस्टम को मात देकर नकल अंजाम दी गई। बीच-बीच में सीसीटीवी कैमरों का आफलाइन होना संदेह गहराता है। सूत्रों के अनुसार कुल 37 संवेदनशील और अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों में से तीस फीसदी केंद्रों पर यही खेल चल रहा है। बताया जाता है कि आनलाइन मानीटरिंग को डाज दे रहे परीक्षा केंद्रों द्वारा बेहद कम फ्रिक्वेंसी का डाटा डलाया गया है जिससे सीसीटीवी कैमरे से निगरानी बेमानी साबित हो रही है।

### माध्यमिक शिक्षा परिषद के राडार पर आया अयोध्या जिला

परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी मिलने के बाद जिला माध्यमिक शिक्षा परिषद के राडार पर आ गया है। खुद सचिव दिव्यकांत शुक्ल द्वारा जारी पत्र इसकी पुष्टि करता है। विभागीय लोगों का कहना है कि मंगलवार से शुरू होने वाली परीक्षाओं के दौरान यहां बोर्ड की टीम गोपनीय भ्रमण करने आ सकती है।

"बोर्ड परीक्षा को लेकर कड़ी निगरानी की जा रही है। जिन भी परीक्षा केंद्रों पर अनियमितता पाई गई देखा जा रहा है। ऐसे केंद्रों के विरुद्ध कार्रवाई भी हो रही है। – डॉ. राजेश कुमार आर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक"


ट्रस्ट की ओर से जारी की गई रामलला की तस्वीर।

### रामलला को लगा 56 व्यंजनों का भोग

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से आयोजित मुरारी बापू की कथा में शामिल हुए रामभक्तों ने श्रीराम जन्मभूमि में विराजमान रामलला को 56 व्यंजनों का भोग प्रसाद को अर्पित किया। शनिवार शाम विश्व हिंदू परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष आलोक कुमार, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी, महामंत्री चंपत राय, सदस्य कामेश्वर चौपाल, सदस्य विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य की उपस्थिति में राम कथा आयोजन के मुख्य यजमान ने विशेष भोग को अर्पित किया। ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मुरारी बापू के अनुयायियों की ओर से रविवार को रामलला को छप्पन भोग लगाया गया। उसके बाद इसका प्रसाद भी लोगों में वितरित किया गया।

# एक रात में पलट गया था राम जन्मभूमि का इतिहास

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के संयोजन में तीर्थ क्षेत्र पुरम बाग बिजेसी में आयोजित रामकथा में रविवार को दूसरे दिन कथावाचक मोरारी बापू ने कहा कि माता कैकई ने जब प्रभु राम के लिए वनवास मांगा तो माता कौशल्या ने कहा कि भरत को राजगद्दी तो राम को 14 वर्ष का वनवास क्यों? एक रात में बाजी पलट जाती है। ऐसी ही एक घटना अयोध्या में भी हुई थी जब प्रभु राम की जन्मभूमि पर रामलला का प्रकट हुआ था। और वहां का इतिहास बदल गया था। कहा कि अयोध्या का राममंदिर राष्ट्र का मंदिर है। उन्होंने कहा कि मैं अयोध्या में प्रभु श्रीराम को रामकथा सुनाने आया हूं।

मोरारी बापू ने कहा कि अयोध्या का मंदिर भव्य बन रहा है। नियम के अनुरूप बन रहा है। मंदिर निर्माण में सभी की आहुतियां लगी होंगी, लेकिन यह प्रयत्नशील लोग हैं, जिन्होंने कम समय में मंदिर निर्माण कर दिया। हनुमान चाहिए तो राम को पकड़ो। शुद्ध रहना है तो राम को पकड़ो। पतित, वंचित, तिरस्कृत सबको राम ने सम्मान दिलाया। कलियुग में केवल एक ही नाम है वह है राम का नाम। भाव में जपो या अभाव में जपो, चाहे जैसे जपो...राम बेड़ा पार कर ही देते हैं। कथा के दौरान मुरारी बापू ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को क्रोध नहीं करना चाहिए। कथा अवसर पर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि समेत अन्य मौजूद रहे।


रामकथा कहते कथावाचक मोरारी बापू।

### रामलला को समर्पित किया 13.5 किलो चांदी से बना दीपक

**अयोध्या कार्यालय।** राम मंदिर में विराजमान रामलला के गर्भगृह में अखंड ज्योति के लिए मुंबई के उद्योगपति नागेंद्र आचार्य और अरुणा आचार्य ने चांदी से बने दो विशाल दीपक श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित किया है। 13 .50 किलो वजनी दीपक की ऊंचाई 3 .30 फीट है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से 48 दिवसीय मंडपोत्सव के अनुष्ठान में रविवार को मुंबई से आए उद्योगपति नागेंद्र आचार्य पत्नी समेत शामिल हुए इस दौरान रामलला के समक्ष पूजन अर्चन करने के बाद राम लाल की समक्ष अखंड ज्योति जलाए जाने की इच्छा प्रकट करते हुए जो विशाल दीपक ट्रस्ट के सदस्य विश्व प्रसन्न तीर्थ के मौजूदगी अर्पित किया।


चांदी से बने दीपक के साथ मुबई के उद्योगपति दंपति।

# अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा भरतकुंड रेलवे स्टेशन

अयोध्या कार्यालय

- अमृत भारत योजना के तहत आज पीएम मोदी करेंगे वर्चुअली शिलान्यास
- 17.4 करोड़ की लागत से होगा पुनर्निर्माण, यात्री सुविधा केंद्र और पार्किंग के रहेंगे इंतजाम

**अमृत विचार :** रामनगरी के बाद अब महाराज भरत की तपोस्थली भरतकुंड रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होने जा रहा है। भरतकुंड स्टेशन को भी राम मंदिर मॉडल की तर्ज पर तैयार किया जाएगा। लगभग 15 बीघे में तैयार होने वाला स्टेशन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह सीसीटीवी भी लगाए जाएंगे। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअली शिलान्यास के बाद रेलवे स्टेशन पर युद्ध स्तर से कार्य शुरू हो जाएगा।

रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। अमूमन श्रद्धालुओं का आगमन रेलवे मार्ग से ही हो रहा है। अयोध्या आने वाला हर एक श्रद्धालु श्रीराम जन्मभूमि से तकरीबन 20 किमी दूर प्रयागराज मार्ग स्थित भरतकुंड भी पहुंचता है। भरतकुंड के महत्व को देखते हुए केंद्र सरकार अमृत भारत योजना के तहत भरतकुंड रेलवे स्टेशन को निखारने जा रही है। तकरीबन 17.4 करोड़ की लागत से रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण कराया जाएगा। स्टेशन का नया भवन राम मंदिर के तर्ज पर बनाया जाएगा। स्टेशन भवन के विकास के साथ नए स्टेशन भवन का निर्माणं व पोर्टिको का प्रावधान किया गया है। सरकुलेटिंग एरिया का भी निर्माण होगा। सोमवार को शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह होंगे। बीकापुर के विधायक डॉक्टर अमित सिंह चौहान की मौजूदगी के साथ रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।



भरतकुंड रेलवे स्टेशन।

### यात्रियों के लिए बनेगा फूड प्लाजा, मिलेंगी कई सुविधाएं

स्टेशन भवन में यात्रियों के लिए फूड प्लाजा, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, आधुनिक प्रतीक्षालय, कैफेटेरिया व रिटेल सुविधाएं, आरामदायक, टिकाऊ व आधुनिक फर्नीचर, एक स्टेशन एक उत्पाद के कम से कम दो स्टॉल, एग्जीक्यूटिव लाउंज व टॉयलेट ब्लाक का निर्माण होगा। सरकुलेटिंग एरिया में यात्रियों के आगमन व प्रस्थान के लिए चौड़ी सड़कों का प्रावधान, सुनियोजित पार्किंग क्षेत्र, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, स्थानीय शिल्पकला व संस्कृति के समावेशन से सौंदर्यीकरण व हरित पट्टी का विकास, यात्रियों की सुगमता एवं मार्ग दर्शन हेतु अच्छी दृश्यता एवं सौंदर्ययुक्त साइनेज व सेरेमोनियल फ्लैग का प्रावधान, जल निकासी की समुचित व्यवस्था होगी। दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। उच्चस्तरीय प्लेटफार्म और यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त शेड व आधुनिक सुविधाओं से युक्त यात्री प्रसाधन भी रहेगा। एलईडी आधारित स्टेशन नेम बोर्ड, आधुनिक कोच गाइडेंस व ट्रेन इंडीकेशन बोर्ड सुरक्षा एवं संरक्षा के लिए लगाए जाएंगे। स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरा, फ्री वाई-फाई की सुविधा, स्वचालित यात्री उद्घोषणा का प्रावधान रहेगा।

### स्टेशन पर रुकती है अभी एक ट्रेन

भरतकुण्ड रेलवे स्टेशन के अधीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि करीब 15 बीघे में निर्माण कार्य होगा। एक प्लेटफॉर्म है और उसी का निर्माण होगा। अभी सिर्फ प्रयाग-अयोध्या-प्रयाग ट्रेन ही यहां रुकती है।

### ढेढ़ी बाजार रेलवे ब्रिज का लोकार्पण आज

**अयोध्या।** अयोध्या धाम में टेढ़ी बाजार रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी 111-बी) का सोमवार को लोकार्पण किया जाएगा। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर साढ़े 12 बजे के वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। इस दौरान स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधि व रेलवे के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

"भरतकुंड स्टेशन पर आधुनिक सुविधाएं बढ़ने से भरत जी की तपोस्थली पर पर्यटकों व श्रद्धालुओं के आवागमन में सुविधा होगी। पर्यटन बढ़ने के साथ ही रोजगार में भी इजाफा होगा। – लल्लू सिंह, सांसद"

## सार-संक्षेप

### विधायक व चेयरमैन ने चलाया स्वच्छता अभियान

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** सिद्धपीठ मां कामख्या धाम मंदिर के निकट स्थित गोमती के घाट पर विधायक रामचंद्र यादव और नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल ने स्वच्छता अभियान चलाया। यह अभियान संत निरंकारी संस्था के तत्वाधान में चला। विधायक ने कहा कि मां कामाख्या धाम में रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, ऐसे में यहां साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने चेयरमैन से कहा कि विशेष सफाई नायकों की यहां सफाई के ड्यूटी लगवाएं। इस मौके पर संस्था के मुखी रामचंद्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### एक मार्च से होगी सांसद महिला प्राइज मनी खेल प्रतियोगिता

**अयोध्या,अमृत विचार :** शहर के मकबरा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में एक से तीन मार्च के बीच सांसद महिला प्राइज मनी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के तहत कबड्डी, खोखो, 100,200,400,800 मी दौड़, 100 गुने 4 रिले, लांग जंप आदि का आयोजन होगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। सांसद लल्लू सिंह ने रविवार को बताया कि मोदी सरकार में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजनों से खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आया है। आज खिलाडी.राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रर्दशन कर रहे हैं। सम्मान और पुरस्कार मिलने से बेहतर करने के भाव और आत्म विश्वास बढ़ता है। आयोजक मंडल के सदस्य अनुप दुबे ने बताया कि जनपद स्तरीय इस प्रतियोगता के विनर को 15 हजार व रनर को 11 हजार रुपए दिए जाएंगे तथा जिले के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

### 19 आयुर्वेदिक चिकित्सकों को दिलाई शपथ

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 19 आयुर्वेदिक चिकित्सकों को मंडल मुख्यालय के कमिश्नर मीटिंग हॉल में मंडलायुक्त गौरव दयाल व अपर आयुक्त प्रशासन अजय कांत सैनी द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया। उत्तर प्रदेश में आयुष विभाग द्वारा रिक्त पदों के सापेक्ष 391 चिकित्सकों को लोक सेवा आयोग की चयन प्रक्रिया के पश्चात आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के पद पर चयनित किया गया है। अयोध्या मंडल में अयोध्या से आठ चिकित्साधिकारी, अंबेडकरनगर, अमेठी से दो-दो, सुल्तानपुर से छह व बाराबंकी से एक चिकित्साधिकारी का चयन हुआ है। मंडलायुक्त ने सभी चिकित्साधिकारियों को शपथ भी दिलाई। अयोध्या जिले के क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. महेंद्र सिंह विष्णु ने सह नोडल अधिकारी के रुप में कार्यक्रम की व्यवस्था देखी।

### दो डेंटल सर्जनों को मिला नियुक्ति पत्र


डॉ. सबा आफरीन को नियुक्ति पत्र देते विधायक व अन्य।

**अयोध्या, अमृत विचार :** सीएमओ ऑफिस के सभागार में रविवार को दो डेंटल सर्जन डॉ. सबा आफरीन व डॉ. विमलेश कुमार को सदर विधायक ने नियुक्ति पत्र सौंपा। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने चिकित्सकों से दायित्वों का निर्वहन करने की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों के काल चक्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लाखों शिक्षित युवक व युवतियों को निष्पक्ष व पूर्ण पारदर्शिता के साथ बिना किसी प्रकार के भेद-भाव व जाति-पात के रोजगार एवं नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। एडी हेल्थ डॉ. पवन कुमार अरुण, सीएमओ डॉ. संजय जैन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### इमरजेंसी में पहले ही दिन ईसीजी मशीन ने बचा ली जान


जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे मरीज की ईसीजी करते चिकित्सक।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिला अस्पताल की इमरजेंसी में ईसीजी मशीन लगने के आठ घंटे बाद ही पहला गंभीर रोगी पहुंचा। रात में 12 :30 बजे पहुंचे मरीज की ईसीजी से जांच करने के बाद ईएमओ डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने उन्हें तीस मिनट तक इमरजेंसी में ही भर्ती किए रखा। आराम मिलने के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि ईसीजी मशीन के लगने से अब मरीजों को काफी सहुलियत मिलेगी। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात उसरू के कृष्ण कुमार श्रीवास्तव (68) को जिला अस्पताल लाया गया। मरीज को हार्ट की परेशानी के साथ ही शुगर और हाई ब्लडप्रेशर की भी शिकायत थी। मौके पर ईसीजी मशीन होने के कारण जांच की गई। अन्यथा उन्हें तत्काल रेफर करना पड़ जाता। उन्होंने बताया कि उनकी हालत में सुधार आने के बाद कृष्ण कुमार डिस्चार्ज कर दिया गया।

**फिजिशियन्स कांफ्रेंस** दवाओं के ओवरडोज से नुकसान पर व्याख्यान दे डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बढ़ाया गौरव

# दिल्ली में अयोध्या मेडिकल कॉलेज का बोलबाला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नई दिल्ली में आयोजित 79वीं फिजिशियंस कॉन्फ्रेंस में राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज का बोलबाला दिखा। फिजिशियन डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बतौर स्पीकर अनावश्यक दवाओं के ओवरडोज से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। साथ ही दवाओं के अधिक इस्तेमाल से गुर्दे पर पड़ने वाले असर पर भी प्रकाश डाला। डॉ. वीरेंद्र वर्मा मंडल से दूसरे वक्ता के रूप में दिल्ली में आयोजित कॉन्फ्रेंस में शामिल होने पहुंचे थे।

22 फरवरी से शुरू हुई तीन दिवसीय 79वीं एनुअल कॉन्फ्रेंस ऑफ एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया में देशभर के आठ से 10 हजार फिजिशियंस का जमावड़ा लगा था। फिजिशियन डॉ.वीरेंद्र वर्मा ने ड्रग इंड्यूस्ड रेनल इंजरी-न्यू इनसाइट एंड क्लीनिकल इंप्लीकेशन विषय पर बोलते हुए बताया कि आम तौर पर छोटे-मोटे दर्द और इंफेक्शन में लोग अपने मन से पेन किलर और एन्टीबायोटिक दवाओं का सेवन करने लगते हैं। इन दवाओं के ओवरडोज से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। साथ ही गुर्दे के लिए भी बेहद हानिकारक होती हैं। उन्होंने कॉन्फ्रेंस में बताया कि आइबुप्रोफेन, एंटीबायोटिक पेन्सिलीन, एंटीवायरल एसाइक्लोबिट, टेट्रासाइक्लिन, लेड, मीथोटेक्सिएट आदि का सेवन फिजिशियन के परामर्श के बाद ही करना चाहिए। डॉ. वीरेंद्र वर्मा के सुझाव पर उनकी प्रोग्रेस मेडिसिन का मेडिसिन अपडेट 2024 में प्रकाशन भी होगा। कॉन्फ्रेंस में सर्टिफिकेट मिलने के बाद प्रिंसिपल डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने उन्हें बधाई भी दी है।



कॉन्फ्रेंस में बतौर वक्ता शामिल हुए डॉ. वीरेंद्र।

- देशभर के आठ से 10 हजार फिजिशियंस का लगा था जमावड़ा

### 15-15 मिनट का था टाइम स्लॉट

फिजिशियन डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि नई दिल्ली के भारत मंडपम में कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ था। 22 को कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे चिकित्सक वक्ताओं को बोलने के लिए 15-15 मिनट का स्लॉट दिया गया था। दोपहर में 3 बजकर 15 मिनट पर उनका स्लॉट आया। डायस पर पहुंचकर उन्होंने 15 मिनट में अपनी बातें रखीं। सभी ने डॉ वीरेंद्र वर्मा के सुझावों को गंभीरता से लेते हुए जनहित का मुद्दा बताया।

# धोखाधड़ी से करा लिया बैनामा

## एसएसपी के निर्देश पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**अयोध्या। अमृत विचार :** अयोध्या कोतवाली क्षेत्र स्थित एक जमीन का बिना विक्रय मूल्य की अदाएगी किए बैनामा करा लिए जाने का मामला सामने आया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शिकायत में पीड़ित हरिहर प्रसाद निवासी ग्राम कुढ़ा केशपुर उपरहार परगना हवेली अवध तहसील सदर थाना कोतवाली अयोध्या का कहना है कि कुढा केशवपुर उपरहार स्थित 0:6580 हेक्टेयर जमीन में उसका आधा हिस्सा हैं। उसने अपने हिस्से की जमीन के आधे भाग 0.1645 हेक्टेयर का सौदा 23 लाख 17 हजार रुपये में राम कुबेर निवासी भटपुरवा गौसिंह जिला गोण्डा से तय किया था। गवाह सरविन्द सिंह निवासी बीरपुर बिसेन, मझगावं मीरागंज जिला गोण्डा की मौजूदगी में 17 जून 23 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय सदर में 23 लाख रूपये का चेक और 17 हजार रुपये नकद दिखा बैनामा निष्पादित करा लिया और चेक व नकदी नहीं दिया। मामले की अगले दिन पुलिस में शिकायत की, लेकिन कोई कारवाई नहीं हुई। अब एसएसपी के निर्देश पर एफआईआर दर्ज हुई है।

## एक नजर

### एएसपी ने किया रौनाही थाने का निरीक्षण

सोहावल, अयोध्या। नवागत सहायक पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने रविवार को रौनाही थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने थाने की साफ सफाई से लेकर अपराध रजिस्टर, शस्त्र के रखरखाव, कंप्यूटर कक्ष, मेस, महिला हेल्प डेस्क आदि की व्यवस्था देखही। एएसपी ने बताया की निरीक्षण के दौरान सब कुछ सही पाया गया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह के साथ उनके सभी सहयोगी मौजूद रहे।

### एक दिवसीय राष्ट्रीय दंगल कल

बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार : सोहावल विकासखंड क्षेत्र के एआईटी इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर एक दिवसीय राष्ट्रीय दंगल का आयोजन मंगलवार को किया गया है। पहलवान आदिल खान द्वारा आयोजित दंगल में देश के नामी पहलवान जुटेंगे। उन्होंने बताया कि दंगल की तैयारी पूरी कर ली गई है। दंगल में दिल्ली, जम्मू कश्मीर, हरियाणा, आयोध्या, बनारस, बलिया, मुरादाबाद और गोरखपुर सहित अन्य प्रदेशों के महिला व पुरुष पहलवान शिरकत करेंगे।

### वाहन स्टैंड से बाइक चोरी

मिल्कीपुर, अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित वाहन स्टैंड से एक बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने कुमारगंज थाने में तहरीर दी है। विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग में मौसम पर्यवेक्षक पद पर कार्यरत शंख माधव त्रिपाठी अपनी बाइक वाहन स्टैंड पर खड़ी कर कार्यालय में गए थे। 10 मिनट बाद वापस लौटे तो उनकी बाइक गायब थी। उन्होंने मामले की जानकारी विश्वविद्यालय के सुरक्षा प्रभारी को दी और कुमारगंज पुलिस को भी सूचना दी। एनडीए चौकी प्रभारी अरविंद पटेल ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है। विश्वविद्यालय के सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सीसी फुटेज खंगाला जा रहा है।

# यहां सुबह-शाम पानी आता है तो होता है जलभराव

## आईटीआई के सामने आवास विकास कॉलोनी का हाल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** निर्माण और विकास ने आवास विकास परिषद के अवधपुरी कॉलोनी फेस तीन निवासियों के सामने बड़ी दिक्कत खड़ी कर दी है। सुबह-शाम इस इलाके में पानी आता है तो जलभराव की समस्या खड़ी हो जाती है। कुछ हिस्से में तो जलभराव नियमित समस्या बन गई है। जिसके चलते लोगों की दिनचर्या और आवागमन तो प्रभावित हो ही रहा है, संचारी रोग की आशंका बढ़ गई है। निवासी मच्छरों के प्रकोप से परेशान हैं और शिकायत के बावजूद अभी तक समस्या का पूर्ण निदान नहीं हुआ। अलबत्ता मोटर चलाने पर मुख्य मार्ग का पानी तो सीवर लाइन में चला जाता है लेकिन नालियों का जलभराव दूर नहीं हो रहा।

अवधपुरी कालोनी के मकान नंबर 1495 के पास जल जीवन मिशन की ओर से पेयजल सप्लाई के लिए ट्यूबवेल की स्थापना का कार्य किया जा रहा है। बोरिंग का काम पूरा हो गया है और भवन का निर्माण होना है। पार्क में निर्माण सामग्री रखी होने के चलते बच्चों को खेलकूद के लिए उपलब्ध नहीं हो पा रहा। बोरिंग के दौरान निकली मिटटी से संबंधित क्षेत्र की नालियां कीचड़युक्त हो गई हैं। जलभराव के चलते नालियां उफना रही हैं और कीचड़ सड़क की पटरियों पर आ गया है।




आईटीआई के सामने अवधपुरी कॉलोनी में जलभराव। अमृत विचार



आईटीआई के सामने अवधपुरी कॉलोनी में भाजपा नेता के घर के बगल भरा पानी।

" आवास विकास परिषद की ओर से नियोजित विकास के तहत बनवाई गई यह कालोनी जलभराव के चलते कालोनीवासियों के लिए दिक्कत का सबब बन गई है। कई घरों के सामने गंदा पानी और कीचड़ जमा है। लोगों को खिड़की दरवाजा बंद रखना पड़ता है। दिन में जब मोटर से पानी खींचकर रामपथ के सीवर में डाला जाता तो मुख्य सड़क से जलभराव से निजात मिलती है, लेकिन सुबह-शाम जलभराव बरकरार रहता है। – **अनिल कुमार सिंह, कालोनी निवासी**

" घर के बगल 10-15 दिन से जलभराव है और इलाका तालाब की तरह बन गया है। नगर निगम से कलोनी वासियों ने शिकायत भी की, लेकिन समस्या से अभी निजात नहीं मिल पाई। – **मधु पाठक, कालोनी निवासी व भाजपा से जुडी महिला नेता**

" आईटीआई के सामने बड़ी बुआ रेलवे क्रॉसिंग और आईटीआई के पश्चिमी गेट के सामने स्थित कॉलोनी की सड़क की दोनों पटरियों पर जलभराव है। जिससे लोगों को आना-जाना दूभर हो गया है। कॉलोनीवासियों ने जिला अधिकारी, महापौर आदि से संपर्क किया, लेकिन समस्या का निदान न हो सका और परेशानी यथावत है। – **राजेंद्र पांडेय, कॉलोनी निवासी व रोडवेज कर्मी** "

## 1501 नेत्र रोगियों का हुआ मोतियाबिंद का ऑपरेशन

**अयोध्या कार्यालय।** दीन बंधु नेत्र चिकित्सालय में ज्योति महायज्ञ के रूप में एक माह तक आयोजित हुए नेत्र चिकित्सा शिविर का रविवार को समापन हो गया। शिविर में 1501 नेत्र रोगियों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। गोयल ब्रदर्स कोलकाता के सहयोग से 27 जनवरी से 24 फरवरी तक आयोजित इस शिविर में 5507 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया। जिसमें 1501 का मोतियाबिंद का ऑपरेशन व 4006 नेत्र रोगियों को चश्मा प्रदान किया गया। मोतियाबिंद मुक्त अयोध्या का संकल्प लेते हुए इंडियन ऑयल की ओर से प्रदत्त सचल नेत्र परीक्षण वाहन के यहां पहुंचने पर संत बलराम दास एवं महंत कमल नयन शास्त्री ने पूजन कर लोकार्पण किया। अध्यक्षता मणि राम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने की।

# सीतापुर आंख अस्पताल का होगा कायाकल्प

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में राम मंदिर के निकट 200 बेड का मल्टी स्पेशियलिस्ट अस्पताल बनाने की कवायद जोर-शोर से चल रही है। अस्पताल के लिए अभी जगह की तलाश ही हो रही थी कि इस बीच जिलाधिकारी नितीश कुमार का एक बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने बताया कि साहबगंज स्थित सीतापुर आई हॉस्पिटल की पैमाइश कराई जा रही है। अस्पताल का कायाकल्प कराया जाएगा।

प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही एक वीसी के जरिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के अधिकारियों को राम मंदिर के निकट 200 बेड का मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल बनाने का निर्देश दिया था। इस दौरान उन्होंने श्रीराम चिकित्सालय के पीछे के भवन में बड़ा अस्पताल बनाने की बात कही थी, लेकिन अधिकारियों ने उसी दौरान उन्हें बता दिया था कि वहां अस्पताल के लिए जगह पर्याप्त नहीं है। इसके बाद सीएम ने जगह की तलाश करने के लिए जिला प्रशासन से कहा था। इस बीच रविवार को जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन राम जन्मभूमि के आसपास जमीन चिह्नित कर रहा है। सीतापुर नेत्र चिकित्सालय काफी दिनों से बंद पड़ा है। हॉस्पिटल की पैमाइश कराई जा रही है।



सीतापुर आई हॉस्पिटल का परिसर। अमृत विचार

▸▸ वर्षों से बंद पड़ा है, पैमाइश का काम हुआ शुरू

## स्वयंसेवी संस्थाओं की महिलाओं का सम्मेलन

**अयोध्या।** शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत रविवार को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में स्वयंसेवी संस्थाओं की महिलाओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं के हितार्थ सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में चर्चा की गई। मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि लोक कल्याण तथा सभी के समुचित विकास को केन्द्र में रख कर सरकार की ओर से योजनाओं का निर्माण व क्रियान्वयन किया गया है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि शक्ति वंदन कार्यक्रम समाजिक कार्यों से जुड़ कर महिलाओं के हित में कार्य कर रहीं महिलाओं तक पहुंचने का अभियान है। आगामी लोक सभा चुनाव में विगत चुनाव से 10 प्रतिशत अधिक महिला मत प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान एनजीओ की नेहा तिवारी, भारती सिंह, अशोका द्विवेदी, रजनीश मिश्र सहित अन्य मौजूद रहीं।

# महानगर के 400 बूथों पर सुनी गई मन की बात

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात महानगर के 400 बूथों पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं के द्वारा सुनी गई। सांसद लल्लू सिंह ने साहबगंज सेक्टर बछड़ा के एक लॉन में प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में सांसद ने सरकारी योजनाओं के 40 लाभार्थियों को सम्मानित किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी मानवेंद्र सिंह व अरविंद सिंह ने टेंट सिटी में, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने दीनदयाल नगर वार्ड, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने जानकी घाट, महानगर महामंत्री शैलेन्द्र कोरी व ओमप्रकाश सिंह ने लोक सभा चुनाव कार्यालय, नगर निगम के उपसभापति जय नारायण सिंह रिंकू ने सिविल लाइन से प्रधानमंत्री की मन की बात का लाइव प्रसारण सुना।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा अन्त्योदय के उद्देश्य को साकार करने और समाज के अंतिम छोर पर बैठ व्यक्ति को सरकार की योजनाओं व पहल का लाभ मिला है यह सब पीएम मोदी की दूरदर्शी नीतियों के कारण सम्भव हुआ है। इस अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष तिलक राम मौर्या, पार्षद चन्दन सिंह, सती प्रताप सिंह, राजू सिंह, तुषार श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



मन की बात सुनते सांसद लल्लू सिंह व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

▸▸ सांसद ने सरकारी योजनाओं के 40 लाभार्थियों को किया सम्मानित



विवेक कुमार दक्ष ने बेटियों को भेंट किया सुकन्या खाते का उपहार। अमृत विचार

# बेटियों का भविष्य संवारने में सुकन्या योजना का अहम योगदान

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्रवर डाक अधीक्षक अयोध्या एचके यादव की अध्यक्षता में अकबरपुर ब्लॉक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आयोजित सुकन्या समृद्धि योजना शिविर में मुख्य अतिथि लखनऊ परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष ने उत्कृष्ट डाक कर्मियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि बेटियों का भविष्य संवारने में सुकन्या योजना का अहम योगदान है। विशिष्ट अतिथि नपा चेयरमैन चंद्र प्रकाश वर्मा ने 22 खाते खुलवाए। पीएमजे दक्ष ने डाककर्मियों को अधिक से अधिक सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाने के लिए जागरूक किया। इस दौरान सेन्ट जेवियर्स स्कूल के प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह, सभासद राजकुमार वर्मा, डाक निरीक्षक हरिमोहन सिंह, अभिषेक तिवारी, गौरव सोनी, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, पोस्टमास्टर नूतन सिंह आदि मौजूद रहे।

## शास्त्रीय संगीत से किया सभी को मंत्रमुग्ध

**अयोध्या कार्यालय।** गुरुकुल महाविद्यालय साहित्य-संस्कृति मंच पर रविवार को कबीरी निर्गुण गायन कार्यक्रम में प्रयागराज से आए लोकेश शुक्ल ने कबीर के भजनों और निर्गुण पदों को शास्त्रीय सांगीतिक परंपरा में प्रस्तुत करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रभु जी तुम चंदन हम पानी, मन लागो मेरो यार फकीरी में आदि पदों को अपनी गायिकी से प्रस्तुत करके भक्तिमय वातावरण बना दिया। विमल बावरा और उनके साथियों ने चदरिया झीनी रे झीनी गाकर सभी को खूब आनंदित किया। संत कबीर अकादमी के आमंत्रण पर पधारे विशिष्ट अतिथि डॉ. अंबिकेश त्रिपाठी व मंच के नोडल आशुतोष द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुरूआत की।

# लक्षचंडी महायज्ञ में शामिल हुए आचार्य धीरेंद्र शास्त्री



महामंडलेश्वर स्वामी प्रखर जी महाराज से भेंट करते बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** महामण्डलेश्वर स्वामी प्रखर जी महाराज के सानिध्य में सरयू तट पर आयोजित हो रहे लक्षचंडी महायज्ञ में रविवार को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शामिल हुए। उन्होंने कहा कि स्वामी प्रखर महाराज जैसे संतों के कारण ही हमारी वैदिक परंपरा, धर्म-शास्त्र सुरक्षित हैं। मेरा सौभाग्य कि विराट महायज्ञ का साक्षात दर्शन कर पा रहा हूं। संत सम्मेलन में डॉ. स्वामी राघवाचार्य ने कहा कि यज्ञों की महिमा का कोई अंत नहीं है। यज्ञ भारतीय संस्कृति के अनुसार ऋषि-मुनियों की ओर से जगत को दी गई ऐसी अनुपम देन है, जिसे सर्वाधिक फलदायी माना जा सकता है। इस अवसर पर राजेश अग्रवाल, दर्शन गुप्ता, कमल किशोर चौधरी, प्रवीन नेमानी, मनीष गर्ग, नरेन्द्र शर्मा, सुषमा, विजय कानोडिया, डूंगर सिंह राठौर, रघुनाथ, राम मोहन बेड़िया आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### अटल आवासीय परीक्षा सकुशल संपन्न

**अयोध्या, अमृत विचार :** अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। कक्षा छह व नौ में प्रवेश के लिए परीक्षा पूर्वाह्न 11 से एक बजे तक परीक्षा चली। मंडल के सभी जनपद अयोध्या, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर व अंबेडकरनगर के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में परीक्षा आयोजित हुई। कक्षा छह में कुल 559 में से 496 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। कक्षा नौ में कुल 393 में से 355 परीक्षार्थियों की उपस्थिति रही। उत्तर प्रदेश भवन व सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की प्रतिभा तिवारी ने बताया कि समस्त परीक्षार्थियों को परीक्षा के उपरांत जलपान की व्यवस्था की गई थी।

### जल पुलिस ने तमिलनाडु की महिला श्रद्धालु को सौंपा बैग

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामलला के दर्शन पूजन के लिए आई एक महिला श्रद्धालु का नयाघाट सरयू क्षेत्र में बैग गायब हो गया। मामले की जानकारी जब जल पुलिस के जवानों को मिली तो तलाश शुरू हुई। ढ़ाई घंटे की मशक्कत के बाद महिला श्रद्धालु का बैग एक नाव पर मिल गया। दरअसल नौका बिहार के दौरान महिला का बैग नाव पर ही छूट गया था। जल पुलिस के प्रभारी रुबे प्रताप मौर्य ने रविवार को बताया कि तमिलनाडु प्रांत की महिला श्रद्धालु प्रीमल रत्नावेल ने शिकायत की कि उसका हैंडबैग कहीं गायब हो गया है। बैग में 10524 रुपये, मोबाइल और आधार कार्ड, वोटर कार्ड आदि रखा था। इसके बाद महिला से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली गई और जवानों व नाविकों को तलाश में जुटाया गया। ढाई तीन घंटे की मशक्कत के बाद आरक्षी नित्यानंद यादव व नाविक मुकेश माझी ने नाव से बैग को खोज लिया, इसके बाद बैग को महिला श्रद्धालु के हवाले किया गया है।

### सरकार से समाज का हर वर्ग परेशान : अवधेश



कार्यकर्ता सम्मेलन में राष्ट्रीय महासचिव व अन्य पदाधिकारियों का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** भाजपा सरकार से समाज का हर वर्ग परेशान इसलिए इस सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। यह बातें रविवार को कोड़री चौराहे पर आयोजित अयोध्या विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन में सपा प्रत्याशी व राष्ट्रीय महासचिव अवधेश प्रसाद ने कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती है दूसरी तरफ उन पर जुल्म भी कर रही है। पूर्व राज्यमंत्री पवन पांडेय ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। प्रदेश सचिव जयशंकर पांडेय ने भाजपा सरकार को जुल्मी सरकार बताया। जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि भाजपा के नेता जाति और धर्म की राजनीति कर सत्ता पर कब्जा जमाना चाहते हैं, इसे जनता को समझना होगा। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रक्षाराम यादव व संचालन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अशोक वर्मा ने किया। इस अवसर पर छेदी सिंह, पूर्व जिपं सदस्य शंभूनाथ सिंह दीपू, बाबूराम गौड़, छोटे लाल यादव, विधानसभा उपाध्यक्ष राजेश कोरी, जगदीश यादव, आशीष वर्मा, स्वामी नाथ वर्मा, पार्षद ओरौनी प्रसाद पासवान, लल्लन पासवान सहित कई लोग मौजूद रहे।

### गांव की परिक्रमा कर लोगों से किया संवाद

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** भाजपा किसान मोर्चा ग्राम परिक्रमा का आयोजन महानगर के भीखापुर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कृषि यंत्र पूजन के साथ हुई। मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण सिंह गप्पू ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ गांव की परिक्रमा कर लोगों से संवाद किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि सरकार ने किसानों को हित में कई योजनाएं सृजित व उसका सही क्रियान्वन किया है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि संपर्क व संवाद चुनाव में जीत का मूल मंत्र है। विशाल सिंह बाबा ने कहा मोदी सरकार के कार्यकाल में किसान समृद्ध हुए हैं। महानगर महामंत्री प्रवीण दूबे, दीपक पांडे सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



परिक्रमा कर लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया।

### स्वच्छता सभा में शामिल हुए सफाईकर्मी

**अयोध्या, अमृत विचार :** टॉवर विजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर पहल के अंतर्गत लक्ष्य संस्था द्वारा अयोध्या धाम स्थित पंचवटी आश्रम में एक स्वच्छता सभा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सफाईकर्मी व उनके परिवारजीजन शामिल हुए। संस्थान के राष्ट्रीय समन्वयक प्रेम प्रकाश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कार्टून कैरेक्टर मोटू ने भी लोगों को मनोरंजित किया। श्याम सुंदर द्विवेदी, विष्णु शुक्ला, विशाल सिंह, मिथुन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# संत शिरोमणि रविदास के विचार आज भी है प्रासंगिक : सुरेश



जयंती समारोह को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** केसरी नंदन विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कल्लू का पूरवा तिहूरा मांझा में रविवार को संत शिरोमणि रविदासदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष और विद्यालय के प्रबंधक सुरेश यादव रहे। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास के विचारों को आत्मसात करना चाहिए। उनके बताए हुए मार्गों पर चलना चाहिए। संत शिरोमणि रविदास जी एक उच्च कोटि के संत थे। उनका कहना था कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। उन्होंने कहा था कि हम सभी को अपना लक्ष्य प्राप्ति के लिए मन वचन से साफ रहना चाहिए। प्रधानाचार्य राम ललित मौर्य ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। छात्राओं ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। राष्ट्रीय महामंत्री जंग बहादुर उपाध्याय, जिला अध्यक्ष रविंद्र यादव, प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आलोक चंद श्रीवास्तव, मुन्ना लाल, रंजीत चौधरी, विकास पांडेय, शिवनारायण यादव, विनोद, परवेज आलम, श्याम राज निषाद, पुनीता यादव व किरण यादव मौजूद रहे।

# लाखों रुपए का सरकारी पेड़ काटकर ले गया लकड़हारा

मसौधा, अयोध्या

▸▸ एसडीएम सोहावल की जांच में हुआ खुलासा, एफआईआर के आदेश

▸▸ सोहावल तहसील क्षेत्र के कैल गांव का मामला

**अमृत विचार :** लगभग दो दशक पूर्व सोहावल तहसील क्षेत्र के कैल गांव स्थित तमसा नदी के किनारे वन विभाग द्वारा रोपित शीशम के पेड़ों को रातों-रात काटकर लकड़हारा उठा ले गया। काटे गए पेड़ों की लकड़ियों की कीमत लाखों में बताई जा रही है। सबूत मिटाने के लिए पेड़ों की जड़ों पर घास फूस मिट्टी डालकर ढक दिया गया था। इसका खुलासा एसडीएम सोहावल की जांच में हुआ जब ग्रामीणों ने अवैध कटान की सूचना एसडीएम को दी। एसडीएम अशोक सैनी ने तत्काल लेखपाल सहित राजस्व टीम को मौके पर भेजा।

मामला सही पाए जाने पर उप जिलाधिकारी शनिवार खुद मौके पर गए और घास फूस तथा मिट्टी को हटवा कर फोटोग्राफी कराई। मामले में जांच के लिए गठित टीम को विस्तृत जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गये हैं। क्षेत्रीय लेखपाल आकाश सिंह सहित टीम जांच में लगी हुई है। काटे गए शीशम के पेड़ों की संख्या तीन दर्जन से अधिक है। कीमत भी 2 लाख से अधिक है। शेष काटे गए पेड़ों की जड़ों पर डाली गई मिट्टी को हटवाने, गिनती कराने तथा पर्यावरण की क्षति के आंकलन करने के लिए वन विभाग को सूचित किया गया है। साथ ही दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश भी नगर पंचायत प्रशासन को दिया है।



अवैध कटान के बाद जांच में मिली टहनियां।

" नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा क्षेत्र में स्थित कैलगांव तमसा नदी के किनारे वन विभाग द्वारा रोपित शीशम के पेड़ों की अवैध कटान से लाखों की क्षति का गंभीर मामला है। जांच कराई जा रही है। एफआईआर कराने के निर्देश दिए गए हैं। – **अशोक सैनी, उप जिलाधिकारी सोहावल** "

**आयोजन** रामकथा पार्क में चटख हुआ रामोत्सव का रंग, कलाकरों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, रामकथा पार्क में सजा सांस्कृतिक संगम

# चरण हो राघव के जहां मेरा ठिकाना हो

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामकथा पार्क में आयोजित हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकारों ने प्रस्तुतियों से रामोत्सव का रंग और भी चटख हो रहा है। कलाकारों की ओर से प्रस्तुत किए जा रहे भजन और सांस्कृतिक संध्या छाप छोड़ रही है।

शनिवार संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में भोपाल से आईं आकृति मेहरा ने दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्होंने पायो जी मैंने राम रतन धन पायो, मंगल भवन अमंगल हारी, सुनो हे राम कहानी, राम आये हैं आये हैं राम आये हैं, राम के आने से भगवा रंग में रंगी अयोध्या, नगरी हो अयोध्या सी रघुकुल सा घराना हो चरण हो राघव के जहां मेरा ठिकाना हो चर्चित भजन प्रस्तुत किए। शास्त्रीय संगीत की साधक श्रुति मालवीय ने भगवान को भजन पुष्प भेंट किया। गायिका संजोली पाण्डेय ने भी अपनी प्रभाव पूर्ण गायकी से श्रोताओं को मोहित किया। आशीष पाठक और सहगायक अन्वी व पूर्णिमा जुगलबंदी सराहनीय रही। संस्कृति विभाग के कार्यक्रम अधिशासी कमलेश कुमार पाठक ने कलाकारों को सम्मानित किया।



रामकथा पार्क में आयोजित भजन संध्या में प्रस्तुति देतीं गायिका। अमृत विचार

# सुनिधि के कथक, अलका के आल्हा पर झूम उठे दर्शक




राम कथा पार्क में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भावपूर्ण प्रस्तुति देते कलाकार एवं आल्हा गीत प्रस्तुत करतीं गायिका।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामोत्सव में काशी घराने की कथक नृत्यांगना सुनिधि पाठक के दल ने राम भजो हो राम भजो से भगवान राम की स्तुति दी। महिला आल्हा गायिका अलका बाजपेई ने अपने आल्हा गायन की शुरुआत प्रभु श्रीराम की वंदना से की। और उसके बाद लखन लाल के करबज बाजे से उन्होंने राम और लक्ष्मण के चरित्र का वर्णन किया। संगतकर्ता में अशोक वाजपेई नवाब अली राजेंद्र प्रसाद और विजय शंकर रहे। नोएडा की कथक कलाकार दीपक अरोड़ा और उनके दल ने अपनी प्रस्तुति में राम का गुणगान कीजिए प्रभु राम की भद्रता का सभ्यता का ध्यान कीजिए पर कथक नृत्य किया। सह कलाकारों में स्प्रहा महेश्वरी, सुहाना सिंह आकाश दास राहुल कुमार, विदुषी दुबे और अंशिका बांगड़ रहीं। मुंबई की अदिति सागर और उनके दल के कलाकारों ने मछुआरों के द्वारा किया जाने वाला पारंपरिक लोक नृत्य कोली प्रस्तुत किया। राजस्थान से आए हीरा नाथ और उनके साथियों ने पारंपरिक लोक नृत्य कालबेलिया प्रस्तुत किया। संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्रा ने अपने अंदाज में किया। अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के निदेशक लव कुश द्विवेदी ने कलाकारों का सम्मान किया।

# बसपा को मेरी जरूरत नहीं थी, बैठकों में भी नाम नहीं : रितेश

## अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी के हो सकते हैं प्रत्याशी, विधानसभा चुनाव में रितेश के पिता व पूर्व सांसद राकेश पांडे सपा में हो गये थे शामिल

### अटकलों पर विराम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** कई दिनों से चली आ रही अटकलों पर विराम लगाते हुए बसपा सांसद रितेश पांडे ने रविवार को भाजपा का दामन थाम लिया। लखनऊ में उन्हें डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। उन्होंने बसपा प्रमुख मायावती को भेजे पत्र में कहा कि लंबे समय से न तो पार्टी की बैठकों में बुलाया जा रहा है और न ही नेतृत्व स्तर से कोई संवाद हो रहा है।

उन्होंने कहा कि मैने आपसे और वरिष्ठ पदाधिकारियों से वार्ता के बहुत प्रयास किए लेकिन परिणाम नहीं निकला। पार्टी को मेरी सेवाओं की जरूरत अब नहीं है। पार्टी से नाता तोड़ने का निर्णय भावनात्मक रूप से कठिन है, लेकिन अब कोई और विकल्प भी नहीं है। रितेश पांडे ने आग्रह किया कि तत्काल प्रभाव से उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया जाए। बीते विधानसभा चुनाव में रितेश पांडे के पिता पूर्व सांसद राकेश पांडे ने बसपा छोड़कर सपा का दामन थाम लिया था। वह सपा के टिकट पर अंबेडकरनगर के जलालपुर विधानसभा सीट से विधायक भी चुने गए। इसी घटनाक्रम के बाद बसपा प्रमुख रितेश पांडेय से नाराज चल रही थीं। उन्हें पार्टी के संसदीय दल के नेता पद से हटा दिया। नतीजा यह हुआ कि पार्टी के कार्यक्रमों आदि से भी उनकी दूरी बन गई। बीते दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें लंच पर भी आमंत्रित किया था। तब से अटकलों का बाजार गर्म हो गया था की रितेश पांडे भाजपा में शामिल हो सकते हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि रितेश पांडे पर भरोसा करते हुए बीजेपी हुए अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बना सकती है।


उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के साथ मौजूद भाजपा नेता रितेश पांडे। अमृत विचार


बसपा सांसद रितेश पांडे को भारतीय जनता पार्टी परिवार में आने की बधाई देता हूं। भाजपा शीर्ष नेतृत्व का निर्णय हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए सर्वोपरि है।
**–त्रयंबक तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष**


अंबेडकरनगर में बसपा के कार्यकर्ताओं और आम जनता को नजर अंदाज करने वाला रितेश जैसा कोई जन प्रतिनिधि नहीं रहा। कार्यकर्ताओं के बल पर बसपा लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करेगी।
**–सुनील सावंत गौतम, बसपा जिलाध्यक्ष**

### उद्योगपति के परिवार से आते हैं रितेश

रितेश पांडे पूर्व सांसद व मौजूदा जलालपुर से सपा से विधायक राकेश पांडे के पुत्र हैं। रितेश ने विदेश से पढ़ाई कर लौटने के बाद राजनीति में एंट्री की। विधानसभा चुनाव 2012 में जलालपुर से बीएसपी से चुनाव लड़ें, जहां उन्हें सपा के शेर बहादुर से पराजित होना पड़ा। फिर 2017 के विधानसभा चुनाव में बीएसपी से जलालपुर विधानसभा से विधायक चुने गए। रितेश 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान सपा–बसपा गठबंधन से प्रत्याशी बने और लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बने। रितेश के चुनाव जीतने के बाद जलालपुर विधानसभा के लिए उपचुनाव हुआ। जिसमें समाजवादी पार्टी से उम्मीदवार सुभाष राय विधायक चुने गए। बाहुबली पूर्व विधायक पवन पांडे रितेश के चाचा है। हालांकि वह मौजूदा समय में जेल में बंद हैं। रितेश के छोटे चाचा कक्कू पांडे भी बाहुबली हैं। जबकि भाई आशीष पांडे की गिनती प्रदेश के टॉप बिजनेसमैन में होती है। बड़े व्यवसायी के रूप में गिने जाने वाले विधायक राकेश पांडे का शराब और खनन का प्रदेश में बड़ा करोबार है।

### पिता भी जा सकते हैं भाजपा में

पूर्व सांसद और जलालपुर विधानसभा सीट से विधायक राकेश पांडे जल्द ही बीजेपी का दामन थाम सकते हैं। जिसको लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि पुत्र रितेश पांडे के बीजेपी में शामिल होने के बाद वह कभी भी बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। लोकसभा चुनाव से पहले विधायक राकेश पांडे के बीजेपी में शामिल होने से पार्टी को काफी फायदा होने की उम्मीद जताई जा रही है। उनका जलालपुर विधानसभा क्षेत्र में वर्चस्व माना जाता है।

### रितेश को मिल चुका है श्रेष्ठ सांसद का दर्जा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** बसपा का दामन छोड़ने वाले सांसद रितेश पांडे पहले भी चर्चा में रहे हैं। उनकी पढ़ाई विदेश में हुई। रितेश ने राजनीतिक सफर की शुरुआत साल 2012 से किया। उस समय हुए विधानसभा चुनाव में उनके पिता बसपा नेता राकेश पांडे के प्रयासों से रितेश को जलालपुर सीट पर बसपा ने टिकट दे दिया। लेकिन वहां से सपा प्रत्याशी शेर बहादुर सिंह ने उन्हें पराजित कर दिया। वर्ष 2017 के चुनाव में रितेश बसपा के टिकट पर जलालपुर से मैदान में उतरे। इस बार उन्होंने शेर बहादुर के पुत्र बीजेपी प्रत्याशी राजेश सिंह को बड़े अंतर से हराकर विधायक बने। इसी बीच वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में बसपा ने रितेश को टिकट दे दिया। उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी तत्कालीन सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा को हराया और सपा–बसपा गठबंधन के प्रत्याशी के तौर पर लोकसभा का चुनाव जीते और सांसद बन गए। रितेश ने लंदन से स्नातक की पढ़ाई की है। वर्तमान में रितेश श्रेष्ठ सांसदों की सूची में भी शामिल है। रितेश ने इंग्लैड की कैथरीना से 2020 में शादी की। रितेश की पत्नी के पिता इंग्लैंड में चिकित्सक हैं और कैथरीना मनोविज्ञान में शोध कर रही हैं। उनकी शादी कोविड महामारी के दौरान हुई थी।

### सार-संक्षेप

#### संस्कृत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को बांटा स्मार्टफोन


छात्र को स्मार्टफोन देते पूर्व विधायक सुभाष राय।

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** भियांव ब्लॉक स्थित श्री भुजंगेश्वर नाथ संस्कृत महाविद्यालय चक महादेव भुजगी में रविवार को पूर्व विधायक सुभाष राय की मौजूदगी में स्मार्टफोन का वितरण किया गया। स्मार्टफोन पाते ही छात्राओं की चेहरे पर मुस्कान बिखर गई। मुख्य अतिथि सुभाष राय ने कहा कि अभी तक किसी सरकार ने संस्कृत विद्यालय के छात्र–छात्राओं को स्मार्टफोन नहीं दिया, लेकिन भाजपा सरकार ने संस्कृत विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित कर ऐतिहासिक कार्य किया है। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य चंद्रशेखर पांडे, वरिष्ठ अध्यापक राजेंद्र प्रसाद दुबे, हरिधर मिश्र, कन्हैयालाल गोस्वामी, अनिल दुबे, रामपाल मिश्र समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

#### अकीदत के साथ मनाया गया शब-ए-बारात का त्योहार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में शब–ए–बारात का त्योहार अकीदत व एहतेशाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कब्रिस्तान व दरगाहों और मस्जिदो में पूरी रात्रि इबादत कर मुल्क में अमन चैन की दुआएं मांगी। शाम होते ही लोगों का परिवार के साथ कब्रिस्तान पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। दिवंगतों को याद कर उनकी आंखें नम हो गईं। नगर स्थित रौज–ए–हजरत कासिम, रुहाबाद, उस्मानपुर, जाफराबाद, नगपुर, मालीपुर आदि कब्रिस्तानों में अकीदतमंदों ने पूर्वजों की कब्रों पर कुरान की तिलावत कर उनकी मगफिरत के लिए दुआएं मांगी। वहीं, शिया समुदाय के लोगों ने 12वें इमाम के जन्म दिवस पर पटाखे छोड़ खुशियां मनाई। शब–ए–बारात के अवसर पर घरों में बनने वाले हलुआ का बच्चों ने लुत्फ उठाया। जाफराबाद स्थित मरहूम हाजी अमजद सेठ के इमाम बाड़े में रात्रि को जश्न–ए–कायम का आयोजन किया गया। दर्जनों स्थानीय शायरों ने कलाम पेश कर इमाम–ए–जमाना के जन्मदिन की खुशियां मनाई।

#### दुकानदार को जिंदा जलाने का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**बसखारी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** बीती रात पेट्रोल डालकर एक दुकानदार को जिंदा जलाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में दुकानदार को अस्पताल पहुंचाया। साथ ही त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बसखारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित जमऊपुर गांव में परचून की दुकान पर दलित सुनील कुमार बैठे हुए थे। शाम 7 बजे के करीब गांव का ही मंगल त्रिपाठी आकर बैठ गया और सुनील की मोबाइल अपनी पॉकेट में डाल लिया। काफी खोजबीन करने के बाद दुकानदार को मंगल त्रिपाठी के जेब से मोबाइल मिला तो उसने दुकान पर ना आने की चेतावनी देते हुए उसे भगा दिया और दुकान बंद घर आ गया। रात 10 :30 बजे के करीब जब वह अपनी दुकान पर आया। तो इसी बीच मंगल त्रिपाठी जो कि नशे में धुत बताया जाता है। वह दुकानदार सुनील से नमकीन मांगने लगा। नमकीन न देने पर वह आक्रोशित हो गया और दुकानदार सुनील के ऊपर पेट्रोल डालकर माचिस से आग लगा दी। जिससे वह बुरी तरीके झुलस गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में सुनील को इलाज के लिए बसखारी सीएचसी पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं इस मामले में बसखारी पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी निरीक्षक जेपी सिंह यादव ने बताया कि पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर आरोपी के विरुद्ध एससी–एसटी समेत कई अन्य संगे धाराओं में मुकदमा पंजीकृत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

#### पुलिस ने चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरगनर। अमृत विचार।** थाना महरुआ पुलिस टीम ने एससी–एसटी एक्ट के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पीड़िता ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि सम्बन्धित अभियुक्तों द्वारा फोन कर बुलाकर छेड़खानी किया और विरोध करने पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पीड़िता की तहरीर पर अभियुक्त असरफ पुत्र रमजान उम्र 19 वर्ष, महफूज पुत्र स्व. अब्दुल अजीज उम्र 19 वर्ष, आकिब पुत्र असगर अली उम्र 21 वर्ष निवासी महरुआ बाजार थाना महरुआ, नफीस पुत्र रमजान उम्र 22 वर्ष निवासी अन्नावा पियारेपुर थाना अकबरपुर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना महरुआ पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर महरुआ गोला से चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अभय कुमार मौर्या, उप निरीक्षक रामबली सिंह यादव, हेड कांस्टेबल कमलेश कुमार सरोज, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, कांस्टेबल रोहित कुमार शामिल रहे।

#### लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी ने की बैठक

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारी और थाना, शाखा प्रभारियों के साथ बैठक किया। बैठक के दौरान एसपी ने आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण परिवेश में सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा किया। एसपी ने असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई, ब्लैक मनी संचरण पर रोकथाम, अवैध मादक पदार्थों और शराब की तस्करी पर रोकथाम, अवैध हथियारों की तस्करी पर रोकथाम के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों के पुलिस बल के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अपराध और अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही व नियंत्रण आदि पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। चुनाव के दृष्टिगत संवेदनशील मतदान केंद्रों का भ्रमण करने, जनपद के बॉर्डर पर नाकाबंदी करके सघन चेकिंग करने और संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, वस्तुओं की गहनता से चेकिंग करते हुए आम जनता में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बनाए रखने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखने तथा भ्रामक और गलत संदेश, सूचना को किसी भी प्लेटफार्म पर प्रसारित करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हमें संविधान के मूल्यों का संरक्षण करना है : प्रो. प्रेम

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** सीबी सिंह लॉ कॉलेज में एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय संवैधानिक मूल्यों का संरक्षण सभी का दायित्व है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभागाध्यक्ष हुगली मोहसिन कालेज पश्चिम बंगाल प्रोफेसर डॉ. प्रेम कुमार अग्रवाल ने सर्वप्रथम कालेज के संस्थापक डॉ. शिवसहाय सिंह के चित्र पुष्प अर्पित और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रेम पश्चिम बंगाल जुडिसियरी परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले महान विधि विशेषज्ञ है। इनके पढ़ाए हुए लगभग 200 छात्र जज बनकर अपनी सेवा दे रहे हैं। यह लन्दन, सिडनी, पेरिस, सिंगापुर में भी अपना उद्बोधन संविधान विषय पर दे चुके है। डॉ. प्रेम ने कहा कि राजनीतिक कारणों से समय–समय पर शासन करने वाली पार्टियों ने संविधान में फेरबदल किया है हमें संविधान के छात्र होते हुए संविधान के मूल्यों को संरक्षण करना है। संविधान में रामायण व महाभारत के चित्र पर थी। प्रोफेसर प्रेम कुमार अग्रवाल संस्थापक प्रोफेसर डॉ. शिवसहाय सिंह के छात्र एलएलबी एलएलएम के दौरान रहे है। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुभाष चन्द्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राजेश कुमार, डॉ. शरद कुमार, डॉ. सीपी, डॉ. जयप्रकाश, डॉ. अमित कुमार, डॉ. मयंक देव, सूर्य शेखर त्रिपाठी, दीपमाला, संतोष कुमार, अशोक कुमार और सदानन्द शर्मा ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।


जागरूकता शिविर को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. उदय प्रताप सिंह व साथ में अन्य।

# समूह की महिलाओं को योजनाओं का मिले लाभ

- जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था द्वारा बारात घर का निमार्ण कार्य शुरू कराने के दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरगनर।

**अमृत विचार।** एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे और जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आकांक्षात्मक विकासखंड भीटी के ग्राम पंचायत अढ़नपुर में बारात घर का भूमि पूजन किया गया। सरकार की मंशानुरूप नारी शक्ति को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के नेतृत्व में लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में बन राजा समाज की महिलाओं और समूह की महिलाओं द्वारा बारात घर की मांग पूर्व में जिलाधिकारी से की गई थी। जिलाधिकारी ने अढ़नपुर में बारात घर बनाने के लिए जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यदाई संस्था से जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ कराया जाए।

प्रधान मंत्री द्वारा तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। जिसके क्रम में जनपद को 54 हजार लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। गौसपुर ककरहिया की समूह की दीदी रीता द्वारा अपनी सफलता की कहानी अपनी जुबानी वहां उपस्थित महिलाओं के सामने प्रस्तुत किया। इस दौरान मौके पर एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे और वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश द्विवेदी ने जिलाधिकारी की प्रशंसा किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी लिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आप सभी के सभी परेशानियों के लिए जिला प्रशासन हमेशा आपके साथ है। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। आकांक्षात्मक विकास खण्ड भीटी ग्राम पंचायत अढ़नपुर में जिलाधिकारी द्वारा बारात घर बनाने के लिए किए गए वादे को पूरा किया गया। इस दौरान मौके पर उप जिलाधिकारी मोहन लाल गुप्ता, जिला विकास अधिकारी सुनील तिवारी, भाजपा नेता अवधेश द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह, डीसी एनआरएलएम, समूह की दीदी प्रीति, सुदामा सहित अन्य दीदी उपस्थित रहीं।


अढ़नपुर में बारात घर का भूमि पूजन करते जिलाधिकारी और एमएलसी व अन्य।

### जिलाधिकारी ने श्रवण धाम का किया निरीक्षण

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अकबरपुर अंतर्गत श्रवण क्षेत्र धाम का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर बन रहे सीढ़ियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कार्य की गुणवत्ता पर खुशी जाहिर किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह और कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि 10 दिन के अंदर कार्य पूर्ण कराया जाए। इस दौरान मौके पर जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, डीसी एनआरएलएम, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह और जन प्रतिनिधि मौके पर उपस्थित रहे।

# शिक्षित व्यक्ति ही समाज में ला सकता है परिवर्तन

- धूमधाम से मनाया गया बाबूराम बहाल कान्वेंट स्कूल पकड़ी भोजपुरी का तृतीय वार्षिकोत्सव समारोह

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** शिक्षा क्षेत्र टांडा के बाबूराम बहाल कान्वेंट स्कूल पकड़ी भोजपुरी का तृतीय वार्षिक उत्सव समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय की छात्रा श्रेया, अदिति, मानसी, सलोनी, प्रतीक्षा खुशी, अंशिका ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। खुशी अनुष्का ने आए हुए अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विधानसभा प्रत्याशी कपिल देव वर्मा रहे। मुख्य अतिथि कपिल देव वर्मा ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा समाज में सबसे बहुमूल्य चीज यदि कोई है तो वह ज्ञान है। हर व्यक्ति का पहला सपना शिक्षित व्यक्ति बनने का होना चाहिए। शिक्षित व्यक्ति ही समाज में परिवर्तन ला सकता है। समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व कोऑपरेटिव अध्यक्ष बलराम मौर्य व समाजसेवी रजनीश मौर्य ने कहा कि शिक्षा एक ऐसी शक्ति है जो जीवन में असीमित उम्मीदें और संभावनाएं जगाती हैं। इस दौरान विद्यालय के छात्राओं का मनोबल भी बढ़ाया और कहा कि संस्था के बच्चे अवश्य ही समाज व राष्ट्र को उन्नति के मार्ग पर ले जाएंगे।


वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यालय के छात्र–छात्राएं।

### पढ़ाया जाता है संस्कारों का पाठ

समाजसेवी धर्मवीर सिंह बग्गा ने कहा आज के माता–पिता और शिक्षकों का यह कर्तव्य होना चाहिए की बच्चों को सदा सच्चाई के मार्ग पर चलना सिखाएं। प्राचीन काल से ही भारत में संस्कारों का पाठ पढ़ाया जा रहा है। विद्यार्थी को सबसे पहले मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव और अतिथि देवो भव की शिक्षा दी जाती थी। ताकि वह उम्र भर नेकी के रास्ते पर चल कर एक मर्यादित इंसान बने और अपने विद्यालय व बड़ों का नाम रोशन करें।

### बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

समारोह के दौरान छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय की छात्रा लवी ने शिव तांडव, कक्षा सात के छात्राओं द्वारा कॉमेडी डांस प्रस्तुत किया गया। वर्धमान ने आर्मी ड्रेस पहनकर डांस किया जो उपस्थित लोगों के लिए मनमोहक रहा। छात्रा रिद्धि, अदिति, अनुराधा, परी, अंकिता, अनुप्रिया, स्मृति, दिव्यांशी, साक्षी ने डांस प्रस्तुत किया। प्रबंधक वैभव नरेश मौर्य ने आए हुए अतिथियों को महापुरुषों का चित्र भेंट कर सम्मान किया। वार्षिक उत्सव समारोह के दौरान कृष्ण चंद्र मौर्य, दयानंद मौर्य, डॉ. आरएस मौर्य सहित अन्य मौजूद रहे। प्रधानाचार्या डॉ. प्रीति मौर्य ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# सचिव आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण : डीडीओ

- जिला विकास अधिकारी ने खंड स्तर से प्राप्त डाटा का पोर्टल पर सत्यापन करने के दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पंचायत विकास सूचकांक (पीटीआई) के अन्तर्गत जनपद स्तरीय क्रियान्यवन और समन्वय समिति (डीआईसीसी) की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी ने विंदुवार समीक्षा किया। पंचायतों में सशक्त विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण के लिए पंचायत डेवलपमेन्ट इन्डेक्स का क्रियान्वयन और विभागीय समन्वयन करने के लिए निर्देशित किया। विभागीय समन्वयन के माध्यम से सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण के 09 थीमैटिक श्रेणी के निर्धारित सकेतकों की प्रगति का अनुश्रवण किया जाए। डीडीओ ने पंचायत डेवलपमेन्ट इन्डेक्स के क्रियान्वयन में आने वाल बाधाओं के निराकरण और उसकी वार्षिक रिपोर्ट के आधार पर बेहतर कार्य प्रदर्शन के लिए सुझाव लिया और संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने खंड स्तर से प्राप्त डाटा का पोर्टल पर डाटा सत्यापन का कार्य करने के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान ग्राम पंचायत अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेंडिंग आवेदन का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एक सप्ताह के भीतर करें।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि मै **प्रदीप कुमार राय पुत्र स्व0 सन्त कुमार राय, निवासी–2/753, सेक्टर एच कुर्सी रोड, जानकीपुरम्, लखनऊ –226021,** श्रुति राज गुप्ता पत्नी अमित राज गुप्ता जोकि मेरी पुत्री व दामाद है जो ग्राम–तिवारीपुर, तहसील बक्शी का तालाब जिला–लखनऊ के है से सभी रिश्ते समाप्त कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य एवं लेन–देन के वह स्वयं जिम्मेदार होगे। मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 0148340 का अंकपत्र यात्रा के दौरान कहीं खो गया है। – **प्रियंका पुत्री अखिलेश निवासिनी– ग्राम कुरसैना तहसील जसवंतनगर, जिला– इटावा**

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम AQEEL AHMAD AZEEZ था अब मैने बदलकर अपना नाम AQEEL AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। AQEEL AHMAD S/O: ABDUL AZIZ R/O: VILL SAMMANPUR MACHLI GAON, AMBEDKAR NAGAR

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम SALMA KHATOON था अब मैने बदलकर अपना नाम SALMA BEGAM रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। SALMA BEGAM W/O: MOHAMMAD WASEEM R/O: GHASIYARAN TOLA NANPARA, BAHRAICH

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **मनोज कुमार मिश्रा पुत्र श्री कैलाश नाथ मिश्रा, निवासी–ग्राम शेखुई कलां, पोस्ट–ज्योनार, जिला– बलरामपुर,** मेरी वर्ष 2015–16 एम0बी0ए0 जिसका रोल नं0–एम–2152310686 सेमेस्टर लेबल प्रथम एवं चतुर्थ जिनका मूल अंक पत्र की मूल प्रति वास्वत में कहीं खो गयी है।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम उत्तम गुप्ता के स्थान पर अब उत्तम शुक्ला लिखा एवं पढ़ा जाए। – **उत्तम शुक्ला,स्व0 श्री लक्ष्मी नारायण शुक्ला, मोहल्ला आर्य नगर, नगर पंचायत कोइरीपुर, जनपद सुल्तानपुर, मो0– 842 9289 467**

### आयोजन
जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग में हो रहे निर्माण में देरी पर संबंधित को लगाई कड़ी फटकार

# एमओआईसी तैयार करें सीएचओ का रिपोर्ट कार्ड : डीएम

- जिम्मेदार अधिकारियों को दिया निर्देश कहा- परफॉर्मेंस न देने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई
- मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा देने में किसी प्रकार की कोई लापरवाही न करें डॉक्टर

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान राष्ट्रीय मिशन के अन्तर्गत संचालित गतिविधियों जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, मातृ मृत्यु, परिवार कल्याण, दवाओं की उपलब्धता, टीकाकरण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना, कायाकल्प, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान आदि की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एमओआईसी को निर्देशित किया कि सीएचओ का रिपोर्ट कार्ड तैयार करें। उन्होंने कर्मचारियों के भुगतान समय से कराने के कड़े निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग में हो रहे निर्माण में देरी पर संबंधित को कड़ी फटकार लगाई। अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड को बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी एमओआईसी को निर्देश दिया कि संचालित सभी योजनाओं का पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाया जाए। जिलाधिकारी ने एमओआईसी सहित सभी चिकित्सकों को समय से चिकित्सालय में बैठने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने पोर्टल पर फीड होने वाले सभी आंकड़ों को ससमय फीड कराए जाने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक में उपस्थित सभी डॉक्टरों को उन्होंने निर्देश दिया कि मरीजों के बेहतर चिकित्सीय सुविधा देने में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वैक्सीनेशन समय से कराया जाए और लापरवाही करने वाले कर्मचारियों को चिन्हित कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी और खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि आशा, आंगनबाड़ी और एएनएम के साथ सघन बैठक करें।


जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में मौजूद जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में डीडीओ सुनील कुमार तिवारी।

### अर्बन हेल्थ कोआर्डिनेटर को कारण बताओ नोटिस

जिला स्वास्थ्य समिति की जनवरी की मासिक समीक्षा बैठक के दौरान समस्त इन्डीकेटरों में शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित सभी कार्यक्रमों की लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि असन्तोषजनक पाई गई। जिस पर जिलाधिकारी ने अर्बन हेल्थ कोआर्डिनेटर, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अधीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।

### बैठक में यह भी रहे मौजूद

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राज कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ओम प्रकाश, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, समस्त एमओआईसी और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करने की मांग

**रुपईडीह :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत भवनियापुर उपाध्याय के चौराहे पर कम क्षमता वाले बिजली के ट्रांसफार्मर को आज तक नहीं बदला गया है। इससे उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। ग्राम प्रधान संजय सोनी ने बताया कि उच्च क्षमता का बिजली का ट्रांसफार्मर लगाए जाने की माँग क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी मुन्ना भैया से की गई है।

### डॉक्टर के न आने से मरीजों का नहीं हुआ उपचार

**रुपईडीह, गोंडा :** चिकित्साधिकारी के न आने से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला के तहत मरीज बिना दिखाएं अपने घरों को वापस लौट गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आए हुए मरीजों ने बताया कि यहां पर फार्मासिस्ट कुलदीप तिवारी मौजूद मिले तथा डॉक्टर वीर बहादुर सिंह नहीं मिले। चीफ फार्मासिस्ट कुलदीप तिवारी से मरीजों को देखने के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा कि चिकित्साधिकारी के तैनाती होने कारण मरीजों को वहीं देखेंगे सकेंगे। चिकित्साधिकारी डॉ वीर बहादुर सिंह ने कहा कि वह किन्हीं कारणों से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं आ सके हैं।

### मृत किसान के पुत्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**करनैलगंज, गोंडा :** चीनी मिल से गन्ना बेचकर वापस हो रहे किसान की दुर्घटना में मौत हो जाने के मामले में किसान के पुत्र ने ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज कराया है। राजकुमार निवासी ग्राम काशीपुर ने ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा है कि उनके पिता फौजदार जरवल चीनी मिल में गन्ना बेचकर वापस आ रहे थे। लापरवाही पूर्वक ट्रक को चलाते हुए उनके ट्रैक्टर में पीछे से टक्कर मार दी मार दिया। जिससे उनके पिता ट्रैक्टर से गिर गए और उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

# लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी करें तैयारी : केएस प्रताप

## अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन ने की समीक्षा बैठक

गोंडा कार्यालय



पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन।

**अमृत विचारः** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन डॉ के एस प्रताप कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी समीक्षा बैठक की।

उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव को लेकर सभी लोग तैयारी पूरी कर लें। अपराधियों को अभियान चला कर गिरफ्तार करें। कानून व्यवस्था को मजबूत करने में लापरवाही न बरतें। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन ने कहा कि अवैध कच्ची शराब का निष्कर्षण, परिवहन एवं बिक्री पर रोक लगाने व दोषियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की जाय। मुकदमों में नामित अपराधियों, अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों को पूर्व में चिन्हित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही किये जाने तथा हिस्ट्रीशीटर, वांछित व इनामी अपराधियों की निगरानी व गिरफ्तारी किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने लंबित विवेचनाओं का निस्तारण, थाने में आने वाले आगंतुकों, पीड़ित फरियादियों से सहानुभूति व सम्मान पूर्वक व्यवहार करने तथा उनकी शिकायतों को सुनकर यथाशीघ्र विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। महिला संबंधी अपराधों व पॉक्सो एक्ट के मामलों में त्वरित व सशक्त कार्यवाही, वाहन चोरी, नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, बैंक, ग्राहक सेवा केंद्र, पेट्रोल पंप व अन्य वित्तीय संस्थानों के सुरक्षा के दृष्टिगत संबंधित शाखा प्रबंधकों से सामंजस्य स्थापित कर सीसीटीवी कैमरे लगवाने एवं होटल, सराय, धर्मशाला, ढाबा, सर्राफा बाजार के आसपास लगे हुए कैमरो की निगरानी एवं चेकिंग लगातार करते हुए मुख्य मार्गों पर पैदल गश्त बढ़ाने के निर्देश दिये।

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन ने लोकसभा चुनाव को लेकर गोण्डा लोकसभा क्षेत्रों व जनपद की अन्य जिलों से लगने वाली सीमाओं के बारे में जानकारी की तथा संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र को चिन्हित करने व आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। देवीपाटन परिक्षेत्र के डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय तथा सभी क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### भक्त और भगवान के मिलन का आनंद है महारास लीला

**परसपुर :** ग्राम पंचायत त्यौरासी में दुर्गा मंदिर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा वाचक डा संत शरण त्रिपाठी ने भगवान कृष्ण के यमुना तट पर गोपियों के साथ महारास लीला की कथा कही। गोपियां अपने समस्त इन्द्रियों द्वारा श्रीकृष्ण भक्ति का रसपान करती हैं ये पूर्व जन्मों के संत जन हैं जो भगवान की लीला में उनके साथ प्रेम रस का आनन्द ले रहे हैं। मन की चार अवस्थाएं हैं-मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार। कुवलयापीड हाथी मन का प्रतीक है। कंस के सुभट बुद्धि और स्वयं अहंकार है। भगवान कृष्ण ने कंस का बध करके आसुरी वृत्ति का समन करने का उपदेश करते हैं।

## महिला की संदिग्ध हालात में गई जान

**खरगूपुर, गोंडाः** ससुराल में नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेंदुआ चौखड़िया के मजरा चौकियन पुरवा में रीता देवी(22) पत्नी देवी प्रसाद मौर्य की संदिग्ध परिस्थिति में रविवार सुबह मौत हो गई। विवाहिता की शादी लगभग दो वर्ष पूर्व हुई थी। जिसके नौ माह की लड़की है। घटना की सूचना स्वजनों ने मृतका के मायका मनकापुर तथा स्थानीय थाने में दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि इस संबंध में कोई तहरीर नहीं मिली है, शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवाया।

# दंगा नियंत्रण उपकरणों की दी जानकारी

गोंडा कार्यालय



पुलिस लाइन सभागार में असलहों से फायरिंग की रिहर्सल करते कर्मचारी।

**अमृत विचारः** आगामी त्योहारों व लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस कर्मियों ने रिज़र्व पुलिस लाइन ग्राउंड में बलवाइयों, अराजकतत्वों से निपटने के लिए 'एंटी रायट ड्रिल' कराया गया। दंगा नियंत्रण उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई।

पुलिसकर्मियों को अराजक तत्वों, उपद्रवियों से निपटने के लिए अश्रु गैस, स्टन ग्रेनेड, रबर बुलेट, मिर्ची बम, एण्टीराइट गन आदि चलवाकर बलवा ड्रिल का अभ्यास करवाया गया। इसी तरीके से जनपद के समस्त थानों पर भी पुलिस कर्मियों को बलवाइयों, अराजकतत्वों से निपटने के लिए 'एंटी रायट ड्रिल' कराया गया व दंगा नियंत्रण उपकरणों के बारे में जानकारी देते हुए बलवाईयों से निपटने के तौर तरीके बताए गये। पुलिस कर्मियों को बताया गया कि यदि भीड़ अधिक संख्या में आ जाय तो कैसे बाहर निकल जाए, मिर्ची बम आदि का कैसे प्रयोग किया जाए। अपने आप को सुरक्षित करते हुए भीड़ पर कैसे नियंत्रण हो आदि के बारे में गहनता से जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों को संयम रखते हुए उपद्रवियों से निपटने के टिप्स दिए गए। उन्हें बताया गया कि बिना जनहानि के कैसे दंगे पर नियंत्रण किया जाए। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक राकेश सिंह व अन्य पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रकाश पर्व के रूप में मना जन्मोत्सव

## संत कृपाल के 130वें जन्मोत्सव पर बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

गोंडा कार्यालय



शाकाहार पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सावन कृपाल रूहानी मिशन के मालवीयनगर स्थित आश्रम में संत कृपाल का 130वां जन्मोत्सव प्रकाश पर्व के रूप में मना। कार्यक्रम रविवार सुबह ध्यान अभ्यास के साथ शुरू होकर अपराह्न भंडारा व प्रसाद वितरण तक चलता रहा। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

गुरुद्वारा साहिब से आए संत ज्ञानी जी ने शबद कीर्तन और जन्मोत्सव गीत प्रस्तुत किए तो लोग भावविभोर हो गए। देवरिया से आईं मिशन प्रचारक स्वदेश अरोड़ा ने संत कृपाल सिंह का संदेश संगत के सामने प्रस्तुत किया। बताया महाराज का संदेश था कि हर इंसान की जिंदगी का मकसद नेक बनकर एक बने रहना होना चाहिए ताकि मानवता की सेवा होती रहे। संदेश का वीडियो प्रोजेक्टर पर भी चलाया गया। स्कूली बच्चों गरिमा, लक्ष्मी, महिमा, नैंसी, लक्ष्य, विवेक, अहम, साक्षी, अंजली व अन्य ने शाकाहार विषय पर मनमोहन सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर लोगों की वाहवाही लूटी। मिशन के मीडिया प्रभारी मनोहर लाल वलेचा ने बताया कि आगामी 13 व 14 मार्च को संत राजिंदर सिंह महाराज का लखनऊ में सत्संग जिसमें जिले से समाज के लोग बड़ी संख्या में शिरकत करेंगे। गोण्डा शाखा के अध्यक्ष कैलाश चंद रायतानी और सचिव सोनू कालानी ने संतों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवादार बलजीत, यश, मनोज, रिषभ, दीपक, सिद्धार्थ, सनी, विमल, विशाल, रवि, गोपी, चाहत, प्रेम, प्रीतम, अनिल, कमल, अनूप, दीपू, मनीष, शोभित, नीरज, रितेश, राकेश, व्योम, कुशल, सत्यम, सागर, धीरू, पियूष, अंकुर, अमर, अंकुश व अमन आदि मौजूद रहे।

# 689 विद्यार्थियों को बांटे स्मार्ट फोन

कार्यक्रम

- युवाओं को स्मार्ट फोन के सदुपयोग के प्रति किया सचेत

गोंडा कार्यालय



स्मार्ट फोन के साथ छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचारः** राजा देवी बक्श सिंह अवधराज महाविद्यालय के स्व. वीरेंद्र सिंह सभागार में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत 689 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधानसभा मनकापुर के विधायक रमापति शास्त्री व विशिष्ट अतिथि बाबूलाल शास्त्री ने बच्चों को फोन वितरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर में दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण करके किया गया। विधायक ने भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के लाभ के बारे में बताया और युवाओं को स्मार्ट फोन के सदुपयोग के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम का समापन प्रबंधक रमेश प्रताप सिंह ने सभी के प्रति आभार प्रकट कर किया। संचालन डॉ. पवन कुमार नंदा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# गोष्ठी में किसानों को किया गया सम्मानित

**मनकापुर, गोंडाः** मनकापुर चीनी मिल सभागार में रविवार को कृषक सम्मान समारोह एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता उप गन्ना आयुक्त आरपी राम ने की। कार्यक्रम में जिला गन्ना अधिकारी बलरामपुर एवं सहायक निदेशक गन्ना किसान संस्थान, रज्जनपुर आरएस कुशवाहा ने विचार व्यक्त किए। मुख्य महाप्रबन्धक नीरज बंसल ने कृषकों से लाल सड़न रोग से प्रभावित गन्ना प्रजाति को 0238 को हटाकर उसके स्थान पर को 15023, को 0118 एवं को. लख. 14201 प्रजातियों की बुवाई करने का अनुरोध किया। गोष्ठी में कृषकों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने का सुझाव एवं कैसे लागत कम रखें की बारीकियां बताई।

चीनी मिल परिक्षेत्र से चयनित 60 कृषकों को अंग वस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कृषक गोष्ठी में लगभग 120 कृषक उपस्थित रहे, जिसमें से कुछ कृषक चीनी मिल के महाप्रबन्धक (गन्ना) से कई प्रश्न पूछकर संतुष्ट हुये। अन्य कृषकों ने भी सहायक निदेशक गन्ना किसान संस्थान, रज्जनपुर तथा महाप्रबन्धक (गन्ना) से सवाल जवाब किया। संचालक ने अन्त में सभी का धन्यवाद देते हुये गोष्ठी का समापन किया।

# खाद्यान्न की कालाबाजारी पर कोटेदार समेत तीन पर केस

**मसकनवा, गोंडाः** जिलापूर्ति निरीक्षक के आदेश पर कोटेदार सहित तीन पर केस दर्ज हुआ है।

खाद्य प्रकोष्ठ द्वारा किए गए जांच के बाद कार्रवाई की गई है। चांदारत्ती गांव के उचित दर विक्रेता समेत दो पर अनुबंध पत्र की शर्तों का उल्लंघन करने, फर्जी अभिलेख तैयार करने आदि से संबंधित अभिलेख न देने पर केस पंजीकृत किया गया है। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व हुई शिकायत को लेकर लखनऊ की टीम ने जांच की थी। पूर्ति निरीक्षक दिनेश कुमार वर्मा ने तहरीर दी कि कोटेदार शिवकुमार मौर्या ने फर्जी अभिलेख तैयार कर साक्ष्यों को विलुप्त करने के इरादे से जांच से संबंधित अभिलेख न देने, उपभोक्ता कार्डों को शासन से निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न न बांटकर गबन करने आदि का दोषी पाया गया है। कमलेश पत्नी रमेश कुमार पात्र गृहस्थी कार्ड धारक विक्रम वर्मा निवासी चांदारत्ती जिनके नाम से पात्र गृहस्थी बना है। चांदा रत्ती के कोटेदार शिवकुमार को वर्ष 22 दिसंबर 2021 से मार्च 2022 तक के खाद्यान्न गेहूं, चावल, नमक, रिफाइंड तेल, चीनी आदि गोदाम से प्राप्त विवरण लेने तथा फर्जी अभिलेख तैयार करने का दोषी पाया गया है। जिसमें जिलाधिकारी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। चांदारत्ती गांव के कमलेश पत्नी रमेश, विक्रम वर्मा का पात्र गृहस्थी कार्ड बना है जो प्रशासनिक सतर्कता समिति ग्राम सभा के न होने पर भी चांदारत्ती कोटेदार से खाद्यान्न गेहूं, चावल, नमक, रिफाइंड प्राप्त किया है। जो जांच में दोषी पाए गए हैं। जांच में दोषी पाए जाने पर कोटे को सम्पूर्ण रूप से निरस्त कर दिया गया है। एस ओ छपिया सतेंद्र वर्मा ने बताया कि पूर्ति निरीक्षक मनकापुर दिनेश कुमार वर्मा की तहरीर पर कोटेदार सहित तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# तीन होमगार्ड जवान सेवानिवृत्त, दी विदाई

**गोंडा कार्यालयः** रविवार को उत्तर प्रदेश होमगाड्र्स अवैतनिक अधिकारी व कर्मचारी एसोसिएशन के जनपदीय इकाई के अगुवाई में होमगाड्र्स जवान के सेवानिवृत्ति पर विदाई सम्मान समारोह का आयोजन गांधी पार्क में किया गया।

सेवानिवृत हुए जवान लालचंद पाण्डेय, आनंद तिवारी व सदानंद गिरि कम्पनी नगर प्रथम को अंग वस्त्र, मिष्ठान, साल धार्मिक ग्रंथ, छाता, टॉर्च व नगद धनराशि प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष नरेंद्र अंकम ओझा ने सेवानिवृत्त हुए जवानों को शेष जीवन में हमेशा स्वस्थ सुखी खुशहाल रहने की कामना करते हुए कहा कि होमगार्ड जवान का जीवन सेवाकाल के दौरान विभागीय कार्यों के लिए समर्पित रहता है। संचालन पूर्व मण्डल अध्यक्ष दिनेश पांडे ने किया। कार्यक्रम को कंपनी अध्यक्ष नगर प्रथम अरुण श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जय प्रकाश गोस्वामी, राजेंद्र दूवे, पीसी जगप्रसाद यादव, प्रमोद मिश्रा, सूर्यमणि मिश्रा, पीसी देवनारायण शुक्ला, गुलाब मिश्रा, ओंकार पांडे, गिरीश तिवारी, ननबच्चा उपाध्याय, मधुर श्याम, बाबूराम मिश्रा, घनश्याम दुबे, सत्येंद्र सिंह रहे।

# रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन आज

सौगात

- अमृत भारत योजना के आठ अंडरपास और रेलवे स्टेशन पुनरुद्धार प्रोजेक्ट का वर्चुअल शिलान्यास और लोकार्पण

गोंडा कार्यालय



**अमृत विचारः** सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। देश की राजधानी से वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वो जिले मे निर्माणाधीन 8 रेलवे अंडरपास और 49.5 करोड़ से पुनः विकसित किए जाने वाले गोंडा जंक्शन का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे कार्यक्रम को लेकर गोंडा स्टेशन पर तैयारियां की गई हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल अंतर्गत गोंडा जंक्शन को अपग्रेड करने का काम शुरू होना है। इसमे गोंडा जंक्शन के सुंदरीकरण जैसे निर्माण कार्यों के अलावा यात्री सुविधाएं भी विकसित की जानी हैं। स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजधानी से वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से इस प्रोजेक्ट की आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा जिले में निर्माणाधीन आठ रेलवे अंडरपास का लोकार्पण भी किया जाना है। इसमे नारायणपुर-मनकापुर अंडर पास, परशुरामपुर-मनकापुर अंडरपास, गदरही-मनकापुर अंडरपास, लखपत नगर- बल्लीपुर अंडरपास, गोहाना-मनकापुर अंडर पास, जगदीशपुर- अशरफपुर अंडरपास, पांडे बाजार-गढ़वासजोत अंडरपास और मांदे ग्राम सोनी हरलाल अंडर पास शामिल हैं।

## पीएम की मन की बात सुनकर कार्यकर्ताओं में आया जोश



जानकीनगर बूथ पर पीएम की मन की बात सुनते कार्यकर्ता। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 110वें मन की बात कार्यक्रम को कई बूथों पर सुना गया। भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने केशवपुर मंडल के जानकी नगर ग्राम सभा में बूथ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पीएम मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। भाजपा अवध के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा एवं करनैलगंज विधायक अजय कुमार सिंह ने कडरू ग्राम सभा में कार्यक्रम में भाग लिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से रिकॉर्ड संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। पीएम मोदी ने मौजूदा समय में कंटेंट क्रिएशन में युवाओं की बढ़ती दिलचस्पी पर भी बात की। ऐसे में सोशल मीडिया ने काफी मदद की है। आज कई युवा अलग-अलग क्षेत्रों में कंटेंट बना रहे हैं। हमने mygov पर इसे लेकर नेशनल क्रिएटर अवॉर्ड प्रतियोगिता शुरू की है। पीएम ने बिहार के भोजपुर में रहने वाले भीमसेन का भी जिक्र किया। ये अपने समुदाय के जरूरी डॉक्युमेंट्स बनवाने और फॉर्म भरवाने में मदद करते हैं। इन्होंने इस जाति के लिए 100 से अधिक मेडिकल कैंप लगवाए हैं। भारतीय जनता पार्टी गोंडा के मन की बात कार्यक्रम के संयोजक जिला मंत्री विनय शर्मा ने बताया कि आज की पीएम मोदी की मन की बात कार्यक्रम को 2547 बूथों पर सुनने का कार्य किया गया।

अनदेखी — वार्ड की गलियों का रास्ता है कच्चा, साफ-सफाई की हालत भी बेहद खराब, पोल से गायब है स्ट्रीट लाइट

# करनैलगंज के मौर्य नगर वार्ड को है विकास की दरकार



मौर्य नगर का बदहाल कच्चा मार्ग।



पोल से गायब स्ट्रीट लाइट।

**मौर्य नगर वार्ड की प्रमुख समस्याएं**

- वार्ड में नाली निर्माण कर यहां के मुहल्लों की जल निकासी दुरूस्त की जाय।
- मौर्य नगर की गलियों व सड़कों पर इंटरलाकिंग न होने से आवागमन में परेशानी आ रही है।
- गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के लिये वार्ड में कई स्थानों पर वाटर फ्रीजर लगे
- वार्ड की गलियों व सड़कों पर स्ट्रीट लाइटों की दरकार है।

सरकारी राशन की दुकानें लोगों को प्रति यूनिट कम राशन तौलती हैं, जांच हो।

**करनैलगंज, गोंडाः** करनैलगंज नगर परिषद का वार्ड संख्या 11 मौर्य नगर अपने आप में एक अलग अहिमियत रखते हुए भी उपेक्षा का शिकार है। परिसीमन के बाद हुए चुनाव के बाद नये बोर्ड गठन से यहां के लोगों को लगी उम्मीदों पर अब धूल जमने लगी है। वार्ड संख्या 11 में मौर्य नगर, बमपुलुस व सदर बाजार का आंशिक इलाका आता है। वार्ड में लगभग 17 सौ के आसपास मतदाता है। तो वहीं वार्ड की आबादी 3 हजार के आसपास बताई जा रही है। यहां से सभासद के रूप में अंकुर मौर्य निर्वाचित हुए है। वार्ड में स्ट्रीट लाइट, सड़क, नाली, स्कूल, अस्पताल, साफ सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी टोटा है। रविवार को पड़ताल के दौरान वार्ड के लोगों ने अमृत विचार से अपने वार्ड की समस्याओं को लेकर खुलकर अपने विचार साझा किया। पेश है रिर्पोट-

गोण्डा जरवल फोरलेन पर स्थित मौर्य नगर चैराहे से वार्ड नंम्बर 11 मार्य नगर वार्ड की शुरूवात होती है। यही से सरयू डिग्री कालेज की ओर चलते ही सड़क के अगल बगल कूड़े का अंबार दिखाई देता है। वार्ड के लोगों का आरोप है कि यहां साफ सफाई नहीं कराई जाती। जिससे आसपास रहने वालों को बदबू का सामना करना पड़ता है। वार्ड में कई सड़कों व गलियों का निर्माण न होने से लोगों को कच्चे रास्तों पर ही चलना पड़ता है। पूरे वार्ड में केवल एक ही सुलभ शौचालय बना हुआ है। जिससे यहां के लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ती है। लोगों ने बताया कि पहले सड़क व गलियों में सोलर लाइटें लगाई गयी थी। जो अब खराब हो गयी थी। उन्हे रिपेयर कराने के बजाय नगर पालिका ने खोलवा लिया। जिससे वार्ड की सड़को पर अंधेरा पसरा रहता है। वार्ड की सड़को व गलियों को सोलर लाइटों की दरकार है। वार्ड में नालियों की हालत बहुत ही खराब है। कई स्थानों पर नालियां सड़कों व गलियों में बहती है। वार्ड में कई सड़के व गलियां आरसीसी व कटस्टोन लगाये जाने के इंतजार में है। अगर इन पर काम हो जाये तो आवागमन सुलभ हो सकता है।

उधर, इस मामले में नपा करनैलगंज के ईओ डीडी सिंह का कहना है कि जेई व अन्य स्टाफ को भेजकर वार्ड में चल रहे विकास कार्यों की जांच करवाई जाएगी। गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। वार्ड की साफ-सफाई के लिए निर्देश दिए जा रहे हैं। वार्ड के सभासद से चर्चा कर जल्द समाधान किया जाएगा।

# युवक ने 16वीं बार किया रक्तदान

गोंडा कार्यालय



रक्तदान करता युवक। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सामाजिक संस्था इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने गोंडा मेडिकल कॉलेज में रक्तदान किया।

अविनाश ने कहा कि जब रक्त की आवश्यकता पड़ती है तो लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ता है ऐसे में हम सभी का फर्ज है कि समय-समय पर खून का दान करें। ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. चेतन पाराशर ने बताया कि जिन व्यक्तियों को ब्लड शुगर की समस्या है मगर वे इंसुलिन नहीं लेते, वह भी रक्तदान कर सकते हैं। जो व्यक्ति टैटू (गोदना) अपने शरीर में बनवाते हैं, वह छह माह के पश्चात रक्तदान कर सकते हैं। अविनाश ने 16वें बार रक्तदान करके युवाओं को संदेश दिया। कहा गया कि रक्तदान महादान है।

## एक नजर

### अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश के लिए 275 आवेदकों ने दी परीक्षा

**गोंडा कार्यालय :** मनकापुर के सिसवा में स्थित अटल आवासीय विद्यालय के लिए प्रवेश परीक्षा जनपद में संपन्न हो गई। जिला मुख्यालय स्थित फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज में जिले के आवेदन करने वाले आवेदकों की परीक्षा हुई। विद्यालय में प्रवेश के लिए 275 छात्रों ने आवेदन किया था। जिसमें से कक्षा 9 के लिए 94 तथा कक्षा 6 के 181 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। श्रम पवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो गई है। कक्षा छह के तीन तथा कक्षा नौ के पांच अभ्यर्थियों ने परीक्षा नहीं दी है। कुल आठ अभ्यार्थियों ने परीक्षा नहीं दी है। विद्यालय में परीक्षा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों में काफी गहमागहमी का माहौल रहा।

# चार लाख कुर्मी वोटर पर अखिलेश का दांव

## अन्य दल के नेतृत्वकर्ता सोचने पर हुए विवश, गोंडा विधानसभा में लगभग 35 हजार कुर्मी वोटर हैं

अरुण कुमार मिश्र



**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के दांव से अन्य दल के नेतृत्वकर्ता सोचने को विवश हो गए हैं। गोंडा लोकसभा के चार लाख कुर्मी मतदाताओं पर अखिलेश के दांव ने सबको चित्त कर दिया है।

2009 में गोंडा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतने वाले बाबू बेनी प्रसाद वर्मा को सांसद बनाने में गोंडा लोकसभा के चार लाख से अधिक कुर्मी विरादरी के वोट ने कमाल किया था। गोंडा लोकसभा क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्र में तीन विधानसभाओं में कुर्मी वोटरों की बहुलता है। गोंडा विधानसभा में 35 हजार, मेहनौन में 50 हजार, गौरा में 80 हजार, मनकापुर में 60 हजार तथा उतरौला में 75 हजार के करीब कुर्मी वोटर हैं। इसके अलावा उतरौला और गौरा विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मुस्लिम वोटर हैं। इसके बाद पिछड़े वर्ग में कुर्मी फिर यादव सहित अन्य की बहुलता है। इतिहास के आइने में देखें तो बाराबंकी और कैसरगंज लोकसभा से संसद की ड्योढी तक पहुंचने वाले बाबू बेनी प्रसाद वर्मा ने 2009 में कांग्रेस के टिकट पर जीत कर वर्षों से सूखाग्रस्त कांग्रेस को हराभरा कर दिया था। बाहरी होने का भी दांव खेला गया पर कुर्मी वोटरों तथा तीन दलों से तीन क्षत्रपों के खिलाफ चलाए गए कंपेन एक दबाओ तीन गिराओ के नारे ने विरोधियों पर पानी फेर दिया और बेनी बाबू जीतने में कामयाब हो गए और वह केंद्र में कैबिनेट मंत्री बने। पर उसका लाभ गोंडा वासियों को नहीं मिला। अब समाजवादी पार्टी ने कुर्मी, मुस्लिम और यादव वोटरों के दम पर बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा को गोंडा लोकसभा सीट से उतार कर भाजपा में खलबली मचा दी है।

### पिछड़े में कुर्मी वोटरों को रोकने की होगी चुनौती

गोंडा लोकसभा में थोक वोट कुर्मी विरादरी को भाजपा कैसे रोकेगी इस पर मंथन शुरू हो गया है। एक मात्र कुर्मी विरादरी के विधायक प्रभात वर्मा गौरा से विधायक हैं। उतरौला से राम प्रताप वर्मा विधायक हैं। एक लोकसभा क्षेत्र की दो विधानसभा में कुर्मी विरादरी के दो विधायक भाजपा से हैं। लेकिन सजातीय वोटों को रोकने की चुनौती इन्हीं पर होगी। हालांकि कुर्मी विरादरी का वोट अपनी विरादरी पर ही जाता है। ऐसा समीक्षकों का मानना है। कुर्मी विरादरी का वोट सबसे पहले सजातीय उम्मीदवार की तरफ देखता है उसके बाद पार्टी में भाजपा को। वरिष्ठ पत्रकार कैलाश नाथ वर्मा कहते हैं कि सपा से चुनाव मैदान में उतरीं श्रेया वर्मा को विरादरी का 70 प्रतिशत वोट जाएगा। इसके अलावा मुस्लिम 95 प्रतिशत तथा यादव का 50 प्रतिशत वोट मिलना तय है। भाजपा कुर्मी वोट रोक पाएगी या नहीं इस पर वह कहते हैं कि यदि भाजपा से प्रभात वर्मा को टिकट मिल जाए तो वह सजातीय वोट रोकने में कामयाब हो जाएंगे लेकिन उनका विरोध उनके पार्टी के लोग ही करेंगे। उन्होंने दो क्षत्रपों का नाम भी लिया लेकिन सच्चाई यही है कि कुर्मी वोटरों को रोकने का मास्टर प्लान अब भाजपा को बनाना ही होगा।

# जीप ने बाइक सवार को मारी ठोकर, युवक की मौत

**उमरी बेगमगंज, गोंडाः** स्थानीय थाना क्षेत्र के उमरी सैनिक तिराहा के पास एक थार गाड़ी ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई और साथ में बाइक पर सवार उसकी लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई। उसका इलाज एक स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया है। रविवार दोपहर करीब 3 बजे उमरी सैनिक तिराहा के पास नाजिम पुत्र हफीजउल्ला (35) अपने घर आदमपुर से उमरी की तरफ जा रहा था कि पीछे से आ रही थार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे नाजिम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और उसकी पुत्री तरन्नुम (4) गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक युवक की पत्नी परवीन ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि गाड़ी चालक हरिपाल सिंह पुत्र देवनारायण सिंह निवासी गंगरौली जो कि लापरवाही पूर्वक गाड़ी चला रहे थे। उन्होंने उनके पति को पीछे से टक्कर मार दी जिससे उनकी मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# छुट्टा मवेशियों को डीसीएम पर लाद ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे किसान

## अफसरों ने आक्रोशित किसानों को कराया शांत, गोवशों को संरक्षण केंद्र भेजा



डीसीएम पर लदे मवेशी। अमृत विचार



ब्लॉक मुख्यालय पर आक्रोश जताते किसान। अमृत विचार

मसकनवा, गोंडा

**अमृत विचारः** छुट्टा जानवरों के आतंक से तंग आकर किसानों ने छुट्टा जानवरों को डीसीएम पर लादकर ब्लाक मुख्यालय छपिया पर लाकर घेराव कर दिया। जिससे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। मामला छपिया ब्लाक के नरायनपुर गांव का है।

किसान राकेश तिवारी, शिव पूजन वर्मा, रजनीश तिवारी, मोनू तिवारी, अनिल तिवारी, संजय तिवारी, विनय वर्मा,सियाराम वर्मा, राम केवल यादव, मनुकार्णिका तिवारी आदि किसानों ने बताया कि गांव में छुट्टा जानवरों के अधिक हो जाने के कारण आए दिन फसलों को नष्ट कर देते थे साथ ही किसानों पर हमला करके घायल कर देते हैं। जिसकी शिकायत हम लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल और उच्चाधिकारियों को कई बार शिकायत किया। जिसमें ग्राम विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्रा ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद सैफ व किसानों से कहा कि चंदा लगाकर पशुओं को पकड़वा लें। उसको हम गौशाला में छुड़वा देंगे। लेकिन पकड़वाने के पश्चात ग्राम विकास अधिकारी ने फोन उठाना बंद कर दिया। इस बाबत किसानों ने पशुओं से भरे ट्रक को लेकर किसान ब्लाक मुख्यालय पहुंच गए। जिससे छुट्टी पर रहे ब्लाक कर्मचारियों में हडकंप मच गया। मौके पर पहुंचे खंड विकास अधिकारी ने किसानों से समझा बुझाकर सभी छुट्टा जानवरों को गौशाला में छोड़ दिया गया है। खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश सिंह यादव ने बताया कि सभी छुट्टे जानवरों को गौशाला में छोड़ दिया गया है।

# भक्तों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली दुर्घटना मामले में केस दर्ज

**करनैलगंज, गोंडाः** विशेश्वरगंज बहराइच से कोटवा धाम बाराबंकी श्रद्धालुओं को लेकर जा रही ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार देने से एक दर्जन श्रद्धालुओं के घायल होने के मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर मालिक की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें अमरनाथ निवासी बड़ा गांव थाना विशेश्वरगंज ने कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि 15 फरवरी को उनका लड़का बबलू ट्रैक्टर ट्राली पर करीब 40 श्रद्धालुओं के साथ कोटवा धाम दर्शन के लिए जा रहा था। जहांगीरवा रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के कारण ट्रैक्टर ट्राली साइड में खड़ा कर दिया। पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने ट्रैक्टर को ठोकर मार दी। जिसमें करीब एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए। दो लोगों के पैर टूट गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच कराई जा रही है।

# विधायक ने स्वाधीनता सेनानी की प्रतिमा का किया अनावरण

मसकनवा, गोंडा



माल्यापर्ण करते विधायक प्रभात वर्मा।

**अमृत विचारः** छपिया के खजुरी गांव में जन्मे बाबू द्वारिका सिंह की स्मृति में बने स्मृति वन व उनकी आदमकद प्रतिमा का क्षेत्रीय विधायक प्रभात वर्मा ने लोकार्पण कर बाबू जी को याद किया।

खजुरी गांव में जन्में बाबू द्वारिका सिंह सहित एक दर्जन स्वतंत्रा सेनानियों के कारण यह गांव याद किया जाता है। देश की आजादी में अपना सब कुछ बलिदान करने वाले बाबू द्वारिका सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधायक ने कहा कि देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति सम्मान तथा आजादी में महान योगदान के हम अब आभारी हैं। अमर शहीद बाबू द्वारिका सिंह स्मारक उपवन/बाबू द्वारिका सिंह स्मारक मूर्ति का अनावरण,/सेल्फी पॉइंट का अनावरण व लोकार्पण से हम लोग उन्हें अपने स्मृति पटल पर अंकित रख सकेंगे। आने वाली पीढ़ी भी उनके योगदान को याद रखेगी।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख छपिया अनिल कुमार पासवान, पिंकू सिंह, प्रधान प्रतिनिधि हेमू सिंह, जीतेन्द्र नाथ पाडे, खण्ड विकास अधिकारी छपिया ओम प्रकाश यादव, विक्रम प्रसाद, विनय वर्मा, इरसाद अहमद, अशोक वर्मा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस भवन में इंडिया गठबंधन ने की बैठक

## कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बैठक कर बनाई रणनीति

गोंडा कार्यालय




कांग्रेस कार्यालय में बैठक करते कांग्रेस और सपा के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिला कांग्रेस कार्यालय पर लोकसभा चुनावों को लेकर एक बैठक जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें इंडिया गठबंधन की प्रत्यासी श्रेया वर्मा के सहयोग का संकल्प लेते हुए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से हर मोर्चे पर वर्तमान सरकार से बिना डरे संघर्ष करने की बात कही।

बैठक में कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ ही सपा के पदाधिकारियों में पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, पूर्व एमएलसी महफूज खान समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह सूरज सिंह जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन उपस्थित रहे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस नेतृत्व और समाजवादी नेतृत्व के गठबंधन करने का सपना तभी साकार होगा जब हम सब मिलकर अपने बूथ आज से ही मेहनत शुरू कर दें।

इस दौरान अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सगीर खान, जिला प्रवक्ता शिवकुमार दुबे, सेवा दल के अध्यक्ष प्रदुमन शुक्ला, विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुभाष पांडे, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष अर्जुन वर्मा, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनकर, दिलीप शुक्ला, शुक्ला प्रसाद शुक्ला, जितेंद्र तिवारी, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव ने एक स्वर में देश में फैले नफरत और अराजकता के माहौल से बिना डरे इंडिया गठबंधन के लिए एक एक बूथ को लक्ष्य पर रखकर काम करने का आह्वान किया। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के अवधेश दूबे, धर्मराज सिंह, वेद प्रकाश सिंह, राज बहादुर सिंह, अतीक खान, अरविन्द शुक्ला, तैयब चौधरी, शकील अहमद, राम सिंह, सभासद शाहिद अली कुरेशी, चांद खान, शिवेन्द्र शर्मा, हरिराम वर्मा, अबसार अहमद, मो सलीम, समाजवादी पार्टी के सभासद फहीम सिद्दीकी, राम सबूरे मिश्रा, पप्पू खान आदि मौजूद रहे।

# रास्ते के विवाद में हुई मारपीट में महिलाएं घायल

परसपुर, गोंडा

**अमृत विचारः** परसपुर थाना क्षेत्र के अलग- अलग गांव में हुए मारपीट मामले में पुलिस ने नामजद छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मारपीट में चार महिलाओं को चोटें आई हैं। ग्राम दुरौनी लच्छन तिवारी पुरवा के रहने वाली महिला मीना तिवारी ने थाने में दर्ज रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि रास्ता विवाद को लेकर गांव के ही हीरा देवी, सोना देवी ने शनिवार की शाम को जान से मारने की धमकी देते हुए उससे अभद्रता व मारपीट किया। मारपीट में मन्नू देवी, ममता देवी को भी चोटे आयीं। इसी मामले में पीड़ित हीरा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि अजय कुमार, मीना तिवारी, ममता व मन्नू ने जमीनी विवाद को लेकर जानमाल की धमकी देते हुए अभद्रता व मारपीट किया। इस बाबत थानाध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि दोनों पक्षों के तहरीर पर नामजद छह लोगों के विरुद्ध विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। और मामले की जाँच शुरू कर दी गयी है।

# बढ़ई सम्मेलन में उठा उपेक्षा का मामला

बभनजोत, गोंडा




सम्मेलन में उपस्थित समाज के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचारः** बभनजोत ब्लॉक के दशरथ सिंह स्मारक पीजी कॉलेज में अखिल भारतीय बढ़ई महासभा ब्लॉक स्तरीय सामाजिक कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय बढ़ई महासभा के सम्मेलन में सदस्यता अभियान पर जोर दिया गया। इस दौरान काफी संख्या में समाज से मौजूद थे।

जिला अध्यक्ष जय लाल शर्मा ने कहा कि जब विश्वकर्मा अवतार नल और नील समुद्र में सेतु बना रहे थे। उस समय देवताओं के साथ-साथ सृष्टि के सभी मानव विश्वकर्मा प्रभु का जयकारा लगा रहे थे, आज वही वंशज जो जन्मजात इंजीनियर होते हुए भी उनका सामाजिक,आर्थिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक दशा दयनीय है। इससे साफ परिलक्षित होता है कि इस समाज की दशा षडयन्त्र के तहत दयनीय है एवं साजिश के तहत यह समाज विखण्डित है। जिस समाज की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक स्थिति अच्छी है उसी समाज का राजनीतिक वर्चस्व भी है। प्रदेश सचिव एडवोकेट दुर्गेश शर्मा ने कहा कि हमारा समाज अभी भी पिछड़ा हैं इन्हें जगाने की जरुरत है। जिस दिन यह समाज अपना महत्व समझ जायेंगे उसी दिन से यह एकता के सूत्र में पिरोना शुरु कर देंगे। इस दौरान संयोजक विजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में समाज में जागृत करने के लिए संगठन में कई पदाधिकारी बनाए गए हैं। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मोहनलाल शर्मा, संगठन मंत्री रामसूरत शर्मा, जिला संगठन मंत्री महेंद्र प्रताप शर्मा, धर्मगुरु आचार्य जयप्रकाश शर्मा, संयोजक बिजेंद्र शर्मा, सम्मेलन के आयोजक राधेश्याम शर्मा समेत बधाई समाज के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# आग लगने से पांच गृहस्थी हुई राख

**उमरी बेगमगंज, गोंडाः**क्षेत्र के एली परसौली गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में पांच लोगों की लाखों रुपए के गृहस्थी जलकर खाक हो गई। हल्का लेखपाल ने मौका मुआयना कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है। ऐली परसौली गांव के बाबूराम पुरवा में अज्ञात कारणों से लगी आग में केवला पत्नी जगराम, अनिल व सुनील की पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। करीब 3 लाख 50 हजार रुपए नुकसान का आकलन किया गया है। वहीं दूसरी तरफ मुनि प्रताप पुरवा में मीना पत्नी ननके व फतई निषाद की पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। करीब दो लाख नुकसान का आकलन किया।

# बच्चों ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

**इटियाथोक, गोंडाः** इटियाथोक क्षेत्र के बेलवा बहुता स्थित ठाकुर परसाद ऊदौ श्याम पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सोनबरसा मंदिर के महंत छोटे जी महाराज रहे। कार्यक्रम में स्वागत गीत के साथ-साथ, कव्वाली, नाटक, देशभक्ति, लोकगीत आदि बच्चों ने मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत किए। अतिथियों का प्रबंधक पीडी मिश्रा ने माल्यार्पण व बैच लगाकर स्वागत किया। छोटे जी महाराज ने कहा कि शिक्षा के साथ यदि संस्कार नहीं है तो ऐसी शिक्षा महत्वहीन है। कार्यक्रम बेसिक शिक्षा विभाग से डॉक्टर अखिलेश शुक्ला ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा वित्त विहीन के मंडलीय मंत्री, जिला महामंत्री, जिला संगठन मंत्री, शिक्षक संघ इटियाथोक के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ अखिलेश शुक्ला, मंत्री चंद्र प्रकाश वर्मा, कोषाध्यक्ष देव प्रभाकर पांडे, रवि उपाध्याय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रमुख जितेंद्र प्रकाश मौर्य, विद्यालय के संरक्षक पृथ्वीनाथ मिश्रा प्रधानाचार्य स्वामी दयाल उपाध्याय ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक अरुण कुमार शुक्ला ने किया।

### शिक्षा से ही देश का संपूर्ण विकास संभव

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत कोचवा के बाबा पाटन दीन मिश्र स्मारक इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन एलबीएस महाविद्यालय की प्रवक्ता रेखा शर्मा, प्रधान लेखाकार श्याम किशोर पांडेय एवं बृजेश सिंह ने सरस्वती जी के चित्र पर फूल माला चढ़ाकर किया। डा रेखा शर्मा ने कहा कि शिक्षा से ही प्रदेश व देश का सर्वांगीण विकास संभव है। शिक्षा के माध्यम से अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचा जा सकता है। कार्यक्रम में प्रिया जायसवाल, रागिनी मिश्र, प्रीति जायसवाल, आँचल मिश्र, माही शर्मा, दुर्गा आदि छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के संस्कृत कार्यक्रम व नाटक प्रस्तुत किया गये। विद्यालय के प्रबंधक लक्ष्मी नारायण मिश्र, प्रधानाचार्य उपेंद्र मिश्र, संयोजक दिलीप मिश्र, शिव बहादुर मिश्र, दिवाकर प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे।

# विद्युत पोल लगाने का काम हुआ शुरू

**बेलसर, गोंडाः** आंधी के साथ हुई बरसात में उपकेंद्र शुक्लगंज के दर्जनों ग्राम पंचायतों की आपूर्ति चरमरा गई थी।

अवर अभियंता आमोद कुमार सिंह ने बताया कि मंगुरा फीडर, बेलसर टाउन फीडर के एक दर्जन टूट गए थे। जिससे गाना पुरवा, पंडित पुरवा, बादलपुर, मछरहिया, डिडीसिया कला, डिडीसिया खुर्द, डिहवा सहित अन्य क्षेत्र की आपूर्ति बंद हो गई थी। उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर विद्युत पोल की मांग किया था। शुक्रवार देर रात तक अधिकांश क्षेत्र की आपूर्ति बहाल कर दिया गया। शनिवार को जिन क्षेत्रों की आपूर्ति बहाल नहीं थी उसे भी शुरू कर दिया गया है।



सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव के लिए नामांकन करते कर्मचारी। अमृत विचार

# सफाई कर्मचारी संघ के लिए हुआ नामांकन

**करनैलगंज, गोंडाः** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक स्तरीय चुनाव के लिए विभिन्न पदों पर नामांकन किये गए। खंड विकास कार्यालय सभागार में दस बजे से नामांकन शुरू किया गया। जहाँ अध्यक्ष पद पर रवि गोस्वामी, भगवान बक्श व लल्लन प्रसाद शुक्ल ने नामांकन किया। मंत्री पद पर रामपाल गौतम, राजेन्द्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष पर अजय कुमार वर्मा, सत्य प्रकाश ने नामांकन किया। संगठन मंत्री पर घनश्याम मिश्र, संप्रेक्षक पर रमेश ने नामांकन किया। चुनाव प्रकिया को सम्पन्न कराने के लिए चुनाव अधिकारी अमीर अहमद रहे। पर्यवेक्षक के रूप में जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, शिवराम शुक्ल उपस्थित रहे।

# जिले में 1.11 करोड़ से संवरेगी सात सड़कों की सूरत

**गोंडा कार्यालयः**जिले की खस्ताहाल सड़कों में से सात के दिन बहुरने वाले हैं। लगभग एक करोड़ ग्यारह लाख से होने जा रहे कार्यों को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय में कसरत शुरू हो चुकी है। निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता विनोद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि डिडिसिया कलां से कोरी पुरवा संपर्क मार्ग, सोनौली मोहम्मदपुर से माझा बंधा संपर्क मार्ग, बेलसर बाजार से इंद्रबलिपुरवा संपर्क मार्ग, बादलपुर संपर्क मार्ग और सीबीएन मुज़ेड मार्ग से बिजली पुरवा संपर्क मार्ग पर साढ़े 48 लाख से पुनर्निर्माण कार्यक्रम कराए जाने हैं।

# समारोह में आयुर्वेद चिकित्सा अफसरों को बांटे नियुक्ति पत्र

**गोंडा, कार्यालयः** लोक सेवा आयोग द्वारा गत 20 जनवरी से 24 जनवरी के बीच सम्पन्न हुई क्षेत्रीय यूनानी एवं आयुर्वेद विभाग में चिकित्साधिकारी (आयुर्वेद) भर्ती परीक्षा में देवीपाटन मंडल के 13 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। जिसमें गोंडा से डॉक्टर संजय कुमार तिवारी, प्रतीक्षा पाण्डेय, डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार वर्मा, डॉक्टर विनय कुमार तिवारी, डॉक्टर दीपिका गुप्ता, डॉक्टर प्रगति पाण्डेय, डॉक्टर कीर्ति श्रीवास्तव व बहराइच से डॉक्टर श्रुति रस्तोगी, डॉक्टर शिल्पी सिंह चौहान व श्रावस्ती से डॉक्टर प्रभाकर पाण्डेय व बलरामपुर से डॉक्टर हरिकांत तिवारी, डॉक्टर पवन कुमार, डॉक्टर शिवानी चौधरी चयनित हुई हैं। मंडल मुख्यालय के एनआईसी गोंडा के सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, डीएम नेहा शर्मा ने नव नियुक्त चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया।



नियुक्ति पत्र के साथ आयुर्वेदिक अधिकारी साथ में कमिश्नर व डीएम। अमृत विचार

# सड़क हादसे में युवक घायल

**करनगंज, गोंडाः**गोंडा लखनऊ मार्ग पर मसौलिया के पास पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाली करनैलगंज के सकरौरा निवासी माज अंसारी 19 वर्ष अपने साथी अफजल नदीम के साथ बाइक से कैसरगंज जा रहे थे कि भंभुआ पुलिस चौकी के आगे मसौलिया के पास एक तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# शाखा संगम में शामिल हुए लोग


शाखा संगम में शामिल लोग। अमृत विचार

**हुजूरपुर, बहराइच:** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से रविवार को शाखा संगम का कार्यक्रम खंड हुजूरपुर में सभी शाखाओं को एकत्रित कर किया गया। सभी शाखाओं ने शारीरिक, बौद्धिक विकास हेतु शाखाओं का प्रदर्शन किया। सह जिला संघचालक ने शाखाओं को व्यक्तित्व निर्माण की शाला बताया। शाखा संगम के कार्यक्रम में जिला कार्यवाह भूपेंद्र, राम जी ,खंड संघचालक राम तीरथ, ओमप्रकाश महेंद्र पाठक, हुजूरपुर प्रमुख अजीत प्रताप, धर्मेंद्र सिंह, ओम प्रकाश यादव, बृजभूषण, उत्तम ,बृजेश दुर्गेश सिंह, चंद्रदेव राघवेन्द्र आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे। संचालन खंड कार्यवाह विवेक ने किया।

# सुनहरी यादें छोड़ गया महारूद्र यज्ञ मेला महोत्सव

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** गजाधरपुर में ब्रह्मलीन महात्मा रामकिशोर दास द्वारा स्थापित शिव मनकमेस्वर मन्दिर पर बसंत पंचमी के अवसर पर शुरू हुआ महारूद्र यज्ञ व मेला महोत्सव सुनहरी यादों के साथ संप्पन्न हो गया। मन्दिर महंत नान बाबा उर्फ मोर्जध्वज दास ने बताया 47वे महारूद्र का शुभारंभ बसंत पंचमी के अवसर पर हुआ था। मेला के प्रारम्भ में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया।

कैसरगंज तहसील के गजाधरपुर में आठवें दिन मंदिर परिसर कलश यात्रा का आयोजन हुआ। जिसमें लगभग 11हजार के करीब महिलाओं और पुरूष श्रद्वालु पदयात्रा कर झिंगरी नदी के घाट पर कलश भर कर मां गायत्री की परिक्रमा पूजा कर श्रद्वा अर्पित की। इसके बाद मनकामेश्वर मंदिर पहुंच कर श्रद्वालुओं ने अपने अपने कलश स्थापना करवाकर सुबह शाम हवन पूजन आरती के साथ महारूद्र आयोजन में आए अयोध्या, नैमिषारण्य, नेपालगंज श्रावस्ती गोंडा आदि विभिन्न जगहों से आए साधु संतों के प्रवचन का लाभ उठाया। आयोजन में गायत्री परिवार के आचार्या लाडली प्रसाद वर्मा राजमणि त्रिपाठी द्वारा प्रवचन व दीप यज्ञ में सम्लित रहे मुख्य अतिथियों ने पहुंच कर दीप प्रज्जवलित की तद्पश्चात कन्याओं व सन्तो का भोजन कराकर हवन पूजन हुआ।


महारूद्र यज्ञ मेले में आए लोग। अमृत विचार


समागम में शामिल श्रद्वालु। अमृत विचार

महारूद्र यज्ञ के भव्य आयोजन में शामिल होने के लिए गैर जनपद से आए श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। मेले में स्थानीय लोग तो थे ही लेकिन इस बड़ी तादाद में अयोध्या, गोंडा, कानपुर, बरेली, नेपालगंज, बाराबंकी, सीतापुर, बलरामपुर, श्रावस्ती आदि जनपदों से बड़ी तादाद में श्रद्धालु महायज्ञ में शामिल होने के लिए पांच दिवसीय प्रवास पर पहुंचे। नन्दू राय बरेली बांके लाल दिल्ली डॉ सोनी भींगा पुजारी सोनवा एके तिवारी गोंडा डॉ दीक्षित बलरामपुर रामकुमार बाराबंकी सीतापुर अयोध्या दशरथ महल नेपाल आदि जगहों से आए श्रद्धालू ने बताया कि पिछले बिस सालों से लगातार वे परिवार सहित इस महाआयोजन मे शामिल होने पहुंचते है। यहां हर मनोकामना पूरी होती है। श्रद्धालुओं ने बताया कि महात्मा रामकिशोर दास महाराज गुरूवर के समय से हम लोग आश्रम से जुडे.हैं यहां आकर अदभुत शान्ति की प्राप्ति होती है। वर्षो से चली आ रही गुरू दर्शन की परम्परा टूटने से मनोकामनाएं अधूरी रह जाएंगी। सन्त रमाकांत दास और जजमान कामता मिश्र, मनोज सिंह शेसराज गौड़ बाबा जगदीस दास रामु गौड़,राजू दास केके पण्डित अखलेश वर्मा राजू वर्मा बन्टी शुक्ला रिंकू राहुल,जिया लाल कमलेश वर्मा हिर्दय राम गुप्ता, मनोज़ पांडेय,डॉ शिवकुमार राहुल गौड़ महेस सिंह मुलुकराज सिंह, आनन्द गौड़ अनूप गौड़ आदि कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया।

# सड़क दुर्घटनाओं में युवक की मौत, साथी समेत चार घायल

## अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसे , एक घायल लखनऊ रेफर

बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के दो थानों के अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसके साथी समेत अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि श्रावस्ती में हुई सड़क दुर्घटना मे घायल हुए किशोर सहित दो को शहर स्थित मेडिकल कॉलेज को रेफर किया गया। एक घायल की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

गोंडा जनपद के राजा बाजार मोहल्ला निवासी शोएब अंसारी पुत्र उस्मान अंसारी अपने साथी के साथ बाइक से बहराइच आ रहा था। कोतवाली देहात के गोंडा बहराइच मार्ग पर बेरिया गांव के निकट बाइक में अनियंत्रित पिकअप ने रविवार शाम चार बजे टक्कर मार दी। जिसके चलते शोएब अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका


मेडिकल कॉलेज में भर्ती घायल।

साथी घायल हो गया, उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती कराया गया है। देहात कोतवाल बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतक के लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हुजुरपुर थाने के मुंशीपुरवा निवासी 35 वर्षीय सुकई पुत्र बाउर जल जीवन मिशन में पाइप लाइन बिछाने के कार्य में मजदूरी कर रहा है। वह रविवार को ट्रैक्टर ट्राली पर लदे पाइप लेकर आ रहा था। सुखनदिया के पास ट्राली पलटने को हुई। जिसके चले ट्राली पर सवार सूकई नीचे जा गिरा। उसके ऊपर भारी भरकम सीमेंटेड पाइप गिरने से वह घायल हो गया। उसे एंबुलेंस पर लादकर मेडिकल कॉलेज भेजा गया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर बनी हुई देखते हुए प्राथमिक इलाज के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। देहात कोतवाली के बहराइच गोंडा हाईवे के बेरिया समय माता मंदिर के पास रविवार दोपहर में तेज रफ्तार वाहन ने विपरीत दिशा से आ रही बाइक मे टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक सवार दरगाह थाने के अहिरौरा के मजरे लालगढ़ा निवासी 45 वर्षीय गुड्डु पुत्र जमूरे घायल हो गया। दुर्घटना होते ही चालक वाहन सहित फरार हो गया। सूचना पर एंबुलेंस चालक अमन, ईएमटी पवन कुमार ने घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। श्रावस्ती जिले के सोनवां थाने के बरदेहरा भारी गांव निवासी 15 वर्षीय कादरी पुत्र वकील, 22 वर्षीय आलोक पुत्र रामगोपाल सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। घायलों को भिनगा से बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

# जन सामान्य की बातों को मिलता है स्थान: विधायक


मन की बात सुनते भाजपा पदाधिकारी।

पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री के मासिक जनसंवाद कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण विधायक सुभाष त्रिपाठी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुना। पयागपुर में रविवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हंसुवापारा में बूथ संख्या 173 पर विधायक सुभाष त्रिपाठी, व आदर्श नगर पंचायत के वार्ड 5 में बूथ संख्या 198 पर विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी ने भाजपा कार्यकर्ता अवनीश पाठक के आवास पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव आयोग के अभियान की चर्चा में "मेरा पहला वोट देश के लिए", इसके जरिए लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।कार्यक्रम में विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि मोदी समाज के उन जीवंत पहलुओं का स्मरण कर संवाद करते हैं,जो जन सामान्य को प्रभावित करता है। इस अवसर पर मण्डल महामंत्री विनय वर्मा,अंकुर सिंह,ननकऊ तिवारी,भानू मिश्रा,कमला शर्मा,अखिल सिंह, गोमती यादव,कुलदीप शर्मा,नितिन दुबे,अम्बर कश्यप,कुलदीप शर्मा, युवराज यादव,मन बहाल यादव,आदि लोग मौजूद रहे।

# करंट लगने से दो श्रमिक झुलसे लखनऊ रेफर

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर से सटे शेखवापुर गांव में मस्जिद के मीनार निर्माण में लगे दो श्रमिक शनिवार रात को करंट की चपेट में आ गए दोनों को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया है। मेरठ जनपद के मवाना थाना क्षेत्र के सतना गांव निवासी जैद (23) पुत्र असलम और मुजफ्फरनगर जिले के तिवाती गांव निवासी उस्मान (24) पुत्र फुरकान श्रमिक हैं। दोनों दरगाह थाना क्षेत्र के शेखवापुर गांव में बन रहे मस्जिद में काम कर रहे हैं। दरगाह थाने के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि गांव में मस्जिद का इस समय मीनार बनाया जा रहा है। शनिवार रात 9 :00 बजे दोनों श्रमिक निर्माण के दौरान एचटी लाइन छूने के चलते दोनों गंभीर रूप से झुलसकर नीचे गिर गए। वहां मौजूद लोगों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात में ही सीओ सिटी राजीव सिसोदिया ने मौके का मुआयना कर हादसे की जानकारी दी।

# नव्या ने प्रदेश के लिए जीता रजत पदक

बहराइच

**अमृत विचार:** लखनऊ में आयोजित खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत जिले की नव्या सिंह ने रजत पदक जीता है। रजत पदक जीतने के साथ ही नव्या ने प्रदेश और जिले के नाम रोशन किया है। केंद्रीय खेल और युवा खेल मंत्रालय, खेलो इंडिया, भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वधान में ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया और उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 21 से 24 फरवरी को लीग आयोजन किया गया। जिसमे नव्या सिंह ने रजत पदक जीत कर फाइनल लीग में अपनी जगह पक्की की। जिसका आयोजन 9-11 मार्च ओडिशा में होना सुनिश्चित है। नव्या सिंह इंदिरा गांधी स्टेडियम बहराइच में प्रशिक्षक


रजत पदक विजेता नव्या।

मनीष कुमार बघेल के देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। इस सफलता पर जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुपमा धानुक, अभिषेक धानुक, बहराइच ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष निशंक त्रिपाठी और सचिव आलोक सिंह, फुटबॉल कोच विनोद कुमार, सूर्य प्रताप पांडे,सागर आर्या,शौर्य प्रताप सिंह ने बधाई दी है।

## वर्ग पहेली-354

**बाएं से दाएं**

1.1. जो कहने योग्य न हो 2. जो कहा न जा सके, अकथनीय 3. जो कहा न गया हो।

4. बीज के लेन-देन की एक रीति जिसमें फ़सल काटने पर लेने वाले को डेढ़ा देना पड़ता है।

5.1. गंधयुक्त 2. चूहे की तरह का एक जंतु, छछूंदर।

6. झींगुर का बोलना।, झींगुर की तरह आवाज़ पैदा करना।

9.1. रेखाचित्र, रेखाओं के द्वारा बनी आकृति 2. लेखन में किसी बात पर बल देने के लिए उसके नीचे खींची हुई लकीर।

**ऊपर से नीचे**

1.1. झमेला 2. किसी बात पर होने वाली कहा-सुनी या विवाद, झंझट-बखेड़ा 3. सुख-भोग में होने वाली बाधा, रंग में भंग।

2.1. कृपा करने वाला, दयालु 2. कृपा करना जिसका स्वभाव हो।

3. इस्लाम, ईसाई, मूसाई आदि कुछ धर्मों में ईश्वर का पैगाम या संदेशा लाने वाला, नबी, (प्रॉफ़ेट)।

7.1. कोमल, सुकुमार, मृदु 2. जो जल्दी टूट जाए या नष्ट हो जाए, कमज़ोर 3. महीन, बारीक 4. मार्मिक, गूढ़, गंभीर।

8.1. गांठ के रूप में होने वाली पौधों की जड़, गांठ 2. लहसुन आदि की गांठ।



### वर्ग पहेली - 353 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | मा | ■ | 2 अ | यो | 3 नि |
| हू | ■ | ■ | खं | ■ | छो |
| ■ | 4 को | ■ | ड | ■ | ह |
| ■ | 5 हि | म | पा | त | ■ |
| ■ | नू | ■ | ठ | ■ | 6 मुँ |
| 7 भे | र | वी | ■ | ■ | द |
| ■ | ■ | ■ | 8 खि | ल | ना |

# मंत्री जलशक्ति ने युवा संवाद कार्यक्रम में किया प्रतिभाग



**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जूनियर हाईस्कूल भिनगा में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के मंत्री जल शक्ति विभाग स्वतन्त्र देव सिंह ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार जन-जन के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए सरकार सबका साथ-सबका विकास की तर्ज पर कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि कोई भी गरीब, असहाय व्यक्ति झुग्गियों में रहने के लिए मजबूर ना हो, सबके पास पक्की छत हो, अपना पक्का घर हो। देश एवं प्रदेश सरकार गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के घर का सपना पूरा करने में भी हर संभव मदद कर रही है। तदोपरान्त मंत्री ने भिनगा स्थित वार्ड संख्या-11 मोहल्ला कृष्णा नगर के बूथ संख्या 148, वार्ड नंबर-11 में बूथ चलो अभियान एवं लाभार्थी जनसंपर्क कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद पदमसेन चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग युवा मोर्चा ऋषि चौरसिया, जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेय, जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष/लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पाण्डेय, जिला महामंत्री दिवाकर शुक्ला, अरूण पाण्डेय, सुन्दरलाल मौर्या, पुरूषोत्तम कौशल सहित कई मौजूद रहे।

# वन स्टाप सेंटर पर दी गई योजनाओं की जानकारी

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** निदेशक महिला कल्याण के निर्देश पर जनप्रतिनिधियों की पब्लिक मीटिंग वन स्टाप सेन्टर पर आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता रणवीर सिंह मौजूद रहे। जिला प्रोवेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह ने कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य वन स्टाप सेन्टर (सखी) अन्तर्गत सभी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओ एवं बालिकाओ को एक ही स्थान पर आश्रय, पुलिस-डेस्क विधि सहायता आदि उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं के बारे में बताया गया। महिला शक्ति केंद्र की महिला कल्याण अधिकारी सरिता मिश्रा ने विभाग की विभिन्न योजनाओ



निराश्रित विधवा पेंशन योजना, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप प्रर्वतकता योजना, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 एवं महिला हेल्प लाइन 181 के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया। केन्द्र पर महिलाओं के परामर्श पुर्नवासन एवं वन स्टाप सेन्टर के मूल उद्देश्यो से अवगत कराया। रणवीर सिंह ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टाप सेन्टर के कार्यो की सराहना करते हुये कहा कि यह केन्द्र हर एक पीड़ित महिला एवं बालिका के लिये वरदान सिद्ध हो रहा है ।कार्यक्रम में जिला संमन्यवक महिला शक्ति केन्द्र कुसुम श्रीवास्तव, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी रामचन्द्र मौर्य, जेजीबी से विजय कुमारी, हनुमान प्रसाद यादव, हरेकृष्ण चौबे, एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जलशक्ति मंत्री ने किया विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह ने रविवार को जनपद में बाढ़ खंड एवं सरयू नहर खंड-6 द्वारा नवनिर्मित विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने 4984 .10 लाख की लागत की 5 परियोजनाओं का लोकार्पण और 1978 .76 लाख की 5 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद पदमसेन चौधरी, अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा, विधायक रामफेरन पांडेय, सदस्य विधान परिषद प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाधिकारी कृतिका शर्मा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अमरेन्द्र कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी भिनगा पीयूष जायसवाल, मुख्य अभियंता बाढ, लोक निर्माण व सिंचाई विभाग तथा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एसके हरित, अधिशासी अभियंता जल निगम एसएम असजद, अधिशासी अभियंता बाढ़ कार्य खंड विनोद कुमार, अधिशासी अभियंता सरयू नहर खंड-6 विकास शिरोमणि सिंह सहित अन्य लोग उपस्थिति रहे।

## सुडोकू -71

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 7 | 6 | | | 8 |
| | | 9 | 5 | | | | 1 | |
| | 2 | | | 1 | | 6 | | |
| 2 | | 7 | | 8 | | | | |
| | | 5 | | | | 1 | | 9 |
| | | | | 9 | | 2 | | 7 |
| | | 3 | | 2 | | | 4 | |
| | 7 | | | | 3 | 5 | | |
| 6 | 1 | | 9 | 5 | | 8 | | |

### सुडोकू - 70 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 3 | 1 | 6 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 6 | 2 | 8 | 5 | 7 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 7 | 3 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 9 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-द्वितीया 23 .15 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तरा फाल्गुनी 27 फरवरी 04 .31 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** – आज किसी काम को लेकर उलझन की स्थिति है तो उसमें परिवार का सहयोग मिलेगा। रिश्तों में मजबूती आएगी और आप खुलकर अपनी बात रख पाएंगे। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। संतान पक्ष की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है

**वृष** – आज व्यापारी वर्ग को विशेष लाभ मिलेगा। कहीं से अच्छे समझौतों पर हस्ताक्षर भी हो सकते हैं जो भविष्य की दृष्टि से लाभान्वित रहेंगे। आपकी नए कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी संबंधी या खुद की अस्वस्थता से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन** – आज के दिन काम का बोझ ज्यादा होगा तो वहीं घर से भी बहुत काम मिलेगा। आपको संयम बनाकर चलना होगा तभी सभी काम निपटा पाएंगे। स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा। वैवाहिक जीवन में भी कुछ हद तक अशांति बनी रहेगी।

**कर्क** – आज पेट दर्द की समस्या रह सकती है। मानसिक तनाव भी हो सकता है। किसी से मिलने का मन नहीं करेगा और पूरे दिन सुस्ती छाई रहेगी। आत्मविश्वास की कमी बनेगी। आपके प्रेम संबंधों में कसा-कसी बनी रहेगी।

**सिंह** – आज पिता या भाई में से किसी एक के साथ अवरोध उत्पन्न होगा। मन में किसी बात को लेकर आशंका रहेगी जिसका निवारण जल्दी नहीं होगा। आत आप समय को बर्बाद न करें। आपको केवल अपनी समस्याओं पर ही ध्यान देना होगा, दूसरों की समस्याओं में पड़ने से हानि हो सकती है।

**कन्या** – आज जमीन या शेयर में निवेश करने का विचार कर सकते हैं। पैसा पहले से कहीं इन्वेस्ट किया हुआ है तो उसमें लाभ मिलने के संकेत हैं। वैवाहिक और प्रेम संबंधों के लिए समय मिश्रित है। विद्यार्थी समय का सदुपयोग करने में सफल रहेंगे।

**तुला** – आज ज्यादा उत्साह में रहने से बचें क्योंकि आज के दिन उसके कारण परेशानी खड़ी हो सकती है। घर में किसी बात को लेकर मंथन होगा। अटकलें पर ध्यान और जोखिम भरे कार्य न करें। आप आलोचना और अपने शुभचिंतकों के विरोध का सामना कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज प्रेम में किसी प्रकार का धोखा मिल सकता है या किसी तीसरे व्यक्ति के द्वारा तनाव पैदा किया जा सकता है। छात्रों को अपने खर्चों पर नियंत्रण करने की आवश्यकता है। नए कार्य मिलने की संभावना। कार्य के पूर्ण होने में देरी महसूस होगी।

**धनु** – आज के दिन अपनी शिक्षा से संबंधित कोई गंभीर निर्णय ना लें अन्यथा बाद में पछताना पड़ेगा। मां बाप के परामर्श को ध्यान से सुने। आपका स्वास्थ्य थोड़ा प्रतिकूल हो सकता है। संपत्ति, गृह, पारिवारिक मामलों में नई शुरुआत कर सकते हैं।

**मकर** – आज किसी प्रकार की पुरानी बीमारी से परेशान हैं तो दिन उससे आराम मिलेगा। शरीर पहले से ज्यादा तरोताजा रहेगा और स्फूर्ति बनी रहेगी। नई योजनाओं का क्रियान्वयन हो सकेगा। उच्च अधिकारियों के साथ आपकी मुलाकात होगी।

**कुंभ** – आज व्यापार में वृद्धि होगी और नई शाखाएं खुलेगी। कहीं जॉब करते हैं तो उसमें भी बॉस आपसे खुश होंगे और इसका ईनाम भी मिल सकता है। जीवन के लिए अपने दृष्टिकोण में व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। स्वास्थ्य और धन में लाभ मिल सकता है।

**मीन** – आज के दिन भगवान हनुमान का ध्यान अवश्य लगाएं क्योंकि मंगल भारी है। घर में ही तीन बार हनुमान चालीसा पढ़ लेंगे तो संकट टल जाएगा। स्वास्थ्य और धन में लाभ मिल सकता है। बुद्धिमानी से अपने पैसे का उपयोग करें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
पृथ्वी – सुबह : 11 .49
चाल बाज – शाम : 06 .11

**Utsav Gold**
कोई आप सा – सुबह : 09 .45
धूम 3 – शाम : 04 .00

**Sony Max**
तारा वर्सेस बिलाल – सुबह : 09 .00
लगे रहो मुन्ना भाई – रात : 09 .00

**Zee Cinema**
मेरा धर्म – सुबह : 10 .30
लूटेरे – रात : 07 .00

**Colors Cineplex**
ओके जानु – सुबह : 10 .01
तनु वेड्स मनु – शाम : 06 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म



कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम-06 .58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू को अपनी एक्स गर्लफ्रेंड की शादी का कार्ड मिला।
मिंटू- भाई, बुरा तो लग रहा होगा।
चिंटू- हां यार, तकलीफ तो हो रही है।
मिंटू- जाएगा?
चिंटू-जाऊंगा जरूर ...
मोहब्बत अपनी जगह है और शादी का खाना अपनी जगह।

गप्पू ने बड़े प्यार से शादीशुदा आदमी से पूछा -
रात को ऑनलाइन कब आते हो?
दर्द की दीवारें हिल गईं जब उसने कहा -
बर्तन धोने के बाद ।

# युवा पीढ़ी को जिले की सांस्कृतिक व धार्मिक स्थिति की होगी जानकारी

बहराइच कार्यालय

**अमृत विचार :** शहर के गेंदघर में रविवार को तीन दिवसीय बहराइच महोत्सव की रंगारंग शुरुआत हुई। प्रदेश मंत्री, मत्स्य एवं प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच डॉ. संजय कुमार निषाद ने सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह आदि के साथ फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का उद्घाटन किया। खुले आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए और छात्र-छात्राओं ने वंदना गीत, गणेश वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों और श्री अन्न व रसोईया प्रतियोगिता के लिए सजाए गए स्टॉलों का अवलोकन करते हुए मौजूद अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की और श्री अन्न से तैयार खीर व अन्य व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने प्रदेश के सभी जनपदों में महोत्सव के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को जनपद के सांस्कृतिक, सामाजिक व पौराणिक महत्व को समझने का अवसर मिलेगा। महोत्सव के माध्यम से हम अपनी विरासत को आने वाली पीढ़ी को सौंप सकेंगे। जिला प्रशासन व जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहे महोत्सव के सफल आयोजन के लिए प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी मोनिका रानी व उनकी टीम को बधाई दी। जनपदवासियों से अपील की कि वे स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की अधिक से अधिक खरीद कर उनका उत्साह बढ़ाएं। सांसद बहराइच, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, बलहा की सरोज सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने आयोजन की सराहना की। डीएम मोनिका रानी व एसपी वृंदा शुक्ला ने मुख्य अतिथि सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। इस दौरान पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, बलहा की सरोज सोनकर, सीडीओ रम्या. आर, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी दिपेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।


शहर के गेंदघर में बहराइच महोत्सव का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

### ये आयोजन हुए

डीएम ने बताया कि मोहत्सव के पहले दिन राम आएंगे नृत्य की प्रस्तुति, मैट्रो एकेडमी द्वारा हनुमान चालिसा समूह नृत्य व उर्मिला पांडेय एंड पार्टी द्वारा गंगा अवतरण, मसान की होली, निधि तिवारी द्वारा रामायण नृत्य नाटिका व स्वाति मिश्रा द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी गई। इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के तहत बालक वर्ग की फुटबॉल, कबड्डी, पिट्ठू दौड़ व बोरा दौड़ आदि का आयोजन किया गया।

## अनुपस्थित 13 संविदा कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

**बहराइच, अमृत विचार :** बहराइच रोडवेज बस अड्डे पर तैनात 13 चालक और परिचालक बिना सूचना के गायब है। उनकी सूची चश्मा करते हुए उपस्थित न होने पर कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। बहराइच जिला मुख्यालय स्थित परिवहन विभाग में तैनात कर्मचारी शिथिलता से बाज नहीं आ रहे हैं। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन विभाग प्रेम कुमार ने बताया कि 17 फरवरी से अब तक डिपो में तैनात कर्मचारियों की जांच की गई। जांच के दौरान संविदा परिचालक दुर्गेश मिश्रा, गौरव, मोहम्मद शावेश, संतोष मिश्रा, सुजीत यादव, दुर्गेश मिश्रा, और संविदा चालक अरुण त्रिवेदी, हरिश्चंद्र पांडे, लाल जी सोनी, मनोज तिवारी, सिराज खान, विजय कुमार और विनोद कुमार तिवारी अनुपस्थित मिले हैं। इन सभी की सूची चश्मा करते हुए बिना सूचना के अनुपस्थित रहने के मामले में जवाब तलब किया गया है। सही जवाब न मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# मनरेगा श्रमिकों ने गांव में बना दिया आधुनिक खेल का मैदान

## 10 बीघा जमीन में बनकर तैयार हुआ मिनी स्टेडियम

राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचार :** जनपद के सिंगपुर गांव में मनरेगा मजदूरों ने आधुनिक खेल मैदान का निर्माण कर दिया है। इस कार्य में डेढ़ हजार से अधिक मनरेगा मजदूरों ने अपना पसीना बहाया है। आधुनिक खेल मैदान में विभिन्न खेल कोर्ट के साथ ग्रामीणों के टहलने के लिए बड़ा मैदान भी बन गया है। जिसका उपयोग कर ग्रामीण स्वास्थ्य रह सकते हैं।

केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से गांव की प्रतिभाओं को निखारने के लिए खेलो इंडिया अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिन ग्राम पंचायत में जमीन स्थित है। वहां पर आधुनिक मिनी स्टेडियम का निर्माण अधिकारियों की ओर से कराया जा रहा है। जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देशन में जनपद के हुजूरपुर विकासखंड के सिंहपुर गांव में खेल मैदान के लिए जमीन चयनित की गई। मनरेगा के उपायुक्त कद गोस्वामी ने बताया कि 10 बीघा जमीन चयनित कर मनरेगा के तहत ही मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू कराया गया। जिसमें गांव और क्षेत्र के डेढ़ हजार से अधिक श्रमिकों ने मजदूरी की। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक स्टेडियम बनाकर तैयार कर दिया। 10 बीघा जमीन में बने मिनी स्टेडियम में जहां श्रमिकों का खून पसीना लगा हुआ है। वहीं इसका लाभ श्रमिकों के साथ गांव के लोगों को भी मिलेगा। मनरेगा उपाय तूने बताया कि लगभग 4 माह में मिनी स्टेडियम पूरी तरह से बनकर तैयार हुआ है। इस स्टेडियम में गांव के लोग मॉर्निंग वॉक करके अपने जीवन को स्वस्थ रख सकते हैं। इतना ही नहीं विभिन्न प्रकार के खेल के आयोजन भी इसी में हो सकते हैं।


जिले के हुजूरपुर विकास खंड के सिंहपुर गांव में बना खेल मैदान। अमृत विचार

### स्टेडियम में ये हुआ निर्माण

मनरेगा के उपायुक्त कद गोस्वामी ने बताया कि सिंहपुर गांव में बने मिनी स्टेडियम में एक चेंजिंग रूम, शौचालय, बाउंड्री वॉल, खेल मैदान, वॉलीबॉल, फुटबॉल, टेनिस कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कराया गया है।

### 9 लाख बजट हुआ खर्च



सरकार के निर्देश पर हुजूरपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सिंहपुर में मिनी स्टेडियम आधुनिक रूप से बनकर तैयार हो गया है श्रमिकों की मजदूरी लगी है उसका भुगतान भी को मिला है। सरकार का 9 :30 लाख रुपए भी खर्च हुआ है। इसका फायदा गांव के साथ ही पूरे विकासखंड के लोगों को मिलेगा। गांव में पूरी तरह से आधुनिक खेल मैदान बनकर तैयार हुआ है।

–केडी गोस्वामी, डीसी मनरेगा

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, चार पर केस

**बहराइच, अमृत विचार :** रामगांव थाना क्षेत्र निवासी महिला की देर रात को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मायके पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या और दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जनपद में नवाबगंज निवासी मैसर जहां का विवाह राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर गोडवा निवासी सहजाद के साथ हुआ था। शनिवार रात को महिला का शव घर में फंदे से लटकता मिला। परिवार के लोगों ने पुलिस के साथ मायके में जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक महिला के पिता की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या, मारपीट करने और दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अपराध नियंत्रण पर सक्षम है बहराइच पुलिसः एडीजी जोन

बहराइच

**अमृत विचारः** जिले में रविवार को एडीजी गोरखपुर जोन केएस प्रताप पहुंचे। उन्होंने आपरेशन कवच और लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक की। अपराध पर अंकुश के लिए थानाध्यक्षों के साथ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एडीजी जोन गोरखपुर केएस प्रताप रविवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। पहली बार जिले के दौरे पर आए एडीजी जोन को पुलिस टीम ने सलामी दी। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन में पुलिस के अधिकारियों व कर्मियों के साथ मीटिंग की। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश के लिए बहराइच पुलिस तत्पर है। आगे भी अपराध पर अंकुश लगाने का काम होगा। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मीटिंग की गई है और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। एडीजी ने कहा कि इंटरनेशनल बॉर्डर को देखकर ऑपरेशन कवच पर जोर दिया जा रहा है। अपराधियों पर जिला बाजार की कार्रवाई की जा रही है जीरो टॉलरेंस के आधार पर सभी अपराधियों पर कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा। इसके बाद एडीजी ने जिले के थानों में तैनात थानाध्यक्षों को सुरक्षा को लेकर टिप्स दिए। एडीजी की मीटिंग पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, एएसपी ग्रामीण, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया, कैसरगंज, रूपेंद्र गौड़, नानपारा राहुल पांडेय, प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा, दद्दन सिंह, अमितेंद् सिंह, कमल शंकर चतुर्वेदी, रानीपुर आरती वर्मा, सौरभ सिंह, ब्रिजा प्रसाद समेत सभी 23 थानों के थानाध्यक्ष और सीओ मौजूद रहे।


पुलिस लाइन में बैठक करते एडीजी । अमृत विचार

# संजय सेतु पर रह-रहकर लग रहा जाम, यात्री परेशान

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** लखनऊ बहराइच मार्ग पर स्थित संजय सेतु पुल ने दो दिन पूर्व दरार आ गई थी। जिसका मरम्मत कार्य पीएमसी की ओर से करवाया जा रहा है। मरम्मत कार्य के चलते रह–रह कर जाम लग रही है। लखनऊ से आने और जाने वाले यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।जरवलरोड थाना क्षेत्र में लखनऊ बहराइच मार्ग संजय सेतु पुल के कोठी संख्या 10 के पास तीन दिन पूर्व शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे के आसपास पुल का गाटर टूटने से बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई थी। बीच पुल पर आई समस्या के चलते हजारों की संख्या में वाहनों का जाम लग गया था मौके पर पहुंचे पीएमसी वी नहीं के कर्मियों द्वारा घंटो कड़ी मशक्कत के बाद जाम को बहाल कराया गया। तीन दिन बाद मौके पर पहुंचे पीएनसी के कर्मियों के द्वारा मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है। जानकारी देते हुए पीएनसी के इंजीनियर प्रमोद यादव ने बताया गटर को जोड़कर टूटे हुए पुल को सही कर दिया गया है। गाटर दोबारा न टूटे इसके लिए लोहे का एक पैनल ऊपर से डाला गया है। देर शाम तक दोनों तरफ से वाहनों का संचालन शुरू हो जाएगा अब किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।


संजय सेतु का मरम्मत कार्य करते कर्मचारी।

## बीमारी से तंग महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**बहराइच :** मायके में रह रही महिला ने बीमारी से परेशान होकर फंदा लगाकर जान दे दी। परिवार की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दरगाह थाना क्षेत्र के सुसरौली निवासी 30 वर्षीय महिला रामदेवी ने बीमारी से तंग आकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। परिजनों का कहना है कि लंबे अरसे से वह बीमार चल रही थी। जिसको लेकर वह मानसिक रूप से विक्षिप्त भी हो गई थी। महिला की शादी वर्ष 2006 में पड़ोसी जनपद श्रावस्ती के गिलौला थाना छेत्र के मनोहरा में की गई थी। मृतक रामदेवी के दो बच्चे भी हैं। मृतक महिला के भाई राहुल ने बताया कि मायके में बहन ने फंदा लगाकर जान दी है।

## सार-संक्षेप

### अटल आवासीय विद्यालय के लिए आयोजित हुई प्रवेश परीक्षा


प्रवेश परीक्षा के दौरान मौजूद छात्राएं और अधिकारी। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** श्रम विभाग की ओर से संचालित बालक और बालिका विहान विद्यालय के छात्र/छात्राओं की परीक्षा रविवार को आयोजित हुई। इन विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित हुई सफल अभ्यर्थियों को अटल आवासीय विद्यालय में निशुल्क प्रवेश के साथ शिक्षा मिलेगी। गोंडा में अटल आवासीय विद्यालय का संचालन होता हैं। इस विद्यालय में पढ़ाई के साथ खेलकूद और रहने खाने की फ्री सुविधा है। ऐसे में अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए रविवार को प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई। श्रम अधिकारी सिद्धार्थ मोदयानी ने बताया कि समाजशास्त्र विभाग की ओर से संचालित बालिका विहान विद्यालय से 24 छात्राएं और बालक विद्यालय से छह छात्रों ने प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए शहर के महाराज सिंह इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया था। वार्डेन प्रिया प्रसाद ने बताया कि रविवार को कक्षा छह और नौ कक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित हुई। प्रवेश परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों को अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश मिलेगी। इस दौरान कोतवाली नगर और देहात की पुलिस के साथ श्रम अधिकारी, वार्डेन मौजूद रहे।

### बाइक सवार की चाइनीज मांझे से गर्दन कटी

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के कैथाचक गांव निवासी एक प्लंबर कर्मी बाइक से रविवार दोपहर में स्टेडियम के निकट से जा रहा था। तभी वह चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया। जिससे उसकी गर्दन कट गई, उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राम गांव थाना क्षेत्र के कैथाचक गांव निवासी सुभाष यादव पुत्र पप्पू यादव प्लंबर का काम करता है। रविवार को वह बाइक से पानी टंकी की तरफ जा रहा था। कोतवाली देहात के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम के निकट बाइक सवार चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया। जिससे उसका गला कट गया, वह जमीन पर ही गिर गया। आसपास के लोगों की मदद से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया मेडिकल कॉलेज की जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर शिल्पी ने बताया कि इलाज के बाद से सेहत में सुधार है। उधर निरंतर लोग चाईनीज मांझे की चपेट में आ रहे हैं। दो दिन पूर्व भी कोतवाली देहात क्षेत्र में ही खेत जाते समय किसान का गला कट गया था। इलाज के बाद वह ठीक हुए थे।


घायल हुआ युवक।

### मेड़ के विवाद में चार घायल, जिला अस्पताल रेफर

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के कोड़री गांव में मेड के विवाद को लेकर भाई आपस में भिड़ गए। दोनों भाई के परिवार के लोगों ने जमकर मारपीट करते हुए धारदार हथियारों का प्रयोग किया। जिसमें दोनों पक्ष के छह लोग घायल हो गए। चार घायलों को हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। दोनों पक्ष के आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम कोड़री गांव निवासी राम कुमार और किशोरी भाई हैं। दोनों का खेत आसपास स्थित है। शनिवार शाम को राम कुमार ने खेत के मेड़ को काट दिया था। इसको लेकर किशोरी और सुखराम नाराज थे। सभी ने मेड़ की कटान अधिक होने की बात कहते हुए विवाद शुरू कर दिया। इसके बाद सभी ने एक दूसरे पर लाठी डंडे के साथ धारदार हथियार का प्रयोग किया। मारपीट में राम कुमार, कृपा राम, मनीराम, अमिरका और भुलाई समेत छह लोग घायल हो गए। सभी सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां चार घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक एसके सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों पक्ष के आठ लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार अन्य धाराएं भी बढ़ाई जा सकती हैं।

### मलबा गिरने से महिला घायल, भर्ती

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला गुलाम अलीपुर में किराए के मकान में रह रही एक महिला के ऊपर रविवार दोपहर में छत का मलबा गिर गया। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आसपास के लोगों ने महिला को मलबे से बाहर निकलवाया। इसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। महिला का इलाज चल रहा है। डॉक्टर के मुताबिक महिला की हालत गंभीर, लेकिन स्थिर बनी हुई है।

### तीन वारंटियों को भेजा जेल

**बहराइच, अमृत विचार :** नवाबगंज पुलिस ने वांछित चल रहे अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार पांडे ने बताया कि उप निरीक्षक रंजीत यादव, उप निरीक्षक चंद्रिका प्रसाद और दीवान हंसराज यादव की टीम ने रविवार को उमरिया गांव निवासी हसनू पुत्र बद्री, बृजमोहन पुत्र कृपाराम और ननकू पासी पुत्र गया राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन सभी के विरुद्ध कोर्ट ने वारंट जारी किया है।

# पुजारी ने पौराणिक मंदिर को बताई अपनी निजी संपत्ति

नानपारा, बहराइच

**अमृत विचार :** नानपारा के माधव दास मंदिर में सनातनियो की बैठक प्रमोद नाग की अध्यक्षता मे की गईं। जिसमे मन्दिर पुजारी प्रेम नाथ दीक्षित द्वारा पिछली बैठक में प्रस्तावित कार्यवाही को मन्दिर पुजारी द्वारा नकारते हुए पौराणिक मन्दिर को अपनी निजी सम्पत्ति बताते हुए जाल साज कर बनाए गए ट्रस्ट को निरस्त न कराए जाने की बात कही। जिसका बैठक में मौजूद जन मानस ने विरोध किया।

मन्दिर पुजारी प्रेम नाथ दीक्षित ने न्यायालय में वाद के बाद मन्दिर में कोई भी जीर्णोद्धार न करने की बात कही। बताते चले मन्दिर पुजारी ने फर्जी तरीके चोरी छुपे से ट्रस्ट बना लिया था साथ ही विगत सप्ताह चोरी छिपे पौराणिक मन्दिर का गर्भ गृह तोड़ दिया था। जिसका जब समाज ने विरोध किया तो पुजारी ने निजी सम्पति बताई थी। जिसपर विगत 11 फरवरी को समाज ने बैठक कर एक सप्ताह में फर्जी ट्रस्ट को निरस्त कराने व गर्भ गृह को पुनः उसी तरह बनाए जाने की सहमती बनी थी। जिसे पुजारी ने नही माना। जिसपर रविवार को पुनः बैठक हुई। जिसमे पुजारी ने न्यायालय में जाकर स्वामित्व की दर्शाने की बात ऐलानिया तौर पर कहते हुए मन्दिर को निजी सम्प्पति की बात दोहराई। इस मौके पर पुनीत श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार गुप्ता ,राजकुमार गुप्ता, राजेश पटवा , बंशीधर रस्तोगी ,मोहित मित्तल , हिमांशु सिंह , प्रदीप जायसवाल, आर एस एस नगर कार्यवाहक आनंद श्रीवास्तव राहुल कश्यप किशुन सिंह, राज कुमार, दिलीप जायसवाल , राजेश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## संजीव को दौड़ में मिला दूसरा स्थान

**बहराइच, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश एथेलेटिक्स एसोसिएशन के तत्त्वाधान में लखनऊ में आयोजित हो रही 58वी यूपी स्टेट एनुअल जूनियर्स अंडर 20 एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में रामगांव क्षेत्र निवासी संजीव कुमार सिंह ने 100 मी दौड़ में प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है और नेशनल चैम्पियनशिप के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है। यह प्रतियोगिता लखनऊ के सांई सेंटर पर आयोजित हो रही थी। रामगांव थाना क्षेत्र के टेडिया भयापुरवा निवासी संजीव कुमार अभी हाल ही में महाराष्ट्र में आयोजित हो रही एसजीएफआई स्कूली गेम्स में फाइनलिस्ट रहे है। डिस्ट्रिक्ट एथेलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह टिंकू ने बताया की संजीव के जिले आगमन पर उनका स्वागत किया जाएगा। संजीव के मैडलिस्ट बनने पर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सुनील कुमार राय , सचिव अटल सिंह , कुशमेन्द्र सिंह राणा , वीरेंद्र पाल सिंह , रामु लाल , प्रभारी क्रीड़ाधिकारी अनुपमा धानुक , उपक्रिड़ाधिकारी अभिषेक धानुक , कैलास यादव , सहित खिलड़ियों में खुसी व्याप्त है।



# 17.42 लाख से बनेगा संपर्क मार्ग

पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र अंतर्गत पटीहाट चौराहे से बड़कागांव तक जाने वाले लगभग डेढ़ किलोमीटर तक के सम्पर्क मार्ग का विधायक सुभाष त्रिपाठी ने शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। इससे क्षेत्र के लोगों में खुशी हुई।

पयागपुर इकौना मार्ग स्थित पटिहाट चौराहे पर बड़ागांव जाने वाले संपर्क मार्ग के सीसी व पेंटिंग कार्य का शिलान्यास रविवार को विधायक सुभाष त्रिपाठी ने किया। शिलान्यास करते हुए विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार में प्रत्येक गांव को मुख्य संपर्क मार्ग से जोड़ने का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि बड़कागांव संपर्क मार्ग कुल एक करोड़ सत्रह लाख बयालीस हजार की कीमत से 13.20 किलोमीटर सड़क जिसमे से600मीटर सी सी रोड और सात सौ बीस मीटर पेंटिंग रोड है।कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी ओमप्रकाश पांडेय,राधेश्याम तालुकदार,मंगलप्रसाद शुक्ल,दद्दू कोरी,ग्राम प्रधान शब्बीर अहमद,पूर्व प्रधान दद्दन सैनी,बाबा दीन वर्मा और प्रमोद पांडेय,किन्चू मिश्र, विनोद तिवारी, अमरेन्द्र शुक्ल,प्रधान विमलेश तिवारी,रामजी पाण्डेय सहित तमाम क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



सड़क मार्ग का शिलान्यास करते विधायक। अमृत विचार

## 30 मामलों में एक का सुलह-समझौता

**बहराइच, अमृत विचार :** परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन में पारिवारिक मामलों की काउंसिलिंग की गई तथा 01 परिवार को बिखरने से बचाया गया। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में पुलिस लाइन में परिवार परामर्श केन्द्र पर रविवार को काउंसिलिंग हुई। काउंसलर फहीम किदवई, डीपी सिंह, सरजीत सिंह, अजय शर्मा, अनुराधा श्रीवास्तव, रंजना उपाध्याय व महिला थाना प्रभारी निरीक्षक शीला यादव, महिला आरक्षी सविता मिश्रा, गिरिजावती, छाया द्विवेदी, निशी त्रिवेदी व अन्य परामर्शदाताओं की उपस्थिति में पारिवारिक मामलों में सुलाह–समझौते का प्रयास किया गया। परिवारों में विघटन न हो इस कारण से परामर्शदाताओं का सहयोग लेकर प्रत्येक रविवार को थाना परिसर में पक्षकारो के मध्य समझौता कराया जाता है। महिला थाना प्रभारी व टीम के अथक प्रयास से कुल 30 प्रकरणों में से 1 प्रकरण में सुलह समझौता व 2 प्रकरण निरस्त किए गए।

इतिहास के झरोखे से — ग्रामीण क्षेत्रों में भी लक्जरी वाहन से जाते हैं बाराती

# आधुनिकता की चकाचौंध में अब नहीं दिखते डोली और म्याना

राजकुमार शर्मा,बाबागंज, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले में सहालग खत्म होने के कगार पर है, कहीं भी अब पुराने जमाने में चल रहे डोली म्याना दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। समय की नजाकत को समझिए कि आज के 30 वर्ष पहले भारत देश के ग्रामीण क्षेत्रों में जब सहालग शुरू में होता था तो डोली म्याना और कहार वालों की चांदी हो जाती थी। सहालग के दौरान अच्छी खासी कमाई भी होती थी। लेकिन आधुनिकता की दौड़ में डोली म्यानाऔर कहार कहां चले गए कोई पता नहीं।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में दशकों पहले डोली और म्याना से बारात जाने पर लोगों को देखने के लिए उत्सुकता होती थी। लेकिन अब यह सभी धीरे धीरे इतिहास बनकर रह गए हैं। कहने की बात यह है कि, जब डोली म्याना में सज कर दूल्हा बारात लेकर अपने ससुराल पहुंचता था तो बड़े भव्य तरीके से स्वागत किया जाता था और बैलगाड़ी में सवार होकर बाराती भी जाते थे। सहालग शुरू होने के पहले ही कहार जो डोली म्याना लेकर चलते थे। वह अपनी डोली म्याना को दुल्हन की तरह सजाने का काम शुरू कर देते थे, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की कोई परेशानी डोली म्याना से न हो। लड़की की विदाई भी पहले के जमाने में डोली म्याना में ही होती थी, और कहार डोली म्याना लेकर लड़की के ससुराल पहुंच जाते थे। जहां पर लड़की के ससुराल वालों के द्वारा डोली म्याना का पूजन किया जाता था, तथा डोली से उतारने के दौरान दुल्हन का नेग भी लिया जाता था। लेकिन आज के आधुनिक समाज ने इन सब चीजों को गायब कर दिया, अब डोली म्याना की जगह नई-नई चमचमाती लग्जरीज गाड़ियों ने स्थान ले लिया। जिसमें अब भारी भरकम का खर्चा भी आता है और अनेकों प्रकार की दुर्घटनाएं भी होनी शुरू हो गई। पता नहीं कितने लोग अचानक काल के गाल में समा गए। ऐसे में डोली और म्याना की बारात और दुल्हन की विदाई अब इतिहास बन गई है।


बहराइच के बाबागंज क्षेत्र में सड़ रही डोली।

### हो रहा अधिक खर्च

आधुनिकता की चकाचौंध में लोग लग्जरी वाहनों का प्रयोग कर समय तो बचा रहे हैं। लेकिन उन्हें खर्च अधिक उठाना पड़ रहा है। ऐसे में ग्रामीणों को अपनी परंपरा को जीवंत बनाए रखने की जरूरत है।

### कहारों ने चुन लिया दूसरा व्यवसाय

डोली और म्याना से दुल्हन को लाने और ले जाने का काम पहले कहार करते थे। लेकिन आधुनिकता की दौड़ में जैसे ही डोली और म्याना सड़ने लगे। वैसे ही कहार समुदाय के लोगों ने दूसरा काम पकड़ लिया। अब सभी मिट्टी के बर्तन बनाने में लगे हुए हैं।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते ।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधम : ॥

बिना बुलाए ही किसी भी स्थान पर चले जाना और बिना कुछ पूछें बोलना, जिन पर विश्वास नहीं किया जा सकता, ऐसे लोगो पर विश्वास करना यह सभी मूर्ख और बुरे लोगों के लक्षण हैं।

## संपादकीय

# एआई की नैतिकता

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ही नहीं बल्कि किसी भी तकनीकी का इस्तेमाल विकास या विनाश फैलाने के लिए किया जा सकता है। एआई अक्सर विवाद का शिकार बनती है। प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के बारे में दुनिया भर में कई बातचीत हो रही हैं। प्रौद्योगिकी से किस तरह सार्वजनिक कल्याण में वृद्धि हो सकती है, वो भी महत्वपूर्ण मानवीय संपर्क को हटाए बिना, जो कि सरकारों व नागरिकों के बीच संवाद के लिए बेहद अहम है। एआई, जलवायु परिवर्तन से निपटने और एसडीजी हासिल करने में योगदान दे सकती है। उदाहरण के लिए, एआई को किन भूमिकाओं में इंसानों की जगह लेनी चाहिए? व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा और मानवाधिकारों के संभावित उल्लंघन के लिए क्या किया जा रहा है? उस डेटा का उपयोग कैसे किया जाना चाहिए और इसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना चाहिए? एआई टूल का उपयोग कैसे किया जा सकता है और कैसे किया जाना चाहिए, इसके लिए स्पष्ट और संक्षिप्त दिशानिर्देशों के बिना, दुरुपयोग और कानूनी परेशानी की संभावना है। हालांकि यूरोपीय संघ ने भी हाल ही में दुनिया का पहला व्यापक एआई कानून, एआई अधिनियम पारित करके एक मिसाल कायम की है। चीन ने एआई नियमों का अपना सेट विकसित किया है जो लगातार विकसित हो रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका अभी एआई विनियमन के शुरुआती चरण में है और पारित किए गए अधिकांश कानून केवल राज्य स्तर पर लागू होते हैं। एआई नैतिकता को अभी भी एक लंबी यात्रा तय करनी है कई विशेषज्ञों का तर्क है कि नैतिक एआई एक जिम्मेदार भविष्य के लिए आवश्यक है जहां हम सामाजिक भलाई, स्थिरता और समावेशन जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। यूनेस्को ने पहली बार 2021 में, एआई की नैतिकता पर अपनी सिफारिशें पेश की थीं, जब दुनिया का अधिकांश हिस्सा एक और अन्तर्राष्ट्रीय संकट, कोविड-19 महामारी से घिरा था। एआई के दोहरे इस्तेमाल को लेकर असमंजस की स्थिति इसलिए भी है क्योंकि अभी तक कोई ये समझ नहीं पाया है कि आम जीवन में इसका क्या असर होगा, फिर भी सभी एआई क्षेत्र के लीडर बनने की दौड़ में हैं। एआई टूल्स को विकसित करने वाली कंपनियों में पिछले 4-5 साल में निजी पूंजी निवेश में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। कुल मिलाकर ये कहा जा सकता है कि एआई पर अविश्वास करना एक अच्छा संकेत है। जिस तरह एआई टूल्स विकसित किए जाते हैं उसे देखते हुए इन पर पूरी तरह भरोसा करना ठीक नहीं है लेकिन साथ ही ये भी याद रखना जरूरी है कि स्वास्थ्य, शिक्षा और सतत विकास के क्षेत्र में एआई का बेहतरीन इस्तेमाल हो सकता है। यूनेस्को की सिफारिशों ने वास्तव में हमें एआई और नियमों के बारे में आलोचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद की है।

# खेती कागज पर नहीं भूमि पर होती है



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**ऐसे हुई हमारे गांव में हरित क्रांति और, एमएसपीकी व्यवस्था और इसका गणित तो इतना उलझा हुआ मामला है कि इसे अपढ़ किसान कैसे समझ पाता है, मुझे आश्चर्य होता है। असल खेती अपने परिवार के साथ सन 1920 से 1970 तक हुई जब कृषि कुछ लाभकारी हुई थी इससे पहले और बाद में यह घाटे का ही धंधा रहा।**

डॉ.एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने के बाद भी वे लोग इनके नाम से अपरिचित हैं जिनके जीवन काल में हरित क्रांति का दौर रहा था। ग्राम्यांचलों में रह कर खेती करने वाले अधिकतर ऐसे किसान अब 75 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं। हरित क्रांति हुई तो मेरी उम्र भी करीब 13 वर्ष की थी। खेत कार्य कौन करता था, कैसे होता था और सरकारी मदद कितनी और कैसे मिलती थी, मुझे सब याद है। हमारे खेत में हरित क्रांति का दौर तो नहीं आया, लेकिन जमीन की कीलेबंदी (कंसोलिडेशन ऑफ़ लैंड होल्डिंग्स) सन 1964 तक हो चुकी थी। करीब आधी से अधिक हमारे खेती की जमीन में नहरी सिंचाई संभव थी। हरित क्रांति के शुरूआती दौर में भी हम पशुओं के गोबर और घरेलू कूड़ा-करकट से बनाई गई हरी खाद ही खेतों में डालते थे। ईख काटने के बाद गेहूं की फसल उन्हें कीलों में, अर्थात 4000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की क्यारियों में बोई जाती तो अच्छी हुआ करती। एक कीले में तीन साल में एक बार हरी खाद डाली जाती थी। घर में 30-35 पशु हुआ करते। फसल का बीज अपना खुद का होता था अर्थात 'फार्मर्स वैरायटी'। बीज को किसान लोग आपस में अदला-बदली किया करते थे।

हमारे खेत में उपज के बतौर 200 मण गेहूं और करीब 300 मण से ज्यादा चना पैदा हुआ करता था। घर में 10-12 बैल होते थे, चार हळ थे जिन्हें घर के ही चार जन जोतते थे। बहुत समय तक आधी जमीन में ही बुवाई हुआ करती क्योंकि बरसात न होने या साधन नहीं होने से यह छूट जाती थी। कुछेक बार खरीफ की फसल नहीं बोई जाती ताकि जमीन अपनी उपजाऊ शक्ति पुनर्प्राप्त कर ले। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक़ हमारे संयुक्त परिवार के पास खेती की जमीन 90 एकड़ के आसपास है। अब इसमें सिर्फ धान, गेहूं, बरसीम,ज्वार ही बोई जाती है। संयुक्त परिवार टूट जाने से अब ईख नहीं बोई जाती क्योंकि यह आदमी से काफी मेहनत करवाती है। इसके लिए मानव श्रम की बहुत जरूरत होती है जो एकल-परिवार जुटा नहीं पाते। पहले 'बाड़ी' भी बोई जाया करती। इसके मेच्योर पौधे से कपास प्राप्त होती है। पहले देसी या काली बाड़ी बोई जाती थी। आजकल

**हालांकि तर्क के हिसाब से और आंकड़ों से खेल कर ये लोग गलत बात तो नहीं कर रहे, लेकिन खेती का हिसाब एमएसपी और बाज़ार के आंकड़ों से बहुत ऊपर एक अनोखे मिजाज़ वाला खेल है जिसे धरती पर खेती करने वाला ही महसूस कर सकता है।**

हमारे इलाके में न चना होता है न बाड़ी क्योंकि यह 'उगल' जाते हैं अर्थात धरती में नमी की अधिकता के कारण या मिट्टी में कुछ पोषक तत्वों की कमी के कारण उगते ही नहीं। कभी-कभार मेथी भी बो ली जाती है। पहले बारानी खेती के बतौर आषाढ़ में खरीफ की फसल बोते समय बाजरा बोया जाता था। हमारे कुनबे के अब तो शायद 20 हिस्से हो चुके हैं। ग्यारह हिस्सों में से भी सिर्फ चार हिस्सों वाले खुदकाश्त हैं बाकी की जमीन परिवार में ही ये चार हिस्सों वाले बोते हैं और मालिक को रेंट देते हैं अर्थात सालाना कैश, जो कि प्रति एकड़ रु.25-30 हज़ार है। पूरे पश्चिमोत्तर भारत में जो किसानी और जो संयुक्त परवार सन 1960 तक थे, अब वे स्ट्रक्चरल तौर से वैसे नहीं रहे हैं। तहसील में जमीन को हस्तांतरित करवाने वालों की अब भीड़ लगी रहती है। लेकिन उस समय ऐसा नहीं था। खाता नंबर बदलवाने का जिक्र भी अगर अलग हुआ परिवार करता तो उसे बुरा-भला कहा जाता और उसे धमका कर कहा जाता कि यह बुजुर्गों के सम्मान के अनुकूल नहीं। लेकिन देखा गया कि इसका नतीजा बुरा हुआ। हमारा गांव और खेत हरित क्रांति के प्रभाव से अछूता ही रहा और किसानी करने वाले हम लोग भी। बाद में, शायद हरित क्रांति (सन 1967-1978) का दौर ख़त्म होने के बाद ही, हमारे खेतों में फसलों से अधिक उपज लेने के लिए रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल होने लगा था। सन 1795 के बाद से फार्मर्स वेरायटीज ख़त्म हो गई और बीज लेने के लिए बीज वितरकों के यहां लाइन लगने लगी। ये बीज सरकार देती थी और वितरण या तो अनाज मंडी में दूकानदार लोग किया करते या सरकारी वितरण केंद्र से मिला करते। गांव में कोआपरेटिव सोसाइटी के दफ्तर से भी ये दोनों अर्थात बीज और रासायनिक उर्वरक मिलता था। परन्तु कोआपरेटिव सोसाइटी के सदस्यों को ही। लेकिन अब कमी के चलते इसके लिए भी मार-काट मचती है। लेने के लिए या तो शहर आना होता है या फिर बोने के लिए कुछ नहीं होगा तो खेत खाली पड़ा रहेगा। इनके वितरण में कुप्रबंधन हावी है। गांव में हल की खेती बिलकुल ख़त्म हो चुकी है। कभी 300 से अधिक हल होते थे अब करीब सौ की संख्या में ट्रेक्टर हैं। गांव की खेती की जमीन 28 हजार बीघा है यानी कि करीब 4000 हेक्टेयर। आबादी है 12 हज़ार। गांव के 30 प्रतिशत लोग नौकरी पेशा है और गांव के जो लोग बाहर चले गए हैं और अभी नाता रखे हैं उनकी संख्या भी 3 हजार से कम न होगी। गांव के लोग अपने ही घर के नौकरी पेशा लोगों को पसंद नहीं करते, क्योंकि खेती की जितनी जमीन का टाइटल इनके नाम है और इसे सगे-संबंधी बोते हैं वे इन्हें मन से उपज का पूरा हिस्सा या किराया नहीं देना चाहते, लेकिन कानूनी रूप से बाध्य हैं। कारण यह कि खेती बहुत हाड़-तोड़ काम है और बचत शायद 5 प्रतिशत भी नहीं जबकि हिस्सा करीब 40-50 प्रतिशत तो देना ही होता है।

ऐसे हुई हमारे गांव में हरित क्रांति और, एमएसपीकी व्यवस्था और इसका गणित तो इतना उलझा हुआ मामला है कि इसे अपढ़ किसान कैसे समझ पाता है, मुझे आश्चर्य होता है। असल खेती अपने परिवार के साथ सन 1920 से 1970 तक हुई जब कृषि कुछ लाभकारी हुई थी इससे पहले और बाद में यह घाटे का ही धंधा रहा। सन 1900 के अंग्रेजों ने उत्तर प्रदेश और पंजाब में नहरों का जाल बिछा दिया और सिंचाई में बेशक हिन्दुस्तानी लोग काम करते रहे, लेकिन अंग्रेज़ अफसरों की तीखी निगाह इनके काम काज पर रहती थे। इरीगेशन चैनल्स की निगरानी खुद करने के लिए इन्होंनें नहरों के किनारे और हेड-वर्क्स पर शानदार इंस्पेक्शन बंगलों का निर्माण किया। नहरों के किनारे कैनाल इंस्पेक्शन रोड्स बनवाए जिनकी देखभाल सन 1960 तक भी शानदार तरीके से हुई। अब सब चौपट है। मौसम की मार और अब की मंहगाई ने खेती को भी चौपट कर दिया है। जिस घर में नौकरी और खेती दोनों हैं, तब यह मान कर चलें कि खेत की कमाई तो खेत में ही खप जाती है और नौकरी से मिलने वाले वेतन से घर चलाया जाता है। जिनके यहां पक्की या कच्ची नौकरी भी नहीं है, वे पशु का दूध बेचकर गुज़ारा करते हैं। मुझे पक्का विश्वास है कि एमएसपी से खेती को सस्टेन करना मुश्किल हो रहा है। यह अलग बात है कि आदतन एक किसान अपने खेत को खाली नहीं छोड़ता और अपने अलावा दूसरों के लिए भी अन्न उगाता है। अपने लिए जो पशु दूध के लिए रखे हैं उनके दूध को भी दूसरों से शेयर करता है।

मेरा दावा है कि एमएसपी पर बात करने वाले लोग एक किसान के दो दुधारू पशुओं की देखभाल का पूरा काम खुद एक सप्ताह भी नहीं कर पाएंगे, खेती करना तो दूर रहा। आठवें दिन ये लोग एम्स में भर्ती होकर कराहते मिलेंगे। खेती में लगने वाली लागत का मूल्य तो एग्रीकल्चरल प्राइस कमेटी आंक लेती है लेकिन मनुष्यों का दुःख-दर्द, इनके अभाव, समय और खेत-कार्य का अलावा लगने वाला श्रम और तकलीफों का आकलन क्यों नहीं करती? मेरा मानना है है कि यह सब करने वाला सरकारी अमला अगर एक साल तक खुद खेती करके खुद तजुर्बा हासिल करे तो उसे मालूम हो जाएगा कि सब्सिडी और एमएसपी, जख्म पर मरहम मात्र लगाने वाला उपक्रम है। उन्हें मालूम हो जाएगा खेती कॉमर्स नहीं है बल्कि मुल्क के लोगों को जीवित और स्वस्थ रखने का एकमात्र उपाय है। खेती पर लिखने वाले इधर-उधर से लेकर या सरकारी वेबसाइट से डाटा लेकर लिख रहे हैं। इनके अपने वास्तविक अनुभव शून्य हैं। हालांकि तर्क के हिसाब से और आंकड़ों से खेल कर ये लोग गलत बात तो नहीं कर रहे, लेकिन खेती का हिसाब एमएसपी और बाज़ार के आंकड़ों से बहुत ऊपर एक अनोखे मिजाज़ वाला खेल है जिसे धरती पर खेती करने वाला ही महसूस कर सकता है। मेरे गांव के अधिकतर किसान क़र्ज़ के बोझ से दबे हुए हैं और इसे उतार पाएंगे, ऐसी उम्मीद भी नज़र नहीं आती।

## प्रसंगवश

# अपरिवर्तनीय सत्य



मोहन सिंह बिष्ट
पत्रकार

भारतीय हिंदू समाज में प्रचलित रूप चार वर्णों में विभाजित किया गया है जिसे मूलतः जन्म आधारित माना जाता है। सनातन संस्कृति के प्रारंभिक काल में ये वर्ण व्यवस्था जन्म आधारित न होकर कर्म आधारित थी।

वैश्विक रूप से जातियां एक समुदाय विशेष से ताल्लुक रखती हैं तथा उनका वर्ण विभाजन जन्म आधारित नहीं होता। उनके उद्गम में एक क्षेत्र विशेष आता है। वह विश्व का कोई कोना गांव का नाम अथवा किसी वरिष्ठ पारिवारिक सदस्य का नाम उसको प्राप्त सम्मान या उपाधि हो सकता है। इसके अलावा विभिन्न जातियों का स्रोत उनका पारंपरिक पेशा इत्यादि भी होता है।

भारतीय सनातन संस्कृति को मानने वाले अथवा हिंदू समुदाय के लोगों की जाति और उपनाम में एक बड़ा और अंतर है वे उपनाम या सरनेम तो बदल सकते हैं परंतु अपना वर्ण नहीं बदल सकते। दूसरी ओर धर्म आधारित व्यवस्था के मूल में प्रत्येक व्यक्ति की आस्था होती है जोकि स्वभाव से देश काल परिस्थिति के अनुसार परिवर्तनशील हो सकती हैं व्यक्ति मूल रूप से चाहे जिस वर्ण, जाति,क्षेत्र अथवा पेशे से हो उसका धर्म उसकी स्वयं की आस्था से निर्धारित होता है। इसका कारण कुछ भी हो सकता है।

आस्था में परिवर्तन कर दूसरे धर्म में आस्थावान हो सकता है अर्थात कोई भी व्यक्ति कभी भी कहीं भी अपनी धार्मिक आस्था में परिवर्तन कर सकता है। परंतु उसके बाद भी अपनी मूल जाति या उद्गम के स्थान में कोई परिवर्तन नहीं कर सकता। अपनी संस्कृति में परिवर्तन नहीं कर सकता धर्म और जाति में इस बड़े भेद को समझने से काफी हद तक वर्तमान में आपसी वैमनस्यता,धर्म संप्रदाय और जातिगत शत्रुता समाप्त हो सकती है कि वास्तव में धर्म और जाति के नाम पर मनुष्य और मनुष्यता में भेद करना मात्र आधुनिक समाज की अज्ञानता है। आज विज्ञान कहता है, प्राणी मात्र का उदगम एक है तो मात्र आस्था परिवर्तन तथा वर्ण अथवा जाति विभाजन से हम अलग कैसे हो सकते हैं। यही वास्तविक सत्य है और इसी सत्य को सनातन संस्कृति कहती है। मानव जाति एक ही है यह सत्य अपरिवर्तनीय हैं।

# मौसम मस्त चुनाव का : नेताओं के रंग



डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

**चाहे मंच जितना बड़ा हो लेकिन उस पर ताबड़तोड़ चढ़ने वालों की संख्या इतनी बढ़ जाती है कि उनके दबाव से अक्सर ही मंच भी धराशायी हो जाता है।**

अभी चुनाव की घोषणा नहीं हुई है मगर समय नजदीक आते ही वातावरण में नर्मी गर्मी की शुरुआत हो गई है। जैसे वसंत के आने की धमक पौधों की टुंसियाहटें दे देती हैं वैसे ही हर दल के कार्यकर्ताओं की सरगर्मियां बता देती हैं कि मौसम परिवर्तित होने के लिए कसमसा रहा है। धरती के सबसे विशिष्ट, विलक्षण और विचित्र प्राणी मनुष्य के लिए चुनाव का मौसम अद्भुत आनंददायक होता है। इस मौसम में सब मगन मस्त हो जाते हैं। वसंत का उल्लास और फागुन का धमाल चाहे जितना रंग जमा ले; चुनावी मौसम का रंग सबसे आला और निराला होता है। मौसम मस्त चुनाव का, नेताओं के रंग!/ भौंचक होकर देखती,जनता भी हुड़दंग!!

राजनीति के खेल में संवेदनहीनता इतनी बढ़ गई है कि स्वार्थ में अंधे हो गए धृतराष्ट्रीय नेताओं को दुर्योधनी क्रूरता और अराजकता न तो दिखती है और नहीं समझ में आती है। जनता त्रस्त है और वे सत्ता की गद्दी को चाटते हुए मस्त हैं। अपराधी और हत्यारे सुरक्षित हैं। उनके लिए सरकार ने सुरक्षा की पूरी व्यवस्था कर रखी है। बच्चे असुरक्षित हैं इसकी फिक्र किसे है?

नेताजी की जन विश्वास यात्रा शुरू हो गई है। 5 सालों तक गायब रहने वाले अब हाथ जोड़कर उन्माद मचाते हुए जनता के बीच में दांत निपोड़ रहे हैं। अपनी-अपनी बिरादरी के लोगों के बीच नेताओं ने आना-जाना शुरू कर दिया है। जातीयता का नशा भी कैसा अनोखा होता है कि वह सबसे ज्यादा अपना ही अहित करता है। किसी भी नशे का चरित्र और प्रभाव यही तो है कि वह उसके सेवन करने वाले को ही नष्ट करता है। जातीय उन्माद सबसे पहले उसी जाति का विनाश करता है जो इसमें सम्मिलित हैं, फिर वह समाज को तोड़ता है। ऐसे में तय है कि देश कमजोर होगा ही। चाहे मंच जितना बड़ा हो लेकिन उस पर ताबड़तोड़ चढ़ने वालों की संख्या इतनी बढ़ जाती है कि उनके दबाव से अक्सर ही मंच भी धराशायी हो जाता है ठीक वैसे ही जैसे जनता नेता की जीत के बाद धूल चाटती रहती है। नेता भी पूरे जोशो-खरोश में अपने भड़ास, उबाल और छल-फरेब को जनता की भावना भांप कर निकालते रहते हैं। हर दल ने अपनी जन विश्वास यात्रा निकालनी शुरू कर दी है। किसी ने भारत जोड़ो, तो किसी ने सुशासन संवाद, तो किसी ने जन विश्वास, तो किसी ने दुआ-सलाम, तो किसी ने कुछ और और नाम भले ही रख दिया है लेकिन काम और उद्देश्य सबके एक ही हैं कि आसन्न चुनाव में जनता कैसे उनके पक्ष में आ जाए। बड़े ऊंचे ऊंचे बोल, झूठ फरेब, नारे-वादे, घोषणा, आश्वासन और भाषण का दौर शुरू है। जनता भी पहली बार इस तरह के आचरण और व्यवहार को नहीं देखेगी, वह भी अभ्यस्त हो चुकी है।

विचित्र होता है चुनावी मौसम भी, और यह मौसम पूरे वातावरण में ऐसा नशा घोल देता है कि अच्छे-अच्छे लोग भी उन्माद में आ जाते हैं। सबके बोल बिगड़ जाते हैं। चौक-चौराहों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ता ही क्या आम-आवाम भी चुनावी हिसाब किताब और गणित में लग जाता है। ऐसे में दलों और नेताओं की आवाजाही तेज हो जाती है। वे आग बुझाने नहीं बल्कि उसमें घी डालकर उसे और तेज करने तथा अपनी रोटी सेंकने के लिए आते हैं।

चुनावी उन्माद का दौर शुरू है। रंग-बिरंगी पगड़ी बांधे, रंग जमाते शहर, गांव, कस्बों और गली-गली में फैल रहे हैं राजनीति के नए पुराने शोहदे। तमाम प्राणियों के गुण और आचरण को ओढ़कर आ रहे हैं ये। ऑक्टोपस की तरह अपने पंजे की गिरफ्त में लेते चले जा रहे हैं भोले-भाले लोगों को। अब तो चुनावी अभियान में भाषा का भदेस रूप स्थानीय गालियों के साथ प्रस्तुत हो रहा है। जाने किस-किस तरह का गठबंधन बनेगा। इंडिया बना तो उसका हाल बेहाल है, क्योंकि उससे प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने वाले जदयू सुप्रीमो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बाहर हो गए हैं। उन्होंने पाला बदल दिया और फिर ऊंट पहाड़ के नीचे आ गया है। नरेंद्र मोदी से खार खाए हुए नीतीश कुमार बार-बार उन्हीं की शरण में आ रहे हैं। बड़ी विवशता और छटपटाहट में हैं नीतीश जी।

बसपा सुप्रीमो मायावती जाने कहां हैं?और ठीक-ठाक पता नहीं कि सपा नेता अखिलेश यादव की साइकिल की स्थिति क्या है? कांग्रेस के राजकुमार राहुल गांधी की देश-नापो चहलकदमी और मटरगश्ती का हाल क्या है? तृणमूल की आंधी ममता दीदी की नई पैंतरेबाजी कैसी है? बहुत सारी बातें हैं! उत्तर और दक्षिण भारत के अलग-अलग प्रांतों के स्थानीय क्षत्रपों का भी हाल बेहाल है। वे डांवाडोल हैं। इधर जाएं या उधर जाएं - बात नेताजी की समझ में नहीं आ रही है।

## सोशल फोरम

# स्मार्टनेस पर जोर

**इसी कारण देखिए ना , चीन और रूस की कम्युनिस्ट सरकारों तक को अर्थव्यवस्था खोलनी पड़ी। चीन ने 1978– 79 में ही खोल दी।**



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

अब हम एक ऐसी दुनिया की ओर बढ़ रहे है जहां स्मार्टनेस पर जोर है। हर चीज दुबली पतली छरहरी। मोटे का ज़माना गया। आदमी भी स्मार्ट, मोबाइल भी स्मार्ट। आ गया माइक्रो चिप्स का ज़माना। ट्रांजिस्टर का उपयोग करके, हमने रेडियो को छोटा बना दिया है। बाल-पतली फाइबर-ऑप्टिक केबल ने भारी तांबे के तार की जगह ले ली है। माइक्रोचिप्सों ने तो कमाल कर दिया, पता नहीं क्या-क्या अप्रचलित कर दिया।

एक और डाटा आ रहा है कि खुली अर्थव्यवस्थाएं बंद अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में प्रति वर्ष 1.2 प्रतिशत अंक तेजी से बढ़ीं, क्योंकि आप जितने अधिक खुले होंगे, आप विचारों, बाजारों, प्रौद्योगिकियों और प्रबंधन नवाचारों के आज के विश्व नेटवर्क में उतने ही अधिक एकीकृत होंगे, समय के साथ दौड़ सकते हैं।

इसी कारण देखिये ना, चीन और रूस की कम्युनिस्ट सरकारों तक को अर्थव्यवस्था खोलनी पड़ी। चीन ने 1978- 79 में ही खोल दी। अपने ही देश में 1991 में विदेशी मुद्रा के लिए चंद्रशेखर सरकार ने सोना गिरवी रखा और उसके बाद आयी नरसिम्ह राव सरकार / मनमोहन सिंह को अर्थव्यवस्था खोलने पर मजबूर होना पड़ा।

पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के धुर विरोधी मार्क्स महान वैज्ञानिक चिंतक थे, साम्यवाद के प्रवर्तक थे, विज्ञान की तरह बताया कि यह होगा फिर यह होगा और फिर क्रांति होगी, कहीं-कहीं हुई भी पर आज यहां तो सब उलट हो रहा है। हमारे देश के मार्क्सवादियों ने अपने देश से लिहाज़ से सिद्धांत खोजे नहीं, वे आज हर सवाल के जवाब के लिए मार्क्स को ताक रहे हैं और मार्क्स कब्र में हैं, निकलने को तैयार नही। समय और देश की मांग के मद्देनज़र उन्हें नए सिद्धांत गढ़ने होंगे, धुर वाम से केंद्र की तरफ़ चलकर अपनी नई जगह बनानी और उसे मज़बूत करनी होगी।

**-फेसबुक वॉल से**

# जान है तो जहान है



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

**क्रोध, तनाव और विकट परिस्थितियों में असीम धैर्य को बनाए रखना। कठिन न परिस्थितियों में भी अपनी मनस्थिति को बनाए रखने की क्षमता को प्रकृतिस्थता कहते हैं। संपूर्ण विश्व में जो आपाधापी मची हुई है और सब लोग ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, हृदय रोग, अनिद्रा, पक्षाघात तथा कैंसर से पीड़ित दिखाई देते हैं।**

## स्वास्थ्य सुभाषित

जान है तो जहान है अर्थात जान बची रहेगी तो बाद में संसार का सारा आनन्द पुनः उठाया जा सकता है। मृत्यु के बाद सब कुछ व्यर्थ है। इसलिए जीवन सुरक्षित रखना सेहत दुरुस्त रखना हर व्यक्ति का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। हर आदमी को अपना खानपान ,रहन-सहन ऐसा रखना चाहिए जिससे उसकी सेहत ठीक–ठाक रहे। सेहत अच्छी रहे।

**दृष्टांत :** कोविड महामारी के समय अधिकांश लोगों ने अपनी समस्त सार्वजनिक गतिविधियों को सीमित कर, यहां तक कि घर के बाहर निकलना, भीड़ भाड़ से बचना, स्वच्छता के नियमों का सख्ती से पालन करना, मास्क लगाना, परस्पर दूरी बनाए रखना आदि नियमों का पालन किया और उस संकट को पार किया। अपने को कोविड संक्रमण से बचाए रखने का पूरा प्रयास किया। टीका लगवाया। इन सबका प्रतिफल यह हुआ कि हमारे देश में कोविड की भयानकता अन्य देशों की अपेक्षा कम रही। कितने लोगों की जान बच गई।

इस संदर्भ में एक दूसरा अच्छा उदाहरण है उत्तरकाशी के सिलक्लायारा सुरंग दुर्घटना में फंसे 41 खनन मजदूरों का अपने जीवन को बचाने का सामूहिक प्रयास। उन सभी मजदूरों ने पत्थर की शिलाओं से रिसते जल से अपनी प्यास बुझाई, चिवड़े से भूख मिटाई तथा योगाभ्यास किया। यह सब तब तक करते रहे जब तक राहत प्रयास उन्हें बाहर निकालने में सफल हों सके। अपना जीवन बचाने का ऐसा साहसपूर्ण प्रयास विश्व इतिहास में एक कीर्तिमान स्तंभ है और ' जान है तो जहान है' का ज्वलंत उदाहरण है। जंक जहर है, जिगर कहर है। न खाये इसे/ न आएगी नैश की नौबत,न होगी हृदयाघात की आफत।

**व्याख्या :** नैश (NASH) अल्कोहल के अतिरिक्त जैसे जंक भोज्य पदार्थों के कारण जिगर में होने वाली सूजन / प्रदाह जो आगे चलकर भविष्य में सिरोसिस या यकृत कैंसर का रूप ले सकता है। जंक पदार्थों का दिल के ऊपर भी बुरा असर पड़ सकता है। आजकल युवकों में पाया जाने वाला दिल के दौरे का यह भी एक प्रमुख कारण है।

**मांसाहार अनेक दोष / हृदय कैंसर जैव कुदोष।**

**व्याख्या:** मांसाहार विशेषतः लाल मांस खाने से दिल के दौरे की संभावना, बड़ी आंत का कैंसर तथा जैव विविधता (बायोडाइवर्सिटी) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अब इस बात की साधिकारिक पुष्टि विश्व स्वास्थ्य संगठन, विकृति विज्ञानी और सिंगापुर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध से प्रमाणित हो गई है। स्वास्थ्य की दृष्टि से शाकाहार सर्वोत्तम आहार है।

**मोबाईल न असन, दिल घातक कुव्यसन**

(संकेत-असन-भोजन/खाना, दिलघातक- दिल को चोट पहुंचाने वाला/दिल को बीमार बनाने वाला, कुव्यसन- बुरी लत)

**व्याख्या :** मोबाईल को भोजन न समझे। उससे दिन -रात लिपटे न रहे। उसकी लत न लगाएं। लत की हद तक मोबाईल का प्रयोग आंखों की रोशनी पर असर डालेगा। गर्दन और कमर की हड्डियां झुक जाएंगी। सैर , व्यायाम या योग के लिए समय नहीं निकाल पाएंगें। इन सबका सम्मिलित कुफल यह होगा आपका पेट निकल आएगा। वजन बढ़ जाएगा। दिल पर बहुत बुरा असर पड़ेगा और कम उम्र में हृदयाघात (दिल के दौरे) की संभावना बढ़ जाएगी। किशोर-बच्चों को मोबाईल, लैपटॉप या टीवी सब मिलाकर दिन में दो घंटे से अधिक नहीं देखना चाहिए।

**साक्ष्य :** एसजीपीजीआई लखनऊ में किए गए एक शोध के अनुसार जो लोग दिन भर में 3 घंटे से अधिक मोबाईल का उपयोग करते हे उन्हें तोंद, बीपी, तथा शुगर की समस्या कम उम्र में सता सकती है।

**प्रकृतिस्थता:** क्रोध, तनाव और विकट परिस्थितियों में असीम धैर्य को बनाए रखना। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनी मनस्थिति को बनाए रखने की क्षमता को प्रकृतिस्थता कहते हैं। आजकल संपूर्ण विश्व में जो आपाधापी मची हुई है और सब लोग ब्लडप्रेशर,डायबिटीज, हृदय रोग, अनिद्रा, पक्षाघात तथा कैंसर से पीड़ित दिखाई देते हैं उसके पीछे प्रकृतिस्थता का अभाव ही प्रमुख कारण है। जिसने अपने अंदर प्रकृतिस्थता का गुण विकसित कर लिया उसने इन तमाम बीमारियों पर सहज ही नियंत्रण प्राप्त कर लिया। इस संदर्भ में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन का एक प्रसंग बहुत ही अनुकरणीय है जिसकी चर्चा महाकवि तुलसी इस श्लोक में बहुत सुंदर तरीके से करते हैं: प्रसन्नतां या न गताभिषेकस्तथा/ न मम्ले वनवास दुःखतः। मुखाम्बुज श्रीरघुनंदनस्य में,सदास्तुसा मंजुल मंगलप्रदा।। (अयोध्याकांड श्लोक-२,श्रीरामचरितमानस) श्रीराम जनकपुर में विवाह के पश्चात अयोध्या लौट आते हैं और महाराज दशरथ गुरु वशिष्ठ से मंत्रणा के बाद उन्हें राज्याधिकार देने का सुनिश्चय करते हैं। राज्याभिषेक के तिथि की घोषणा हो जाती है। दूसरे दिन सवेरा होते-होते महारानी कैकेयी की कुमति और दुराग्रह के चलते उन्हे चौदह वर्ष वनवास की आज्ञा होती है जिसे राम 'कानन राजू ' समझ कर सहर्ष स्वीकार करते हैं। उनके चेहरे पर विषाद की एक रेखा भी नहीं उभरती। प्रस्तावित राज्याभिषेक के ठीक पहले वह हर्षोन्मत्त भी नहीं थे। ऐसा अद्भुत मानसिक संयम और संतुलन ही व्यक्ति को स्वस्थ और दीर्घायु दे सकता है। इसके विपरीति आजकल का धमाचौकड़ी पूर्ण जीवन केवल असंतोष और तनाव देता है जो अनेक असंक्रामक रोगों का सहज कारण बंनता है।

**अभिवादनशीलता:** 'अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः। चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलम्।। ' स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना करने वाले हर व्यक्ति को अपने से आयु में श्रेष्ठ हर प्राणी का उचित अभिवादन, उसका यथा संभव सेवा -सत्कार अवश्य करना चाहिए। ऐसे अभिवादनशील व्यक्ति की आयु, विद्या, कीर्ति और बल इन चारों में वृद्धि होती है। स्वस्थ और सफल जीवन जीने वाले अनेक लोगों का जीवन हमें हमेशा अभिवादनशील बने रहने की शिक्षा देता है।

**हम दो हमारे दो :** 'दुई सुत सुंदर सीता जाए। लवकुश बेद पुरानन्हिं गाए।।'मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने त्रेता युग के उस काल में सीमित परिवार– 'दुई सुत सुंदर सीता जाए। लवकुश बेद पुरानन्हिं गाए।।' का ऐसा आदर्श रखा जो अब संपूर्ण विश्व को जनसंख्या विस्फोट से बचाने के लिए एक अनुकरणीय अपरिहार्यता बन गई है। ध्यातव्य है कि भारत सरकार ने बहुत वर्षों पहले अपरिमित बढ़ती हुई आबादी पर नियंत्रण पाने के लिए इस नारे की बहुत जोर शोर के साथ घोषणा की थी- 'हम दो हमारे दो'। पर हमारे मर्यादा पुरुषोत्तम तो इस बात का जीवंत उदाहरण हमारे सामने हजारों वर्ष पूर्व रख दिया था। स्वस्थ सामाजिक संरचना के लिए ऐसी संतति – संकल्पना शायद ही किसी अन्य ने प्रस्तुत किया हो।

## एक नजर

### बाइक की ठोकर से वृद्ध की मौत

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार। चांदा कोतवाली क्षेत्र के सोनावां गांव निवासी जगदीश प्रसाद पांडेय (69) अपनी दुकान से घर जा रहे थे। सोनावा गांव के ही समीप लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग के फोरलेन पर तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। ग्रामीणों द्वारा उन्हें आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जगदीश पांडेय को मृत घोषित कर दिया।

### बाइकों की भिड़त में दो लोग गंभीर रूप से घायल

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार। जौनपुर जनपद के सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के केवटली गांव निवासी नरसिंह मिश्र (75) लंभुआ थानाक्षेत्र के बरुआ से अपने घर वापस जा रहे थे। चांदा थाना क्षेत्र स्थित कालीकागंज चौराहे के समीप प्रतापगढ़ जनपद के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के सोनपुरा निवासी अतुल उपाध्याय (26) पुत्र अशोक उपाध्याय की बाइक से नरसिंह की बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में इन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रतापपुर कमैचा ले जाया गया। जहां प्राथमिक चार के बाद भी स्थिति गंभीर होने की दशा में चिकित्सकों ने दोनों घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### सुदनापुर में खुला विहिप कार्यालय

गोसाईगंज, सुलतनापुर, अमृत विचार। विहिप के समरसता प्रमुख लाल बिहारी पांडेय ने सुदनापुर बाजार में कार्यालय खोला है। जिला संगठन मंत्री सतेंद्र, विभाग संयोजक बजरंग दल सुशील, विभाग सह मंत्री रमेश, जिला संयोजक गौरव, शीतला प्रसाद, विद्यार्थी यादव आदि मौजूद रहे।

# साकार हो रहा सबका साथ-सबका विकास का मंत्र: मेनका

## सांसद ने गांव चलो अभियान के तहत बनाया दीवार पर कमल का फूल, चौपाल में मिली शिकायतों को 15 दिन में निस्तारित करें: सांसद

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व जिले की सांसद मेनका संजय गांधी ने दौरे के दूसरे दिन रविवार को मोतिगरपुर मंडल के पहाड़पुर फतुहा एवं लपटा में पार्टी के गांव चलो अभियान के तहत दीवार पर कमल का फूल बनाया और एक बार फिर से मोदी सरकार का स्लोगन लिखा। कहा कि केंद्र सरकार सबका साथ-सबका विकास के मंत्र को सरकार कर रही है। सरकार की योजना का लाभ हर तबके तक पहुंचा है।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री की 125 से ज्यादा ऐसी स्कीम है जिसका टारगेट गांव, गरीब व किसान का विकास हैं। मोतिगरपुर विकासखंड के पहाड़पुर सरायभीखम गांव में ब्लॉक प्रमुख चन्दर प्रताप सिंह सिंह, डीडीओ अजय कुमार पांडेय, एसडीएम अरविंद कुमार, सीओ प्रशांत सिंह एवं अन्य विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में ब्लॉक स्तरीय चौपाल लगाकर 144 फरियादियों की समस्याओं को सुना। 15 दिन में शिकायतों को निस्तारित करने के लिए प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान सांसद श्रीमती गांधी से पहाड़पुर सरायभीखम की कलावती व तारा देवी सोनी की तीन महीने से पुष्टाहार नहीं मिलने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीपीओ से फोन पर वार्ता कर तथा वहां मौजूद सीडीपीओ को फटकार लगाते हुए डीडीओ अजय कुमार पांडेय को जांच के निर्देश दिए। उन्होंने भविष्य में प्रधानों को सूचित कर पुष्टाहार वितरित करने का भी निर्देश दिया। सांसद ने अखंडनगर थाना अन्तर्गत दसऊपुर गांव जाकर स्व. इंद्रसेन एवं स्व. सूर्य प्रताप की आपसी रंजिश में हुई दुखद मृत्यु एवं कादीपुर खुर्द गांव के स्व. हेमंत मिश्रा की हर्ष फायरिंग से निधन होने पर उनके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। इसके पहले आवास पर सांसद श्रीमती गांधी ने जनता दर्शन के माध्यम से सैकड़ो फरियादियों की समस्याओं को निस्तारित किया। आज विभिन्न कार्यक्रमों में सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार, मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य नन्दन चतुर्वेदी, प्रधान रणजीत वर्मा आदि रहे।



दीवार पर कमल का फूल बनातीं और लोगों की समस्याएं सुनतीं सांसद मेनका गांधी। अमृत विचार

### व्यापारियों से किया संवाद

नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल के संयोजन में जिला पंचायत सभागार में बड़ी संख्या में मौजूद शहर के व्यापारियों से सांसद मेनका गांधी ने संवाद करते हुए नगर को हरा-भरा और सुंदर बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, विजय प्रधान, प्रमोद अग्रवाल, सरदार बल्देव सिंह, हिमांशु मालवीय, अशोक गुप्ता, अंबरीश मिश्रा, अफजल अंसारी आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के भांई गांव में नहर की पटरी के पास एक वृद्ध का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका हुआ पाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। भाई गांव निवासी बुद्धू कनौजिया उर्फ राजू (65) का नहर की पटरी किनारे चिलविल के पेड़ में फंदे से लटका हुआ शव दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने सूचना धम्मौर पुलिस को दी। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। मामला पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

# सड़क दुघर्टना में सास-बहू की मौत

अयोध्या कार्यालय

**हादसा**

▸▸ पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर टायर फटने से एक्सयूवी ट्रक से जा टकराई, दिल्ली से वाराणसी जा रहा था परिवार

**अमृत विचार :** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे माइल स्टोन 89 पर रविवार को एक एक्सयूवी टायर फटने से अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। हादसे में सास-बहू की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल परिवार के दो सदस्यों को दर्शननगर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना में बच्ची सकुशल बच गई।

कुमारगंज (अयोध्या)और बल्दीराय (सुल्तानपुर) के प्रतिनिधि के अनुसार वसुंधरा एन्क्लेव दिल्ली निवासी नरेंद्र अरोड़ा परिवार के साथ पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते महिंद्रा एक्सयूवी 700 पंजीकरण नंबर सीएच 01 सीएल 1830 से काशी विश्वनाथ दर्शन तथा एक शादी समारोह में शामिल होने रविवार को वाराणसी जा रहे थे। वाहन को उनका बेटा मुकुल अरोड़ा चला रहा था। माइल स्टोन 89 के पास दोपहर लगभग तीन बजे एक्सयूवी का अचानक टायर फटने के चलते एसयूवी अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर से और फिर आगे जा रहे ट्रक से टकरा गई। जिससे एक्सयूवी क्षतिग्रस्त हो गई और वाहन में सवार परिवार के लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे सुरक्षा अधिकारी प्रेमपाल सिंह ने यूपीडा की एंबुलेंस से घायलों को कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित 100 बेड के अस्पताल भिजवाया। जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ. अनमोल पाठक व सहायक विकास यादव ने शारदा अरोड़ा (60) पत्नी नरेंद्र अरोड़ा को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल भावना अरोड़ा (34) पुत्री नरेंद्र अरोड़ा, नूपुर अरोड़ा(30) पत्नी मुकुल अरोड़ा और नरेंद्र अरोड़ा (63)को दर्शननगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मृतक शारदा के शव को वल्दीराय थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में लिया है। डॉ. अनमोल पाठक का कहना है कि मुकुल अरोड़ा(32) पुत्र नरेंद्र को मामूली चोट आई थी।मेडिकल कॉलेज के ट्रामा प्रभारी डॉ. विनोद आर्य ने बताया कि घायलों को यहां लाये जाने के बाद परीक्षण के बाद नुपुर पत्नी मुकुल को भी मृत घोषित कर दिया गया। भावना अरोड़ा व नरेंद्र अरोड़ा को उपचार के लिए भर्ती किया गया है। वहीं मुकुल का प्राथमिक उपचार किया गया है। हादसे में सास शारदा और बहू नुपुर की मौत हुई है।

# दो जगह छिनैती तो एक घर में लाखों की चोरी

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने शुरू की जांच-पड़ताल

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** एक ही रात में चोरों ने शराब ठेके के सेल्समैन से मोबाइल व नकदी छीनते हुए एक ट्रक चालक से पैसा छीन फरार हो गए। वहीं देर रात में घर घुस कर अलमारी तोड़ते हुए कीमती जेवरात व नगदी लेकर फरार हो गए। छीनैती की घटना की जानकारी देने पर रात में आई डायल 112 कोरम पूरा कर चली गई। वहीं चोरी के मामले की छानबीन करने दोपहर बाद पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर चली गई।

जिले के जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र की पीढ़ी बगिया चौराहा सम्पर्क मार्ग पर पीढ़ी के समीप स्थित देशी शराब का ठेका है। शनिवार की रात करीब नौ बजे ठेके पर कुछ लोगों ने सेल्समैन को डरा धमका मोबाइल व दो हजार नगदी लेकर फरार हो गए। थोड़ी देर बाद पीढ़ी कूरेभार रोड पर पुलिस चौकी के समीप ट्रक चालक से भी पैसे छीन लिए गए। सेल्समैन की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस पूछताछ कर जा रही थी। तभी ट्रक चालक ने भी अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। रविवार की सुबह जब पीढी मेहदिया गांव निवासी पार्वती व उनके परिवार के लोग उठे तो देखा की कमरे का सामान बिखरा पड़ा है। नजदीक जाकर देखा तो पता चला कि अज्ञात चोर घर में घुसकर अलमारी तोड़ उसमें रखे कीमती जेवरात व नगदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए थे। पीड़ित ने चोरी की सूचना डायल 112 को दी। सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने थाने पर तहरीर देने की बात कह कर चले गए। जयसिंहपुर कोतवाल प्रेम चंद सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।



चोरी की घटना के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

# साइकिल सवार मजदूर को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार।** शनिवार की देर रात निमंत्रण से घर वापस लौट रहे साइकिल सवार की युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मलवा गांव निवासी अजय कुमार (35) पुत्र राम गरीब शनिवार को मूंगर में टेंट हाऊस पर मजदूरी करने गया हुआ था। मजदूरी करने के बाद वह निमंत्रण खा साइकिल से घर लौट रहा था। रात करीब साढ़े नौ बजे वह बाइक से मलवा पलिया सम्पर्क मार्ग पर माइनर पुलिया के पास पहुंचा था। तभी अज्ञात वाहन ठोकर मारते हुए चली गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन अजय को आनन फानन में मेडिकल कालेज सुलतानपुर ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार को परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अजय अपने पीछे पत्नी शंकुतला और बेटे अवनीश को छोड़ गया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## नाली के विवाद में दंपति को पीटा, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** रविवार की सुबह नाली के विवाद में पति पत्नी की पिटाई कर दी। कोतवाली देहात के महानपुर निवासी सूरज कुमार ने रविवार को थाने में तहरीर दी है। सूरज न बताया कि नाली विवाद के चलते उनके पड़ोसी राम सेवक परिवार वालों के साथ उसकी पिटाई करने लगे। बीच बचाव में आई उनकी पत्नी को भी पीटने लगे। आरोप है जान बचाकर जब उनकी पत्नी सुमन घर में भागी तो उक्त लोग घर में घुसकर गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। गुहार पर ग्रामीणों को आता देख उक्त लोग चले गए। एसएचओ ने बताया कि सूरज की तहरीर पर राम सेवक व उनके परिजनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# वित्तीय अनियमितता के मामले में डीहढग्गूपुर के पंचायत सचिव निलंबित

गोसाईगंज, सुलतानपुर

**गड़बड़ी**

▸▸ प्रधान का डिजिटल हस्ताक्षर चोरी कर साढ़े सात लाख रुपये हड़पने का आरोप

**अमृत विचार।** प्रधान का डिजिटल हस्ताक्षर चोरी कर सात लाख 65 हजार रुपये निकाल लेने की वित्तीय गड़बड़ी और अन्य आरोपों में कूरेभार ब्लॉक के डीहढग्गुपुर की पंचायत सचिव शगुफ्ता शबनम को जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ल ने निलंबित कर दिया है।

कुरेभार ब्लॉक के डीहढग्गूपुर की प्रधान भारती गुप्ता ने बीते 20 दिसंबर को डीपीआरओ से शिकायत की थी कि पंचायत सचिव सगुफ्ता ने डिजिटल हस्ताक्षर अपने पास रख कर धन की निकासी कर गबन किया। एडीओ पंचायत ने जांच में पाया कि दिसंबर में ग्राम पंचायत से पंचम राज्य वित्त एवं 15वां वित्त आयोग के तहत सात लाख 65 हजार 807 रुपए निकाल लिए। इसके पूर्व में कुड़वार ब्लॉक में तैनात रहीं शगुफ्ता शबनम ने ग्राम पंचायतों का संपूर्ण चार्ज नामित पंचायत सचिव को उपलब्ध नहीं कराया। इस पर पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी की गई थी। लेकिन उन्होंने स्पष्टीकरण नहीं दिया। डीपीआर को ने जिला अधिकारी के अनुमोदन पर उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक नियमावली के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए शगुफ्ता को निलंबित कर दिया है। डीपीआरओ ने निलंबित सचिव को प्रधान भारती का डिजिटल हस्ताक्षर अपने पास रखने, प्रधान की जानकारी के बिना लाखों की सरकारी धनराशि का दुरुपयोग करने, शासनादेशों का पालन नहीं करने का उत्तरदायी पाया है।

# वृद्धाश्रम के बुजुर्ग फाकाकशी के लिए मजबूर

- लंभुआ तहसील प्रशासन सहित समाज कल्याण विभाग अनभिज्ञ
- चांदा के शेरपुर परसरामपुर गांव में संचालित वृद्धाश्रम

चांदा, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के शेरपुर परसरामपुर गांव में संचालित वृद्धा आश्रम में पिछले कई दिनों से वहां रह रहे बुजुर्ग जन भूख प्यास से परेशान है। कुछ बुजुर्गो ने वृद्धा आश्रम छोड़ भी दिया। वृद्धा आश्रम का संचालन करने वाली संस्था मौके से नदारत है। कार्यरत कर्मचारी भी कुछ कहने से बच रहे हैं। तहसील प्रशासन और समाज कल्याण विभाग वृद्धा आश्रम के संचालन से ही अनभिज्ञ है।

भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली से सहायता प्राप्त विकल्प वृद्धाश्रम शेरपुर परसरामपुर गांव में चल रहा है। उक्त वृद्धाश्रम का संचालन विकल्प वेलफेयर एण्ड रिसर्च सोसाइटी प्रयागराज द्वारा किया जाता है। वृद्धाश्रम में 52 बुर्जुग पंजीकृत है। मौक़े पर सिर्फ आठ बुर्जुग मौजुद है। वृद्धाश्रम में घाटमपुर लंभुआ की बुधना देवी ने बताया कि आज सिर्फ आलू मिला है। दरबरपुर गांव की शांति देवी कहती हैं कि दो महीने यही हाल है। कभी भी भर पेट खाना नहीं मिल रहा है। दवाओं की अव्यवस्था है। वृद्ध आश्रम में कार्यरत कर्मचारी शबनम कुछ भी कहने से बचती रही। दूसरे कर्मचारी शिवम ने बताया की कभी-कभी पैसे आते हैं और उसी से हम लोग भोजन आदि की व्यवस्था करते हैं। कर्मचारी अपनी संस्था के जिम्मेदार पदाधिकारी का नाम या मोबाइल नंबर बताने से मन कर दिया।

इस बाबत तहसीलदार लंभुआ देवानंद तिवारी ने बताया कि मुझे फिलहाल के लिए किसी वृद्धाश्रम के संचालन की जानकारी नहीं है। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि चांदा में समाज कल्याण विभाग में वृद्धाश्रम संचालन की जानकारी नहीं है। वहा कौन क्या खा रहा है और कौन क्या खिलाया जा रहा है। मैं कैसे बता सकता हूं। मुझे कोई जानकारी नहीं है।



चांदा के शेरपुर परसरामपुर में वृद्धाश्रम में मौजूद वृद्धजन। अमृत विचार

# पीआरडी जवान पर विभाग ने दर्ज कराया मुकदमा

▸▸ अभिलेख फर्जी पाये जाने पर धोखाधड़ी समेत अन्य गंभीर धारायें लगाई गईं

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** विभागीय अधिकारियों के जांच में पीआरडी जवान के अभिलेख फर्जी पाये गये। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्रीय युवा कल्याण आधिकारी ने पीआरडी जवान पर धोखाधड़ी सहित अन्य गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया है।

कोतवाली देहात के लखनपुर अलहदादपुर निवासी पीआरडी जवान हीरा लाल ने फर्जी अभिलेख के सहारे नौकरी पाई थी। शिकायत पर विभागीय अधिकारियों ने जांच की तो लगाया गया शैक्षिक अभिलेख फर्जी पाया गया। जिसकी जानकारी क्षेत्रीय युवा कल्याण आधिकारी दूबेपुर चांद मोहम्मद ने उच्च अधिकारियों को दी। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्रीय युवा कल्याण आधिकारी दूबेपुर चांद मोहम्मद ने कोतवाली देहात में पीआरडी जवान पर विधिक कार्यवाही के लिए शिकायती पत्र दिया है। कोतवाली देहात प्रभारी श्याम सुंदर ने बताया कि तहरीर पर पीआरडी जवान के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## सार-संक्षेप



कवि गंगा प्रसाद अत्रेय को सम्मानित किया गया। फोटो : अमृत विचार

### अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन में कवि आत्रेय का सम्मान

▸▸ आत्रेय द्वारा रचित श्रीमद्भागवत गीता व रूपांतरित दोहा संस्करण का हुआ विमोचन

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन में बैंक अधिकारी रहे कवि गंगा प्रसाद यादव आत्रेय को समाजसेवा पर्यावरण संरक्षण व उनके लेखन के लिए राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान से जयपुर में नवाजा गया। इस कार्यक्रम दौरान उनकी रचना श्रीमद्भागवत गीता के यथा रूपांतरित दोहा संस्करण पुस्तक का विमोचन भी हुआ। रविवार को जयपुर स्थित एसजीवी यूनिवर्सिटी के कालिंदी ऑडिटोरियम में भव्य फाउंडेशन के संस्थापक शैलेंद्र माथुर की देखरेख व हरिश्चन्द्र कलाल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात समाजसेवी अतुल शर्मा रहे। जिले के गुप्तारगंज निवासी गंगा प्रसाद गांधी एवं शास्त्री को आदर्श मानते है। मानने वाले गंगा प्रसाद बैंक में अधिकारी रहे। इनका अनुभूतियों के पुष्प नामक काव्य संग्रह दिल्ली से प्रकाशित हुआ है। श्रीमद्भागवत गीता को यथारूप हिंदी की दोहा विधा में लिखा। साधक/साधना दोहावली जिसमें 666 दोहे अभी लिखे हैं जो प्रकाशन की ओर है।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बिखेरा जलवा

सुलतानपुर, अमृत विचार। एमआई क्रिएटिव स्कूल असरोगा की तरफ से रविवार को वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जामिया इस्लामिया के सदर मौलाना मोहम्मद उस्मान कासमी, जिला जज फैमिली कोर्ट मोहम्मद अशरफ अंसारी, रिटायर्ड आईएएस शफ़क़त कमाल रहे। स्कूल के विद्यार्थियों ने वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अतिथियों का मन मोह लिया। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान को, शिक्षक राशिद खान और लईक अहमद को मुख्य अतिथि ने मोमेंटो और बुके देकर सम्मानित किया।

### दो पक्षों में चले ईंट-पत्थर, कई घायल

सुलतानपुर, अमृत विचार। शनिवार रात चांदा थाना क्षेत्र के छतौना कला में निमंत्रण में गए आदित्य मिश्र व मुकेश निषाद का किसी बात को लेकर आपस में वाद-विवाद हो गया। रविवार सुबह मामला तूल पकड़ लिया। जब दोनों पक्षों के लोगों की छतौना कला बाजार में आपस में फिर कहा सुनी हो गई। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग काफी संख्या में आपस में हमलावर हो गये। एक पक्ष से ईट-गुम्मे भी चले। इससे दूसरे पक्ष के लोग बुरी तरह घायल हो गए। आदित्य मिश्रा पक्ष के कई लोग गम्भीर हालत में जख्मी हो गये। इसमें सौरभ मिश्रा, ओम शंकर व पिंटू मिश्र गम्भीर रूप से घायल हैं। वही दूसरे पक्ष के जड़ावती अंजना व दिनेश को चोटें आई हैं। मामले में दोनों पक्षो की तरफ कोतवाली में लिखित तहरीर पड़ी है। निरीक्षक कोतवाली चांदा जय प्रकाश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### घर में घुसे चोरों ने पार की नकदी और जेवर

अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि मुख्य दरवाजे को तोड़ चोर घर में दाखिल हो गए। घर में रखी अलमारी व तिजोरी तोड़ नगदी व जेवरात उड़ा ले गए। अखंडनगर थाना क्षेत्र के पसना गांव निवासी संतोष कुमार तिवारी ने थाने पर शिकायती पत्र दिया है। उन्होने बताया कि शनिवार की रात गिरोहबंद चोरो ने उनके मुख्य दरवाजे से घर में दाखिल हो गए। घर के अंदर रखे हुए अलामारी, संदूक, तिजोरी तोड़ उसमें रखे हुए नगदी करीब आठ लाख के सोने चांदी के जेवर उठा ले गए। रविवार की सुबह चार बजे नीद से जगे परिजनों को चोरी की जानकारी हुई। तो इसकी सूचना डायल 112 को दी। वही चोरों ने दो बॉक्स तोड़कर घर के बाहर फेक दिया था जो मिला है।

### सीएमओ के निरीक्षण के स्वास्थ्य कर्मी मिले नदारद

कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार। सीएचसी कूरेभार के निरीक्षण में दर्जनों स्वास्थ्यकर्मी नदारद मिले। रविवार को सीएमओ डॉ. ओम प्रकाश चौधरी के निरीक्षण में अस्पताल की यह असलियत सामने आई। सीएमओ गैरहाजिर कर्मियों से जवाब तलब किया है। रविवार की दोपहर सीएचसी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ अस्पताल का नजारा देख दंग रह गए। पहले उपस्थित पंजिका को देखा। उसमें डॉ. बीके गौतम, फार्मासिस्ट अरुण उपाध्याय, डॉ. रवि चक्रवाल, चौकीदार दुर्गेश मौजूद रहे। वहीं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेष सिंह समेत अधिकतर स्वास्थ्य कर्मी नदारद मिले। डॉ. प्रियेश दीक्षित, डॉ अंजू चौहान, नंदलाल, अमरावती, मिथलेश दूबे, कृपा चौबे, बृजेश गुप्ता, आलोक सिंह, अनुपमा वर्मा, अर्पिता उपाध्याय, श्रीमती संतोष मिश्रा, अशोक मौर्या, दिनेश कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, मेला ड्यूटी, रीता वर्मा, तीर्थ राज, मनोज गुप्ता, निधी कौशल, आराधना शुक्ला, अजय मौर्य, रितेश कुमार, कुलदीप कुमार शर्मा, कृष्ण मोहन तिवारी, नीलम, पूजा रानी, रंजीत, अतुल सिंह, डॉ. प्रियंका शुक्ला, डॉ मनीष राय मेला ड्यूटी पर बताया गया। डॉ. चौधरी ने बताया कि निरीक्षण में अनुपस्थिति कर्मियों से जवाब तलब किया गया है।

# सपा कांग्रेस ने मुसलमानों को दिया धोखा: अफजल

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** क़रीब 30 वर्षों से अधिक सपा की सक्रिय राजनीति करने वाले सभासद अफजल अंसारी ने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। शनिवार को अपने कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि भाजपा रीतियों व नीतियों से प्रभावित होकर बीते 21 फरवरी को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ लखनऊ गए। जहां प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा की सदस्यता दिलाई। सपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बताया कि पसमांदा समाज सहित मुस्लिम समुदाय को ये दोनों पार्टी स्वीट प्वाइजन देने की कार्य करती है। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री का बखान करते हुए कहा कि हमारे समाज के लिए बहुत ही अच्छे कार्य किया है। जिससे हमारे जीवन में बदलाव आया है। हम उनके कर्जदार है। मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। हम और हमारा समाज उन्हें ज्यादा सीट से प्रधानमंत्री बनाने का कार्य करेंगे। आरोप लगाया कि मुस्लिम समुदाय के 99 प्रतिशत वोट सपा कांग्रेस को मिलते थे। फिर भी सपा की 51 सदस्यों की कार्यकारिणी में मात्र पांच मुस्लिम समुदाय से हैं। उनमें से कोई भी पसमांदा समाज का नहीं है।

**कबड्डी प्रतियोगिता** रोमांचक मुकाबले में 48-37 के अंतर शिवसत प्रतापगढ़ पराजित

# अनुज के खेल से स्टेडियम प्रतापगढ़ चैंपियन

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** गोमती मित्र मंडल के तत्वावधान में सीताकुंड धाम पर डा. सत्य प्रकाश श्रीवास्तव स्मारक अंतर जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आठ टीमों में शिवसत प्रतापगढ़, स्पोर्ट्स हास्टल अमेठी, स्टेडियम सुलतानपुर, अमेठी कोरारी, स्टेडियम प्रतापगढ़, सीताकुंड, गोमती मित्र मंडल, लंभुआ ने प्रतिभाग किया।

गोमती मित्र मंडल के रुद्र प्रताप सिंह मदन की अगुआई मे अध्यक्ष डॉ मनीष श्रीवास्तव के संयोजन मे उद्घाटन मुख्य अतिथि वरिष्ठ सर्जन डॉ एके सिंह के द्वारा किया गया। पहला मैच स्टेडियम प्रतापगढ़ और लंभुआ के बीच खेला गया। स्टेडियम प्रतापगढ़ ने 32-12 से जीत दर्ज किया। मुकाबले मे पहला सेमीफाइनल स्पोर्ट्स हॉस्टल और शिवसत प्रतापगढ़ के बीच खेला गया। कांटे के मुकाबले मे शिवसत प्रतापगढ़ ने 26-25 से जीत दर्ज की। दूसरा सेमीफाइनल मैच स्टेडियम प्रतापगढ़ और गोमती मित्र मंडल के बीच खेला गया, जिसमें स्टेडियम प्रतापगढ़ की टीम ने 36-18 से जीत दर्ज की।

फाइनल मुकाबला शिवसत प्रतापगढ़ और स्टेडियम प्रतापगढ़ के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में स्टेडियम प्रतापगढ़ ने 48-37 से जीत दर्ज कर चैंपियन बनी। स्टेडियम के अनुज राय को बेहतरीन खेल कौशल पर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दिया गया। आयोजक मंडल की तरफ से विजेता टीम को 11000 एवं उप विजेता को 7000 की धनराशि भी प्रदान की गयी। यहां संचालन समिति में सचिव रामेंद्र सिंह राणा, सहसचिव मुनेन्द्र मिश्र, दिनकर सिंह, मुन्ना पाठक, वेद प्रकाश उपाध्याय चैंपियन रहे।



सीताकुंड धाम पर कबड्डी प्रतियोगिता में जोर आजमाइश करते खिलाड़ी।

# पूर्वोत्तर रेलवे के 31 स्टेशनों का शुरू होगा पुनर्विकास, एक का उद्घाटन

## अमृत भारत योजना

▶▶ प्रधानमंत्री आज करेंगे वर्चुअल शिलान्यास व उद्घाटन

गोरखपुर, अमृत विचार

भारतीय रेल आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं को देखते हुए रेलवे स्टेशनों पर विश्वस्तरीय यात्रा सुविधाए उपलब्ध कराने, पुनर्विकास कार्य तथा समपारों पर संरक्षा के दृष्टिकोण से रोड ओवर ब्रिज अंडरपास के निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत भारतीय रेल के 41,000 करोड़ की लागत से 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज अंडरपास का शिलान्यास व उद्घाटन किया जायेगा।

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में एक पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन के उद्घाटन सहित 73 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास किया जा रहा है, जिस पर कुल लागत रू 1876.64 करोड़ की लागत आएगी। यह जानकारी रविवासर को पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या अग्रवाल ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। कहा कि रेलवे स्टेशन पुनर्विकास किया जा रहा है जिसका कार्य तेजी के साथ चल रहा है। इसके अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे पर अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत 32 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास में 31 रेलवे स्टेशनों का शिलान्यास एवं 1 रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया जायेगा। इन 32 स्टेशनों में उत्तर प्रदेश के 25, बिहार के 05 एवं उत्तराखंड के 02 स्टेशन सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त पूर्वोत्तर रेलवे पर 111 रोड ओवर ब्रिज अंडरपास का शिलान्यास उद्घाटन राष्ट्र को समर्पण किया जायेगा। इन 111 रोड ओवर ब्रिज अंडरपास में उत्तर प्रदेश के 94, बिहार के 14 एवं उत्तराखंड के 03 रोड ओवर ब्रिज अंडरपास सम्मिलित हैं।



प्रेस वार्ता करतीं पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या अग्रवाल। अमृत विचार

प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे पर 32 स्टेशनों में से लखनऊ मंडल के अंतर्गत 14 स्टेशनों (गोमती नगर स्टेशन का उद्घाटन तथा लखनऊ सिटी, डालीगंज जं. मैलानी जं. लखीमपुर, बलरामपुर, तुलसीपुर, बढ़नी, रामघाट हाल्ट, सिद्धार्थ नगर, स्वामी नारायण छपिया, खलीलाबाद, आनन्द नगर जं. एवं गोंडा जं.) तथा वाराणसी मंडल के अंतर्गत 12 स्टेशनों (सीवान जं., थावे जं., मैरवा, एकमा, मसरख, गाजीपुर सिटी, मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., खोरासन रोड एवं कप्तानगंज जं.) और इज्जतनगर मंडल के अंतर्गत 06 स्टेशनों (बरेली सिटी, काशीपुर जं., पीलीभीत जं. टनकपुर, गुरसहायगंज एवं कन्नौज )सहित 31 स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास किया जायेगा।

### पुनर्विकसित स्टेशनों पर यह होंगी सुविधाएं

अमृत स्टेशन योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं को देखते हुये स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। इसमें स्टेशन फसाड, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधायें, प्रसाधन, आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर, 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज अर्थात वर्तमान फुट ओवर ब्रिजों की तुलना में लगभग चार गुना चौड़ा, पार्किंग एवं सौर ऊर्जा का उपयोग कर पर्यावरण अनुकूल भवन इत्यादि अत्याधुनिक सुविधाओं में विस्तार हेतु योजना तैयार की गई है और चरणबद्ध तरीके से उनका कार्यान्वयन किया जायेगा। स्टेशनों पर उन्नत यात्री सूचना प्रणाली, एग्जीक्यूटिव लाउन्ज एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानक के अनुरूप साइनेज का प्रावधान आदि सम्मिलित है। स्टेशनों की सुन्दरता के लिये आकर्षक फसाड लाइटिंग लगाई जायेगी।

## एक नजर

### अभियान चलाकर वाहनों का किया गया चालान

गोरखपुर, अमृत विचार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक यातायात के नेतृत्व में रोडवेज बस स्टैंड गोलघर में अवैध रूप से खड़े वाहनों का चालान किया गया। जिसमें टैक्सी, 13 चार पहिया वाहनों औरी 2 ऑटो रिक्शा को प्रतिबंधित क्षेत्र में सवारी भरने पर कार्रवाई की गई। 102 अन्य वाहनों के विरुद्ध यातायात नियमों का उल्लंघन करने के संबंध में चालान किया गया।

### 10 सीसीटीवी लगवाने पर ग्राम प्रधान सम्मानित

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। आपरेशन दृष्टि/आपरेशन त्रिनेत्र के तहत ग्राम महादेव गजपुर में ग्राम प्रधान ने 10 सीसीटीवी लगवाए। जिस पर थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर ने ग्राम प्रधान को सम्मानित किया। पुलिस की इस पहल का आम जनमानस द्वारा स्वागत किया गया। ऑपरेशन दृष्टि अभियान के तहत सुरक्षा के लिहाज से इन सीसीटीवी को पुलिस जन सहयोग से चौराहों और सड़कों पर लगवाने का कार्य किया जा रहा है।

### अभियुक्त गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। थाना सिद्धार्थनगर पुलिस ने एक वारण्टी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। प्रभारी निरीक्षक सिद्धार्थनगर ने बताया कि थाना पुलिस ने अभियुक्त दिलीप कुमार निवासी सिसवा ग्रांट को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

### कार्यकारिणी की गई भंग

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल संडीला की कार्यकारिणी को भंग किया गया है। जिला संगठन मंत्री अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल संडीला की कार्यकारिणी को निरस्त किया जा रहा है। ज़ब तक नवीन कार्यकारिणी का गठन नहीं होता, तब तक नगर संडीला कार्यकारिणी कार्य से विरत रहेंगे।

# प्रधानमंत्री ने क्रिटिकल केयर ब्लॉक का किया उद्घाटन

## गुजरात के राजकोट से किया वर्चुअल उद्घाटन, जिले के लोहिया कला भवन में देखा गया सजीव प्रसारण

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। आयुष्मान भारत विकसित योजना के अन्तर्गत जनपद में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का वर्चुअल शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को गुजरात के राजकोट से किया। जिसका लाइव प्रसारण जिला मुख्यालय पर लोहिया कलाभवन में देखा गया।

इस मौके पर सदस्य विधान परिषद ध्रुव कुमार त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा लालजी त्रिपाठी, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, प्राचार्य मेडिकल कालेज डॉ. एके झा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा डीके चौधरी मौजूद रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

सदस्य विधान परिषद ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने जनपदवासियो की तरफ से प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया। कहा कि सिद्धार्थनगर ने विश्व को बुद्ध दिया है। गौतम बुद्ध द्वारा अंहिसा और करूणा का सन्देश दिया गया है। जनपद सिद्धार्थनगर आकांक्षा जनपद से निकलकर अग्रणी जनपद बने, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत काला नमक चावल चयनित किया गया है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा जनपद में मेडिकल कालेज की स्थापना की गयी है। इसमें पढ़ने के बाद डाक्टर बनकर पूरे देश में जनपद का नाम रोशन करें। सभी छात्रों को शुभकामना दी। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा कि यहां से अच्छे डाक्टर बनकर युवा जनपद का नाम रोशन करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि सिद्धार्थनगर आकांक्षा जनपद है। आने वाले दो वर्षों में जनपद सिद्धार्थनगर अन्य जनपदो को भी डाक्टर देगा। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए 50 बेड का क्रिटिकल केयल ब्लॉक का शिलान्यास किया गया है। क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनने से बेहतर सेवाएं मिलेंगी। जिलाधिकारी ने एम.बी.बी.एस. छात्रो को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीके चौधरी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद दिया।





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा क्रिटिकल केयर ब्लॉक के वर्चुअल उद्घाटन व शिलान्यास कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखते सिद्धार्थनगर के जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

### मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन मशीन लगेगी

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के एमसीएच बिंग में आधुनिक सुविधा की 128 स्लाइस क्षमता की सीटी स्कैन मशीन लगेगी। इससे मरीजों को काफी लाभ मिलेगा। पांच करोड़ की लागत से लगने वाली इस मशीन को इसी माह के अंत तक लगा दिया जाएगा। लखनऊ से आई टीम स्थान देखकर जा चुकी है। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में एक 32 स्लाइस क्षमता की एक मशीन चल रही है। बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। इसलिए मरीजों को एक से दो दिन का नंबर लगाना पड़ रहा है। इसके बाद ही उनकी जांच हो पा रही है। विवश होकर कई बार मरीजों को निजी जांच केंद्र पर जाना पड़ता है।

# प्रशासन ने कब्जा मुक्त कराई सरकारी भूमि

## सख्ती

▶▶ दोबारा कब्जा करने पर सख्त कार्रवाई की दी चेतावनी

सिद्धार्थनगर,

अमृत विचार। बर्डपुर नगर पंचायत के शास्त्रीनगर में कब्जे में फंसी सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने की कार्रवाई शुरू हो गई है। रविवार को राजस्व विभाग की टीम ने मोहाना क्षेत्र के नगर पंचायत कपिलवस्तु के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास सरकारी भूमि नवीन परती पर कब्जा कर बनाए गए निर्माण को जेसीबी की मदद से ढहा दिया गया। साथ हीकब्जेदारों को चेतावनी दी गई कि दोबारा कब्जा करने पर बिना नोटिस दिए केस दर्ज कराया जाएगा।

मोहाना क्षेत्र के बर्डपुर गोसाईगंज मार्ग पर तहसीलदार व नायब तहसीलदार के नेतृत्व में पहुंची राजस्व टीम ने सरकारी स्वामित्व की नवीन प्रति जमीन पर कब्जा कर किए गए निर्माण को गिरा दिया। तहसीलदार देवेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गांव की सरकारी भूमि पर चार लोगों ने मकान बनाकर कब्जा कर लिया गया था। हटाने के नोटिस के बाद भी कब्जा नहीं हटाया गया था। इसकी जानकारी के बाद बर्डपुर में पहुंची टीम ने पैमाइश कराने के बाद सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जे को जेसीबी मशीन लगाकर ढहाने की कार्रवाई की। बताया कि तहसीलदार कोर्ट ने दिए गए फैसले पर चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। आलोक रंजन और जाहिदा खातून का मकान ध्वस्त करा दिया गया है। जयंत्री प्रसाद के मामले में फैसला हो गया है इनको जल्दी ही नोटिस भेजा जाएगा। असरार की कोर्ट में बहस होना बाकी है। इस दौरान नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक शीतल प्रसाद द्विवेदी, ईओ नवीन कुमार सिंह, हल्का लेखपाल दुर्गेश पांडेय, रामशंकर यादव, देवेंद्र त्रिपाठी, विनय पाण्डेय, अवनीश त्रिपाठी, लिपिक सूरज प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। बता दें कि बर्डपुर में अस्पताल के बगल में राजस्व टीम और नगर पंचायत टीम द्वारा नवीन परती पर बने मकान का ध्वस्तीकरण कराया गया। लेकिन

> बर्डपुर में सरकारी भूमि पर अवैध कब्ज़ा था उसको आज हटाया गया है। अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ यह अभियान अब लगातार चलता रहेगा। क्षेत्र में जितने भी अवैध कब्जाधारी हैं, अपने से ही हटा लें नहीं तो बुलडोजर लगाकर सभी को खाली करवा दिया जाएगा।
>
> –राम ललित मिश्रा, उपजिलाधिकारी सदर

प्रशासन की इस कार्रवाई में पक्षपात का आरोप भी लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी भूमि पर चार लोगों ने मकान बनवा रखा था। लेकिन केवल दो लोगों के घर ही ढहाये गए, बाकी दो लोगों के घर छोड़ दिए गए। इसको को लेकर लोगों में काफी चर्चा है।

# संदिग्ध हालात में गोंडा के युवक का पड़ा मिला शव

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के बहेरिया गांव के पास युवक का शव पाया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए के लिए भेज दिया है। मृतक गोंडा जनपद का निवासी बताया जा रहा है। मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है।

गोंडा जनपद के मनकापुर थाना क्षेत्र के अंगनीपुरवा गांव निवासी लगभग 20 वर्षीय दिनेश यादव पुत्र रामनाथ डुमरियागंज थाना क्षेत्र के बहेरिया गांव में राजकीय नलकूप निर्माण कार्य में लगा हुआ था। पिछले दो दिनों से मशीन के साथ दिनेश निर्माणाधीन नलकूप के पास अकेले रह रहा था। शनिवार की रात संबंधित ठेकेदार व एक अन्य मजदूर भी वहां आए। ठेकेदार ने बताया कि शनिवार की रात करीब 9 बजे वह बहेरिया पहुंचा, जहां नलकूप का काम चल रहा था। कार्यस्थल पर दिनेश का सामान व कपड़े थे लेकिन वह मौजूद नहीं था। उससे संपर्क करने की कोशिश भी की गई, लेकिन मोबाइल फोन बंद बता रहा था। इससे अंदाजा लगा कि शायद घर चला गया। सुबह गांव के बगल में कुछ दूरी पर खोदी हुई खाई में उसका शव पड़ा हुआ मिला।

# केन्द्र में फिर से बनेगी मोदी सरकार : जगदंबिका पाल

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के बल पर केंद्र में तीसरी बार 400 के पार और एक बार फिर नरेंद्र मोदी की सरकार बनने जा रही । कसर्यकर्ताओं का सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात ईश्वर यह मुझे अवसर बार बार दें यही ईश्वर से प्रार्थना है।

सांसद जगदम्बिका पाल ने बांसी विधानसभा के खेसरहा और सकारपार मंडल में रविवार को बूथ अध्यक्षों के सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए सदैव कार्य करता है। नरेंद्र मोदी की सरकार को लाने में कार्यकर्ताओं ने तन मन धन सब एक कर दिया था तब कांग्रेस मुक्त भारत बन सका। कार्यकर्ता सम्मान समारोह को लोकसभा संयोजक राम कुमार कुंवर, विधानसभा संयोजक दिलीप चतुर्वेदी, पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र पांडेय जिला महामंत्री विजयकान्त चतुर्वेदी अमरनाथ पांडेय रामकिंकर मिश्र, मंडल अध्यक्ष दिवाकर मिश्र सहित अन्य ने भी सम्बोधित किया।




## भाजपा ने किया पिछड़ा युवा संवाद कार्यक्रम

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। भाजपा जिला कार्यालय पर पिछड़ा युवा संवाद का कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा शिवनाथ चौधरी ने युवाओं को संबोधित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि इस बार पिछड़े वर्ग का पूरा का पूरा युवा भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। पिछड़ा वर्ग और युवाओं के बल पर भाजपा इस बार लोकसभा के चुनाव में 400 की संख्या पार करेगी। युवा लाभार्थी संपर्क अभियान के माध्यम से गांव-गांव और घर-घर तक जाने का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता फूल चन्द जायसवाल ने किया। इस अवसर पर रामधनी विश्वकर्मा, दीपेन्द्र चौधरी, मंगल चौरसिया, सबलू साहनी, सूरज यादव, राजकुमार चौधरी, नरेंद्र पटेल, ओम प्रकाश चौधरी, जेपी मौर्य, अर्जुन चौधरी, अनिल चौधरी, अजय पाल, राजू मौर्य, प्रतिमा वर्मा व महेंद्र लोधी आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने थाना क्षेत्रों में गश्त कर किया संवाद

सिद्धार्थनगर। जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार शब-ए-बारात शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त चेकिंग किया गया तथा आमजन से संवाद स्थापित कर लोगों से आपस में सौहार्द बनाये रखने की अपील की गयी। पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के निर्देशन में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्योहारों व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़भाड़ वाले स्थानों के आस पास पैदल गश्त चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया।

## सार-संक्षेप


वित्त राज्य मंत्री को मांग पत्र सौंपते रेलवे कर्मचारी यूनियन के महामंत्री विनोद राय।

### वित्त राज्य मंत्री से मिलकर सौंपा मांग पत्र

गोरखपुर, अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे के लेखा विभाग के कर्मचारियों ने महामंत्री विनोद राय के नेतृत्व में वित्त राज्य मंत्री भारत सरकार पंकज चौधरी से मुलाकात कर उन्हें लेखा सहायकों के 20 वर्ष से बहु प्रतीक्षित मांग लेखा सहायकों का वेतनमान केंद्रीय सचिवालय के लेखा सहायकों के बराबर करने हेतु मांग पत्रक सौंपा। महामंत्री विनोद राय ने बताया कि केंद्रीय सचिवालय के समकक्ष केंद्रीय सरकार के अन्य लेखा सहायक जिसमें भारतीय रेल भी शामिल है। इनका वेतनमान 01/01/86 से 1640-2900 करने हेतु वर्ष 2004 में आर्बिट्रेशन अवॉर्ड के रूप में स्वीकृत है। उसे आज तक भारत सरकार द्वारा लागू नहीं किया गया। अब डी ओ पी टी द्वारा विभिन्न मंत्रालयों से इसे लागू करने पर सरकार पर आने वाले वित्तीय भार की गणना हेतु सुझाव मांगा गया है। महामंत्री विनोद राय ने वित्त राज्य मंत्री को पत्रक सौंपकर निवेदन किया। जिससे भारतीय रेल सहित सभी केंद्रीय विभाग के लेखा सहायकों को यह वेतनमान मिल सके। महामंत्री विनोद राय के साथ पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एसपी पांडेय जोनल जनरल सेक्रेटरी ए आई आर ए एस ए, अशोक कुमार मिश्रा मेंबर ए आई आर ए एस ए, केवी प्रसाद मेंबर ए आई आर ए एस ए, यू एस खरे मेंबर ए आई आर ए एस ए, दीपक चौधरी, कुलदीप मणि त्रिपाठी, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, देवेश सिंह इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### धर्मकांटा पर दबंगों ने की मारपीट, केस दर्ज

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। इटवा तहसील क्षेत्र के अमौना गांव के पूरब इटवा-बढ़नी मार्ग पर स्थित धर्मकांटा पर तौल का कार्य करने वाले एक व्यक्ति को शनिवार देर शाम उसके केबिन में घुसकर कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। इटवा पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिसा है। संतकबीरनगर जनपद निवासी नागेंद्र सिंह जनपद के इटवा थाना क्षेत्र के अमौना स्थित एक धर्मकांटा पर चार वर्ष से कार्यरत था। बताया जा रहा है कि शनिवार देर शाम वह कांटे पर आए ट्रकों की तौल कर रहा था कि कई लोग उसे लाठी-डंडे से पीटने लगे। अचानक हुए हमले से अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में नागेंद्र सिंह की आंख व पैर में गंभीर चोट आई है। गंभीर स्थिति में उसे सीएचसी व इसके बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस तहरीर के आधार पर मारपीट का केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बारे में आपसी रंजिश बताई जा रही है।


मैत्री मैच में प्रतिभाग करने वाली एसबी व जिला पुलिस की टीम।

### मैत्री मैच में एसएसबी ने जिला पुलिस को हराया

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। 43वीं वाहिनी एसएसबी और राज्य पुलिस, सिद्धार्थनगर के बीच पुलिस लाइन में मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए कमान्डेंट उज्जल दत्ता ने बताया कि खेल मनुष्य के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है। खेल की शुरुआत में जिला पुलिस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें स्थानीय पुलिस के टीम की ओर से प्रदीप, एसडीएम के नेतृत्व में, अखिलेश कुमार, सीओ, सदर, व उनकी टीम ने 15 ओवर में 10 विकेट गवांकर कुल 78 रन बनाए। जबाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए 43वीं वाहिनी एसएसबी की टीम शक्ति सिंह, उप कमांडेंट (कप्तान) के नेतृत्व में सलामी बल्लेबाज मुख्य आरक्षी कृष्णकांत और मुख्य आरक्षी देवाशीष दास ने 7 .3 ओवर में नाबाद कुल 79 रन बनाकर 10 विकेट से विजयी हुई। कमांडेंट ने यह भी बताया की इस तरह के मैच के माध्यम से हम युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना चाहते है जिससे वे खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ें तथा अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रस्तुत कर अपना एवं अपने क्षेत्र के नाम रौशन करें।

## तैयारी

1 मार्च से 3 मार्च तक महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का किया गया आयोजन, दोनों देशों से आएंगे प्रतिनिधि

# भारत-नेपाल के सांस्कृतिक अंतर्संबंधों पर मंथन करेंगे विद्वतजन

गोरखपुर

अमृत विचार। सदियों से चले आ रहे भारत-नेपाल के सांस्कृतिक अंतर्संबंध शोधपूर्ण मंथन से और प्रगाढ़ होंगे। इसके लिए आगामी 1 मार्च से 3 मार्च तक महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में 'भारत-नेपाल सांस्कृतिक अंतर्संबंधों की विकास यात्रा : अतीत से वर्तमान तक' विषयक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नेपाल के तीन दर्जन विद्वान यहां पधारकर और इससे अधिक ऑनलाइन जुड़कर भारतीय विद्वतजन के साथ उन आयामों पर चर्चा करेंगे, जिससे भारत और नेपाल के मैत्रीपूर्ण संबंधों को नई ऊंचाई दी जा सके।


अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के लिए तैयार महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़।

यह सेमिनार महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय और महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ के संयुक्त तत्वावधान में होगा। यह महाविद्यालय वर्ष 2015 में भी भारत-नेपाल के मैत्री संबंधों पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन करा चुका है। दूसरी बार, 1 मार्च से हो रहे अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के बारे में जानकारी देते हुए आयोजन के संयोजकद्वय डॉ. पद्मजा सिंह और डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने बताया कि महाराणा प्रताप महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव की देखरेख में उद्घाटन और समापन के अतिरिक्त आठ तकनीकी सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। 1 मार्च को उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय, लुम्बिनी, नेपाल के कुलपति प्रो. सुबरन लाल बज्राचार्य करेंगे। जबकि सारस्वत अतिथि के रूप में मध्य पश्चिम विश्वविद्यालय, सुर्खेत, नेपाल के उप कुलपति प्रो. नंद बहादुर सिंह, मुख्य अतिथि के रूप में नेपाल सरकार के पूर्व गृह राज्यमंत्री देवेंद्र राज कंडेल और विशिष्ट अतिथि के रूप में वाल्मीकि विद्यापीठ, काठमांडू, नेपाल के प्राचार्य प्रो. भागवत ढकाल की सहभागिता रहेगी। उद्घाटन सत्र में बीज वक्तव्य दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा का होगा।

अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के पहले दिन दो तकनीकी सत्र होंगे जबकि तीसरे दिन तीन तकनीकी सत्रों के अलावा प्रतिभागियों को गोरखनाथ मंदिर का भ्रमण कराया जाएगा। तीसरे दिन समापन सत्र की अध्यक्षता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन करेंगी। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, मध्य प्रदेश के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, दांग, नेपाल के कार्यकारी निदेशक प्रो. सुधन कुमार पौडेल, त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू, नेपाल के संस्कृत विभाग के आचार्य डॉ. सुबोध शुक्ल, प्राज्ञीक विद्यार्थी परिषद, काठमांडू, नेपाल के राष्ट्रीय संगठन मंत्री नारायण प्रसाद ढकाल मौजूद रहेंगे। सेमिनार का प्रतिवेदन दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में राजनीतिशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अमित कुमार उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। अलग-अलग तकनीकी सत्रों में अध्यक्ष, सह अध्यक्ष की भूमिका में एक भारत और एक नेपाल के विषय विशेषज्ञ शामिल रहेंगे।

## एक नजर

### 10 लीटर कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार।** प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे के नेतृत्व में थाना उतरौला पर गठित टीम हेड कांस्टेबल कृष्णकान्त पटेल व कांस्टेबल सौरभ यादव द्वारा 10 लीटर अवैध कच्ची शराब 1 प्लास्टिक की पिपिया में अभियुक्त रंजीत कुमार निवासी देवरिया मैनहा बनियनडीह थाना उतरौला के कब्जे से बरामद हुआ। देवरिया मैनहा के पास से अभियुक्त को मय शराब के गिरफ्तार किया गया।

### अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो का आरोपी गिरफ्तार

**धनघटा, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** धनघटा पुलिस ने रविवार को बहला फुसलाकर नाबालिग बालिका के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा केशवनाथ ने बताया कि बीते दिनों थानाक्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति की नाबालिग पुत्री को ग्राम औराडांड़ टोला बजरहा निवासी भीम यादव पुत्र राधेश्याम यादव बहला फुसलाकर भगा ले गया था। पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ धनघटा पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा कायम किया था। रविवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

### विधायक ने शुरू किया लाभार्थी संपर्क अभियान

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार।** भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने विधानसभा क्षेत्र उतरौला के ग्रामसभा इमिलिया के बूथ संख्या 132 में लाभार्थी संपर्क अभियान का शुभारंभ किया। भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि एक बार फिर से मोदी सरकार विभिन्न योजनाओं से आच्छादित लाभार्थियों से मिलकर 9638002024 डायल कराया गया व लोगों से जनसम्पर्क करके पत्रिका वितरण किया गया साथ ही लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रहीं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी क्षेत्र की जनता को दी। प्रत्येक गांव के प्रत्येक घर तक नागरिकों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर गारंटी का लाभ मिल रहा है। इस बार फिर जनता का प्रचण्ड विश्वास भाजपा को मिलेगा और हमारा अबकी बार 400 पार का संकल्प साकार होगा। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी सुधीर श्रीवास्तव, देवानंद गुप्ता, लक्ष्मी रतन गुप्ता, रोहित राज गुप्ता, राहुल राज गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कार में लदी जंगली खैर का 13 बोटा बरामद

**बलरामपुर, अमृत विचार।** वन विभाग बरहवा रेंज की टीम द्वारा बीती रात तुलसीपुर हरैया मार्ग पर अल्टो कार से जंगली खैर का 13 बोटा बरामद किया गया है। खैर लकड़ी कार सहित रेंज परिसर में लाकर कार्यवाही की जा रही है। वन विभाग के एसडीओ माता बक्श सिंह ने बताया कि बीती रात मुखबिर से सूचना मिली कि जंगल से अल्टो कार में खैर का बोटा रखा हुआ है। रेंजर बरहवा राकेश पाठक, वन दरोगा सूरज पांडेय व वन जीव रक्षक धीरेंद्र कुमार ने पीछा किया। अपने को घिरता देखकर चालक कार को छोड़कर मौके से भाग गया। लकड़ी सहित कार को रेंज परिसर लाकर सीज किया गया है। अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। कार चालक का पता किया जा रहा है। अभियुक्त को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

### दिवंगत पत्रकार को अर्पित की श्रद्धांजलि

**संतकबीरनगर।** दूरदर्शन न्यूज के संवाददाता सुहैल अहमद के आकस्मिक निधन पर जिले के पत्रकारों में शोक की लहर है। रविवार को डाक बंगला खलीलाबाद पर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। सभी पत्रकारों ने दिवंगत साथी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। बाद में दो मिनट का मौन रखकर सभी ने उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। बताते चलें कि स्व. सुहैल अहमद लम्बे समय से हृदय रोगी से पीड़ित थे। लखनऊ और दिल्ली के बड़े अस्पतालों से उनका उपचार चल रहा था। डाक्टरों ने उनके आपरेशन की डेट भी दे दिया था। इसी बीच रविवार की सुबह अचानक उनकी तबियत बिगड़ी तो परिजन बस्ती जिले के किसी अस्पताल पर ले गए। उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। शोक सभा में प्रमुख रुप से रमेश शर्मा, गोरखनाथ मिश्र, साहिल खान, अब्दुल मजीद अंसारी, विजय गुप्ता, बाबुल श्रीवास्तव, सदरे आलम, संजय, रितेश उपाध्याय, विजय गुप्ता, के. के. मिश्र, जितेन्द्र पाठक, गणेश चैरसिया, नवनीत श्रीवास्तव सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

# 1768 बूथों पर 29,475 ने सुनीं मन की बात

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जनपद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 110वीं एपिसोड को भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन और भाजपा जिला मंत्री दीपक तिवारी के संयोजन में सुना। मन की बात कार्यक्रम जनपद की 1768 बूथों पर 29475 लोगों ने मन की बात सुना।

भाजपा क्षेत्रीय मंत्री विनोद कुमार ने अकबरपुर नगर मण्डल के बूथ संख्या 77 राबीबहाउद्दीनपुर में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रथम बार मतदाता बने युवाओं से भारी संख्या में अपने मताधिकार करने का आवाहन किया। उमौजूदा समय में कंटेंट क्रिएशन में युवाओं की बढ़ती रुचि पर बात कर उन्होंने कहा कि आज जिसके पास मोबाइल है वह वह कंटेंट क्रिएटर बन गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने हंसवर मंडल की 273 सेमउर खानपुर बूथ पर मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद कहा कि मोदी के मन की बात कार्यक्रम में देश की विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी कार्य करने वाले लोगों की कार्यों को प्रोत्साहित करते हुए उनके बारे में चर्चा करते हैं। बिहार के भोजपुर निवासी भीम सेन का जिक्र करते हुए उनके मुसहर जाति के लिए कार्य करने की प्रसंशा किया।

# आपदा से पूर्व प्रशिक्षण को परखने पर दिया जोर

- चीनी मिल कर्मियों को दी गयी आपदा प्रबंधन से सम्बन्धित विषयों की जानकारी



बलरामपुर चीनी मिल में आयोजित बैठक में शामिल पदाधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** इग्नू व बलरामपुर चीनी मिल के संयुक्त तत्वावधान में परिचर्चा का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आपदा प्रबंधन से सम्बन्धित विषयों की जानकारी मिल के सुरक्षा व अन्य कर्मियों को दी गई। कार्यक्रम में इग्नू डायरेक्टर कीर्ति विक्रम सिंह ने इग्नू में चल रहे कोर्सेस की जानकारी दी।

मुख्य वक्ता पूर्व आपदा प्रबंधन सलाहकार सचिन मदान ने औद्योगिक आपदा के सम्बन्ध में प्रकाश डाला। इन्दिरा गांधी मुक्त विश्व विद्यालय अपने अध्ययन केन्द्र एमएलके पीजी कॉलेज के माध्यम से कई कोर्सेस का संचालन कर रहा है। इग्नू डायरेक्टर कीर्ति विक्रम सिंह ने बताया कि चीनी मिल व अन्य औद्योगिक संस्थानों में काम करने वाले कर्मियों को आपदा प्रबंधन के प्रशिक्षण की महती आवश्यकता होती है। ऐसे में इग्नू द्वारा संचालित कोर्सेस उनके लिए वरदान साबित हो सकते हैं। इग्नू में किसी भी संस्थान में कार्यरत लोग अपनी शिक्षा पूरी कर सकते हैं। आपदा प्रबंधन का कोर्स भी उनमें से एक है। पूर्व जिला आपदा प्रबंधन सलाहकार सचिन मदान ने कहा कि औद्योगिक आपदा मानव जनित आपदा का रूप है। इस आपदा के न्यूनीकरण के लिए पहले से प्लान बनाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि भारत में घटी भोपाल गैस त्रासदी सबसे बड़ी औद्योगिक आपदा है। जिसमें मेथिल आइसो साइनाइट गैस का रिसाव हुआ था। जिससे हजारों लोग मारे गए थे। फैक्ट्री में प्रयोग होने वाले रसायन व उसके नुकसान के सम्बन्ध में कर्मियों तथा आस पास रहने वाले लोगों को कोई जानकारी नहीं थी। मुंह पर गीला कपड़ा रखकर लोग अपनी जान बचा सकते थे। इसी प्रकार की जान बचाने वाली जानकारियां प्रसारित करना आपदा प्रबंधन प्लान का हिस्सा होता है। उन्होंने आपदा से पूर्व प्रशिक्षण व तैयारियों को परखने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के माध्यम से आपदा जोखिम को कम किया जा सकता है। उन्होंने आद्योगिक आपदा के समय क्या करना चाहिए इसके बारे में भी कर्मियों को जानकारी दी। इग्नू अध्ययन केन्द्र के कोआर्डिनेटर डा. आलोक शुक्ला ने इग्नू से छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

# सोहेलवा अभयारण्य जैव विविधताओं के कारण है प्रसिद्ध : सर्वेश कुमार

## इको टूरिज्म विकसित कर वन्यजीवों को सुरक्षित करने पर विचार विमर्श

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर




भगवानपुर जलशाय पर आयोजित बैठक में शामिल टीम के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रकृति की गोद में स्थित खूबसूरत भगवानपुर जलाशय पर बलरामपुर फर्स्ट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सोहेलवा वन्य जीव अभयारण्य के क्षेत्र में इको टूरिज्म की अपार संभावनाओं को देखते हुए शासन प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराने की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया।

सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि प्राकृतिक रूप से सोहेलवा काफी समृद्धि है। सोहेलवा अपनी जैव विविधताओं के कारण काफी प्रसिद्ध है। सोहेलवा वन्य जीव अभयारण्य के बीच स्थित जलाशय इसके नैसर्गिक सौंदर्य को और भी बढाते है। शिक्षाविद ओम प्रकाश मिश्र ने सोहेलवा के प्राकृतिक सौंदर्य का बखान करते हुए कहा कि यह दृश्य किसी भी प्रकृति प्रेमी को सुकून देने वाला है। उन्होंने कहा कि हम सब का सौभाग्य है कि हम लोग प्रकृति की इस खूबसूरती के बीच रहते हैं तो हम सब का दायित्व भी बनता है कि इसे सुरक्षित और संरक्षित किया जाए। शिक्षाविद विनोद सिंह कलहंस ने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं हम सब मिलकर प्रशासन और सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे कि इस क्षेत्र का विकास करें। जिससे यहां की अर्थव्यवस्था सुधरे और बलरामपुर को उसका लाभ मिले।

बलरामपुर फर्स्ट टीम के सचिन सिंह ने सरकार की पर्यटन नीति पर चर्चा करते हुए कहा की भौगोलिक दृष्टिकोण से सोहेलवा परिक्षेत्र उन सभी मानकों पर खरा उतर रहा है जिसे सरकार बढ़ावा देना चाहती है। शिक्षक ज्योति मिश्रा ने बलरामपुर की जनता की चेतना को जागृत कर इस क्षेत्र के विकास में आने वाली चुनौतियां पर चर्चा की। यह क्षेत्र पर्यटन का हब होगा तो लोग बाहर जाने के बजाय सोहेलवा आना पसंद करेंगे।

बलरामपुर फर्स्ट की मीटिंग में इस बात पर जोर दिया गया कि इको टूरिज्म विकसित होने से वन व वन्यजीव भी सुरक्षित हो जाएंगे। इस अवसर पर सर्वेश कुमार सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा, विनोद सिंह कलहंस, सचिन सिंह, सुजीत शर्मा, रवि ज्योति मिश्रा, योगेंद्र मिश्रा, प्रभाकर कसौधन, मयंक श्रीवास्तव, विपुल सिंह, शाहिद अली सहित अन्य प्रकृति प्रेमी मौजूद रहे।

# महिलाओं को पंपलेट वितरित कर किया जागरूक

**अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान फेज-4 के तहत महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को जागरूक किया गया। अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन और नारी सम्मान की दिशा में जनपद की महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने बीट क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई और साइबर अपराध, निराश्रित विधवा पेंशन योजना, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के तहत थाना कोतवाली टांडा से महिला कांस्टेबल सोनी महिला होमगार्ड पूनम राजभर, महिला होमगार्ड उर्मिला के द्वारा मुबारकपुर में व थाना अहिरौली से आरक्षी शिवा सिंह, महिला आरक्षी अनीता वर्मा, महिला आरक्षी सोनम सिंह, महिला आरक्षी मोनिका सिंह द्वारा ग्राम करदासपुर में और थाना कोतवाली जलालपुर से महिला कांस्टेबल शीला यादव द्वारा कस्बा जलालपुर में व थाना कोतवाली अकबरपुर से हेड कांस्टेबल हरकेश कुमार, महिला कांस्टेबल गीता यादव, महिला कांस्टेबल रिचा रानी द्वारा तहसील तिराहा पर व थाना बेवाना में महिला कांस्टेबल अनुराधा पांडे द्वारा ग्राम बहलोलपुर में महिलाओं और बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया।

# गांव-गांव जाकर युवाओं को बीजेपी से जोड़ेंगे युवा नेता




भाजयुमो क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी का स्वागत करते जिलाध्यक्ष सर्वेश त्रिपाठी।

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** भाजपा युवा मोर्चा ने गांव गांव भ्रमण कर युवाओं को भाजपा की नीतियों और योजनाओं से अवगत कराकर उन्हें पार्टी से जोड़ने का अभियान शुरू किया। यह अभियान आगामी 5 मार्च तक युवा चौपाल कार्यक्रम के रूप में जारी रहेगा। उक्त आशय के बारे में रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सर्वेश त्रिपाठी ने विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर आज से प्रारम्भ हो रहा है।

आगामी 5 मार्च तक अनवरत जन चौपाल के माध्यम से युवाओं को पार्टी से जोड़ने का अभियान चलेगा। उन्होंने बताया कि हर मंडलों में कम से कम 25 से 30 चौपाल लगाए जाएंगे, जो ग्राम पंचायत स्तर पर होंगे। हर चौपाल में नौजवानों को भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जाएगा। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ महाराज की सरकार के द्वारा जो विकास कार्य नौजवानों के हित में किये गए हैं उसके बारे में लोगों को बताया जाएगा। आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में ऐतिहासिक मतदान करने की अपील किया जाएगा। इस दौरान भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी युवा मोर्चा सुशील कुमार प्रजापति समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 85 अभियुक्तों पर मुकदमा दर्ज

- शनिवार को सड़क जाम कर ग्रामीणों ने पुलिस कर्मियों से किया था दुर्व्यवहार
- पुलिस की इस कार्रवाई से वार्ड वासियों में मचा हड़कंप

मेंहदावल, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** शनिवार को थानाक्षेत्र के तुलसीपुर वार्ड की सभासद उत्तरा निषाद के पिता रामानंद की पिटाई के बाद उपचार के दौरान मौत के बाद परिजनों व मोहल्ले के सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने शव रखकर सड़क जाम किया था और पुलिस से अभद्र व्यवहार भी किया था। जिस पर पुलिस ने रविवार को 24 नामजद और 85 अज्ञात लोगों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस की इस कार्यवाही से तुलसीपुर वार्ड के साथ ही पूरे मेंहदावल कस्बे में हड़कंप मच गया है। प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि सुबह मैं अपने समर्थकों के साथ मेहदावल-बखिरा मार्ग पर शव रखकर मार्ग को जाम कर शासन व पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए और उग्र होकर गाली-गलौज व जान से मार डालने की धमकी देते हुए आने-जाने वाली एंबुलेंस गाड़ियों जिसमें मरीज थे को भी जाने के लिए रास्ता नहीं दे रहे थे। बार-बार समझाने पर भी प्रदर्शनकारियों द्वारा उग्र होकर रास्ता रोक दिया गया था। कोई भी व्यक्ति जाने का प्रयास करे तो उसके ऊपर हमलावर हो जा रहे थे।

पुलिस और प्रशासन के लोगों द्वारा समझाने पर उन पर निरंतर उग्र होकर हमलावर हो गए थे। गाली गलौज करते हुए मुझ प्रभारी निरीक्षक व फोर्स के ऊपर ईंट पत्थर चलाने लगे थे। प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र की तहरीर पर द्वारा मेंहदावल पुलिस ने 24 नामजद और 85 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कायम कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दिया है।

### इन लोगों को पुलिस ने किया नामजद

**मेंहदावल।** सड़क जाम और उपद्रव के मामले में मेंहदावल पुलिस ने जिन लोगों को नामजद किया है उनमें सभासद उत्तरा निषाद पुत्री रामानंद, देवव्रत निषाद पुत्र स्वर्गीय रामानंद निषाद, सुनैना पत्नी राजेश निषाद, राजकुमारी पत्नी राजू, अखिलेश गौतम पुत्र कोदई, उषा पत्नी जितेंद्र, रेखा पत्नी जोगिंदर, चांनमती पत्नी शंकर, हेमवती पत्नी राजकुमार, रामा पुत्र दशरथ, रीता पत्नी रामनाथ, झिनकी पत्नी केशव, शकुंतला पत्नी गर्जन, अर्जुन पुत्र अजय, अनीता पत्नी वंशीलाल, पूनम पत्नी पंचम, प्रेमा पत्नी भागीरथी, राजकुमारी पत्नी मोहित, दुर्गावती पत्नी मीनक, रामप्रसाद पुत्र रामदेव निवासी गण तुलसीपुर टोला अमिलहवा थाना मेहदावल व दिव्यांशु पांडेय पुत्र चंद्रशेखर पांडेय, मनोज पुत्र बनवारी निवासी गण भरवलिया पांडेय समेत 85 अज्ञात लोग शामिल हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में ईंट भट्ठा मजदूर की मौत

**हत्या की आशंका**

- धनघटा थानाक्षेत्र के सेमरी स्थित सोना ब्रिक फील्ड पर छप्पर में मिली 25 वर्षीय मजदूर की लाश

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** धनघटा थाना क्षेत्र के सेमरी स्थित सोना ब्रिक फील्ड भट्ठे पर रविवार की सुबह छप्पर में 25 वर्षीय मजदूर का शव मिला। घटना की सूचना मजदूरों ने पुलिस को दी।

बीस दिन पूर्व रायबरेली जनपद के बछरावां थानांतर्गत ग्राम सराय उमर निवासी 25 वर्षीय सन्तोष पाल पुत्र दयाराम गांव के कुछ साथियों के साथ सेमरी ईंट भट्ठे पर काम करने आया था। भट्ठे पर कार्यरत मजदूर देशराज व विपिन ने बताया कि शनिवार की रात भोजन कर वह छप्पर में सोने चला गया। सुबह मजदूरों ने छप्पर में सन्तोष पाल का शव देखा। शव देख लोगो ने शोर मचाया। सूचना पर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छप्पर से शव को बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दिया गया है। सूचना पर मृतक का बहनोई सुशील भी मौके पर पहुंच गया। घटना को लेकर तरह तरह की अटकलें लगाई जा रही है। भट्ठे पर कुछ लोगों ने बताया कि सन्तोष पाल का शव नीम के पेड़ पर गमछे से झूल रहा था। लेकिन पुलिस जब मौके पर पहुंची तो शव छप्पर से बरामद किया गया। मौके पर भट्ठे पर सन्नाटा पसर गया। ईंट भट्ठे पर अन्य कार्यरत जिम्मेदार नदारद दिखे।

प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि शव का पीएम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद स्थित स्पष्ट होगी। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। यदि तहरीर मिली तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### युवा भाजपा नेता ने लाभार्थी सम्पर्क अभियान किया शुरू



लाभार्थी सम्पर्क अभियान का उद्घाटन करने पहुंचे मृगेंद्र राम त्रिपाठी का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**मगहर, संतकबीरनगर।** भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार समाज के अंतिम पायदान पर रहने वाले व्यक्ति के विकास की सोच रखती है। पीएम मोदी की केंद्र सरकार ने महिलाओं और किसानों के विकास के लिए तमाम योजनाएं चलाई है।जिसका सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। उक्त बातें पूर्व सांसद स्व. शरद त्रिपाठी के पुत्र युवा नेता मृगेन्द्र राम त्रिपाठी ने लाभार्थी संपर्क अभियान यात्रा के उद्घाटन अवसर पर रविवार को मगहर में कही। उन्होंने कहा कि खलीलाबाद लोकसभा क्षेत्र के मगहर से लाभार्थी संर्पक अभियान यात्रा शुरू हो कर गोला बाजार खलीलाबाद, भुजैनी, कांटे होते हुए ग्राम उमिला में समापन किया जाएगा। इस यात्रा का उद्देश्य है कि केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से मिल कर सरकार की नीति और नियत से अवगत कराना है।उन्होंने कहा कि सरकार सभी वर्गों को बिना भेदभाव के ही उज्ज्वला गैस, पीएम आवास, किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया है। पूर्व चेयरमैन संगीता वर्मा के नेतृत्व में मृगेन्द्र राम त्रिपाठी का मगहर कस्बे के काजीपुर चौराहे पर गाजे बाजे के साथ उनकी आरती उतार कर महिलाओं ने जोरदार स्वागत किया और उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। स्वागत करने वालों में महेंद्र दूबे, राजेश उर्फ गुड्डू वर्मा, संदीप वर्मा, अतुल श्रीवास्तव,गजेंद्र उर्फ गज्जू गुप्ता, शैलेश श्रीवास्तव, अत्रेश श्रीवास्तव, संदीप मिश्रा, सुजीत गुप्ता, दीपक कन्नौजिया, शैलेश श्रीवास्तव, गौरव निषाद, प्रदीप गुप्ता, प्रभात वर्मा, रामू यादव आदि लोग शामिल रहे।

### छात्रों ने दुर्लभ प्रजातियों की वनस्पति का किया अध्ययन



शैक्षणिक भ्रमण के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षक। अमृत विचार

**बलरामपुर।** एमएलके पीजी कालेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के शैक्षणिक भ्रमण के अन्तर्गत छात्रों के एक दल ने विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन, डॉ मोहम्मद अकमल व डॉ वीर प्रताप सिंह के नेतृत्व में डचेस फाल का भ्रमण किया। डचेस फाल मध्य प्रदेश के पंचमढ़ी शहर का एक सुंदर जल प्रपात है। इसकी ऊंचाई लगभग 100 मीटर है। इस प्रपात तक पहुंचने के लिए 4 किमी 850 सीढ़ियां की यात्रा पैदल करनी पड़ती है। यह जल प्रपात बारहमासी धारा है और गिरते हुए सुन्दर कल-कल आवाज करता है। यहां पर छात्रों ने गाइड राकेश कश्यप के साथ विभिन्न दुर्लभ प्रजातियों की वनस्पति जिसमें साईलोटम, सायथिया, सिलेजिनेला, नोस्टोक, लाइकोपोडियम व विभिन्न प्रकार के फर्नो जिसमें सिल्वर फर्न मुख्य है, का अध्ययन किया। साईलोटम एक अत्यंत दुर्लभ संवहनी पौधा है। यहां से छात्र छात्राएं रीछगढ़ गुफा भी गये। जहां पर गाइड राकेश ने पंचमढ़ी की जैव विविधता के बारे में जानकारी दी। अंत में सभी लोगों ने धूपगढ़ का दौरा किया। धूपगढ़ महादेव की पहाड़ियों पर स्थित है और मध्य प्रदेश का सबसे उच्चतम बिन्दु है जिसकी ऊंचाई 1350 मीटर है।

# कबीर ने पूरी दुनिया को दिया मानवता का संदेश



कबीर दास की समाधि पर दर्शन करते मॉरीशस से आए राजशिव और उनकी पत्नी।

**मगहर, अमृत विचार।** सभी मानव समान हैं। कबीर साहेब ने पूरी दुनिया को मानवता का संदेश दिया है। उनके सन्देशों को आत्मसात करने से मानव जीवन सफल बन सकता है। उक्त बातें मारीशस से सपत्नीक मगहर पहुंचे पर्यटक राजशिव ने रविवार को कबीर निर्वाण स्थली पर समाधि व मजार का दर्शन करने के दौरान कही।

# धर्म कार्य के लिए उम्र बाधक नहीं : भारद्वाज



श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराते विद्याधर भारद्वाज। अमृत विचार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** शहर के बनियाबारी में चल रहे नव दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक पंडित विद्याधर भारद्वाज ने कहा कि संसार के सारे कार्य लोग समय से करना चाहते हैं किंतु भगवत कार्य के लिए वृद्धावस्था की प्रतीक्षा करते हैं। ध्रुव जी महाराज को 5 वर्ष की अवस्था में ही भगवत प्राप्ति हो गई थी।

महाराज स्वयंभू मनु के वंश में दो पुत्र हुए प्रियव्रत और उत्तानपाद। दो पत्नियां थी उत्तानपाद के पास सुनीति और सुरुचि। जीवात्मा उत्तानपाद ही है नीतिगत व रुचिगत विचारों के मध्य मनुष्य जीवन जीने के लिए बाध्य है। मनुष्य को नीतिगत विचारों का समर्थन करना चाहिए परिणाम स्वरुप जीवन में फल ध्रुव जैसा मिलता है। जो मनुष्य केवल रुचिकर विचारों का समर्थन करता है परिणाम स्वरुप फल भले अच्छा प्राप्त हो जाए किंतु टिकाऊ होगा इसकी गारंटी नहीं। सौतेली मां के व्यंग वचनों से आहत ध्रुव जी महाराज मथुरापुरी में यमुना नदी के किनारे देवर्षि नारद के उपदेश अनुसार द्वादशाक्षर मंत्र का जप कर प्रभु को प्रसन्न किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान श्रीमती कमला पांडेय, आयोजक रतेंद्र पांडे लकी सहित सैकड़ो श्रोतागणों ने कथा का रसपान किया।

## एक नजर

### दो आईपीएस का तबादला

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने शनिवार की देर रात दो आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। पुलिस उप महानिरीक्षक साइबर क्राइम एन कोलांची को अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज बनाया गया है, जबकि पवन कुमार को अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज से हटाकर पुलिस उप महानिरीक्षक साइबर क्राइम के पद पर तैनाती दी गई है।

### मास्टर ट्रेनर्स ने दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशन में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान गोमती नगर लखनऊ में रविवार को एक ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत इरफान अहमद, विशेष कार्याधिकारी, न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, संतोष कुमार- ।। द्वारा किया गया।

# सत्यापन में फंसा बेटियों का शादी अनुदान

## समाप्ति की ओर वित्तीय वर्ष, 6531 आवेदन लंबित,बजट का आधा भी नहीं हुआ खर्च

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शादी अनुदान योजना से कई बेटियां वंचित हो सकती हैं। इनके समय पर किए गए आवेदन जिलों पर एसडीएम और बीडीओ स्तर से सत्यापित नहीं हो पाए हैं। प्रदेश में वर्ष 2023-24 के 66,032 आवेदनों के सापेक्ष 6531 लंबित हैं।

आवेदन अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर अन्य वर्ग के हैं। इसमें 21 फरवरी तक बीडीओ के 5556 व एसडीएम स्तर से 975 आवेदनों का सत्यापन और आगे की प्रक्रिया लंबित रही। इधर, वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है।




- वर्ष 2023-24 में हुए 66,032 आवेदन
- अनुदान के लिए 150 करोड़ रुपये मिला था बजट

यदि आवेदन सत्यापन कर संबंधित अधिकारियों के पोर्टल पर न बढ़ाए गए तो बजट वापस होने पर कई लाभार्थी बाहर हो जाएंगे। इस प्रक्रिया की जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति गठित है। इसके अध्यक्ष जिलाधिकारी हैं फिर भी यह स्थिति है।

### इन जिलों में ज्यादा आवेदन लंबित

प्रतापगढ़ 393, जौनपुर 298, बलिया 219, गोरखपुर 215, रायबरेली 198, गोंडा 179

> आवेदनों का सत्यापन और आगे की प्रक्रिया की जा रही है। जल्द पात्रों को योजना से लाभान्वित करेंगे। इस संबंध में सभी जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।
> -डॉ. वंदना वर्मा, निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण

### आधा बजट भी नहीं हुआ खर्च

वित्तीय वर्ष 2023-24 में शादी अनुदान के लिए 150 करोड़ रुपये बजट मिला था। इसमें फरवरी तक आधा भी खर्च नहीं हो पाया है। क्योंकि आवेदन समय पर सत्यापित नहीं हुए न आगे प्रक्रिया के लिए बढ़े। चर्चा यह भी है कि पूर्वांचल के जिलों ने बजट पहले ही सरेंडर कर दिया है। इस योजना में 20 हजार रुपये लड़की को मिलते हैं। इसके आवेदन शादी होने से 90 दिन पहले या शादी होने के 90 दिन बाद तक किए जाते हैं। इस प्रक्रिया में पेंच फंसेगा।



एंटी डेमो फ्लीट हादसे में घायल हुए लोगों का राजधानी स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में हाल-चाल लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

# 17 जिलों में एक जगह मिलेंगी आयुर्वेद होम्योपैथ व यूनानी चिकित्सकीय सेवाएं

## जिलों में बनेंगे 25, 15 और चार बिस्तर युक्त नए आयुर्वेदिक चिकित्सालय

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** उप्र. की बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं में ऐलोपैथिक अस्पतालों ही नहीं, आयुष विभाग के आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक व यूनानी चिकित्सालय भी अहम भूमिका होगी। आयुर्वेदिक अस्पतालों में ओपीडी के साथ-साथ मरीजों के लिए इंडोर सेवाएं बढ़ाने पर भी जोर दिया जाएगा। इसके लिए हर पद्धति के इलाज के लिए नए अस्पताल बनाए जायेंगे, इन अस्पतालों के लिए केन्द्र ही नहीं, जिलायोजना अंतर्गत राज्य सरकार ने भी भारी भरकम बजट जारी कर दिया है।

आयुर्वेद निदेशक डॉ.प्रकाश चंद्र सक्सेना ने बताया कि उप्र. राज्य आयुष सोसाइटी द्वारा मिले 414 करोड़ में 42 करोड़ की प्रथम किस्त मिल चुकी है। इसके अलावा जिलायोजना अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा राजकीय चिकित्सालयों के निर्माण के लिए ढ़ाई करोड़ रूपये मिले हैं। आयुष सोसाइटी के बजट से जौनपुर में 30 बिस्तर का अस्पताल निर्माणाधीन है, 11 जिलों में 50 बेडेड एकीकृत आयुष अस्पताल बनाये जायेंगे। जबकि छह जिलों में निर्मित हो चुके हैं, इनमें चिकित्सकीय सेवाएं शुरू होनी हैं। इसके अलावा राज्य सरकार में मिले 3.5 करोड़ के बजट में 25 बेड, 15 व चार बेड के नए आयुर्वेदिक अस्पताल भी बनाए जायेंगे।

- आयुर्वेदिक चिकित्सा के 250 अस्पताल निर्माणाधीन

आयुर्वेदिक चिकित्सा के तहत चार बेड के 250 अस्पताल निर्माणाधीन हैं, 177 अतिरिक्त प्रस्तावित हैं। इसके अलवा 15 बेड के दो अस्पताल प्रस्तावित हैं।

### 25 यूनानी अस्पतालों को मिली अपनी जमीन

यूनानी विभाग के निदेशक डॉ. अब्दुल वहीद ने बताया कि सोसाइटी द्वारा साढ़े पांच करोड़ की किस्त मिल चुकी है, 25 यूनानी अस्पतालों के भूमि मिल चुकी है, जिन पर भवन निर्माण कराया जायेगा। इसके अलावा 11 एकीकृत आयुष अस्पताल व 49 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर संचालित किये जायेंगे। लखनऊ व प्रयागराज स्थित कॉलेज के संबन्ध अस्पतालों में इंडोर सेवाएं जारी हैं। होम्योपैथी निदेशक डॉ.अरविंद वर्मा ने बताया कि कई जिलों में इंडोर सेवाएं उपलब्ध हैं, निर्माणाधीन आयुष अस्पताल बनने से मरीजों को इलाज मिलना आसान हो जायेगा। हर जिले होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी कार्यालय बनने के बाद होम्योपैथिक चिकित्सकीय सेवाओं की गुणवत्ता ही नहीं, नए अस्पतालों में चिकित्सकीय सेवाएं भी बढ़ेंगी।

### निर्माणाधीन एकीकत आयुष अस्पताल

परंपरागत चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लखनऊ, वाराणसी, कानपुर नगर, कानपुर देहात, बरेली, कौशाम्बी, ललितपुर, संत कबीर नगर, सोनभद्र, अमेठी व देवरिया में 50 बिस्तर के एकीकृत आयुष अस्पताल निर्माणाधीन हैं, जबकि रायबरेली, बस्ती, जालौन, बागपत, बुलंदशहर व बलिया में अस्पताल बन चुके हैं।

## डॉ. आंबेडकर का मिशन भी है बसपाः मायावती

**अमृत विचार, लखनऊः** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि पार्टी केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि बाबा साहब डॉ भीमराव आंडेकर का मिशन भी है।

बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि बसपा आंबेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के मिशन को समर्पित मूवमेंट भी है, इस कारण इस पार्टी की नीति व कार्यशैली देश की पूंजीवादी पार्टियों से अलग है। इसे ध्यान में रखकर ही चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार भी उतारती है। उन्होंने आगे लिखा कि अब बीएसपी के सांसदों को इस कसौटी पर खरा उतरने के साथ ही स्वयं जांचना है कि क्या उन्होंने अपने क्षेत्र की जनता का सही ध्यान रखा? क्या क्षेत्र में पूरा समय दिया? साथ ही, क्या उन्होंने पार्टी व मूवमेंट के हित में समय-समय पर दिये गये दिशा-निर्देशों का सही से पालन किया है? बसपा सुप्रीमो ने कहा कि ऐसे में अधिकतर लोकसभा सांसदों का टिकट दिया जाना क्या संभव है।

# एसटीएफ ने नकलचियों के मददगारों की बनाई सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** एसटीएफ ने पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक करने वाले मास्टरमाइंड तक पहुंचने की दिशा में सक्रियता तेज कर दी है। इस क्रम में परीक्षा के दौरान नकल करने वाले अभ्यर्थियों के मददगारों की सूची बनाई है। पकड़े गए सभी आरोपियों के पास पेपर किस नेटवर्क से और कहां से पहुंचा, उसका ब्रीफ तैयार कर सभी नेटवर्क को फिर से खंगालना शुरू कर दिया है। ताकि इस पूरे मामले के असल गुनहगारों तक पहुंच सके।

एसटीएफ के प्रभारी एसपी विशाल विक्रम सिंह के नेतृत्व में जांच कर रही एसटीएफ की टीम ने यू-ट्यूब पर पढ़ाने वाले शिक्षक विवेक कुमार को पूछताछ के लिए सारे सबूतों के साथ सोमवार को बुलाया है। बताया जाता है कि विवेक ही ने सबसे पहले पेपर लीक होने की सूचना पुलिस महकमें को दी थी। एसटीएफ टीम गाजियाबाद से गिरफ्तार महिला अभ्यर्थी को नकल कराने वाले गुरबचन के गैंग लीडर मोनू और कपिल की भी तलाश तेज कर दी है। पकड़ी गई महिला अभ्यर्थी रिया चौधरी को ब्लूटूथ के जरिए नकल कराने की कोशिश की जा रही थी। एसटीएफ सूत्रों के अनुसार मोनू और कपिल पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में पेपर लीक करने वाले गैंग के सरगना हैं। गुरबचन के जरिए ही अभ्यर्थी का मोनू और कपिल से संपर्क हुआ था।

- गैंग लीडर मोनू और कपिल की तलाश तेज
- मथुरा का उपाध्याय बना एसटीएफ के लिए चुनौती

वहीं दूसरी तरफ एसटीएफ नीरज नाम के शख्स का भी नेटवर्क खंगाल रही है। लखनऊ के कृष्णा नगर में 18 फरवरी को अभ्यर्थी सत्य अमन को नीरज यादव ने ही वाट्सएप पर सॉल्व्ड पेपर भेजा था। लखनऊ पुलिस ने अभ्यर्थी सत्य अमन और उसके साथी नीरज को 19 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया था। नीरज ने पूछताछ में बताया था कि उसे सॉल्व्ड पेपर मुहैया कराने वाले मथुरा का ''उपाध्याय'' नाम का एक शख्स है, लेकिन मथुरा का उपाध्याय कौन है? कहां रहता है? इस बात से उसने अनभिज्ञता भी जाहिर की है। ऐसे में एसटीएफ टीम मथुरा के 'उपाध्याय' की गिरफ्तारी बड़ी चुनौती बनी हुई है। एसटीएफ और पुलिस की टीमें उसकी तलाश में मथुरा में दबिश दे रही है।



राजभवन में सम्मान कार्यक्रम के दौरान पूर्व राज्यपाल राम नाईक को पुष्प गुच्छ भेंट करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व अन्य। अमृत विचार

### पद्म भूषण के लिए मनोनीत होने पर पूर्व राज्यपाल राम नाईक सम्मानित

**अमृत विचार,लखनऊ :** पद्म भूषण के लिए मनोनीत होने पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को पूर्व राज्यपाल राम नाईक को राजभवन में सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि राम नाईक का जीवन 'चरैवेति-चरैवेति' का उत्कृष्ट उदाहरण है।पूर्व राज्यपाल का अभिनंदन करते हुए राज्यपाल ने उन्हें बेबाक नेता व कर्मठ समाजसेवी बताया। इस मौके पर पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने कहा कि उन्हें पद्मभूषण सम्मान के लिए मनोनीत किये जाने में उत्तर प्रदेश की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, महाराष्ट्र मंडल के सदस्य, विशेष सचिव बीएन सिंह, डॉ. निशिगंधा नाईक आदि लोग शामिल हुए।

# हारी सीटें सहयोगियों को दे सकती है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी इस लोकसभा चुनाव में साल 2019 के लोस चुनाव में हारी हुई 14 सीटों में से कुछ सीटें रालोद, सुभासपा और निषाद पार्टी को दे सकती है। वहीं कुछ सीटों पर बसपा के मौजूदा सांसदों को भी भाजपा में शामिल कराकर चुनाव लड़ाने पर विचार चल रहा है। रविवार को बसपा छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले रितेश पांडेय का नाम भी इसमें शामिल है।

दरअसल, लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा को 80 में से 16 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था। इनमें से उप चुनाव में भाजपा ने रामपुर और आजमगढ़ में तो जीत हासिल की। वहीं, गाजीपुर, घोसी, नगीना, सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, श्रावस्ती, अंबेडकर नगर, लालगंज और जौनपुर में अभी बसपा के सांसद हैं। जबकि, मैनपुरी, मुरादाबाद और संभल में सपा के सांसद है। रायबरेली से कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी सांसद हैं।

- 14 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा अगले सप्ताह तक संभव
- बसपा छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले रितेश पांडेय का नाम भी है शामिल

भाजपा इन हारी हुई 14 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा अगले सप्ताह तक हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक बैठक में सभी 14 सीटों पर प्रत्याशियों के पैनल को अंतिम रूप दिया गया। 28-29 फरवरी को प्रस्तावित भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में इस पैनल पर चर्चा के बाद प्रत्याशी घोषित किए जाएंगे। वहीं संगठन का प्रयास यह भी है कि समय रहते प्रत्याशियों की घोषणा हो जाए ताकि प्रत्याशी जनता से जुड़ कर अपनी स्थिति को मजबूत करे ले।

# सीतापुर में ड्रोन दीदी से बात कर मोदी ने महिलाओं को किया प्रेरित

- मन की बात कार्यक्रम के बाद ड्रोन दीदी को मिल रहीं बधाइयां
- सुनीता देवी ने स्वदेशी उत्पादों से भी बनाई अलग पहचान

**सीतापुर, अमृत विचार।** पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 110 संस्करण में पीएम मोदी ने लखपति दीदी योजना से लाभांवित ड्रोन दीदी का जिक्र कर महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान फोन से बात कर एक मध्यम गांव से जुड़ी महिला सुनीता देवी से बातकर देश में महिलाओं द्वारा तस्वीर बदलने का नजीर पेश की है। पीएम मोदी से बातकर सुनीता बेहद खुश नजर आईं।

मन की बात कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी से बातचीत के बाद सुनीता देवी ने बताया कि वह मछरेहटा विकासखंड के ग्राम गोडा से जुड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र सिकटिया में पहली बार उन्होंने ड्रोन को देखा जिसके बाद उनके अंदर महिला समूह से हटकर ड्रोन उड़ाने की जिज्ञासा हुई। इंटरव्यू के बाद हुए चयन में प्रयागराज पहुंच कर ट्रेनिंग के बाद सुनीता देवी को पीएम लखपति दीदी योजना के तहत ड्रोन मिला। ड्रोन मिलने के बाद वह गांव-गांव घूमकर ड्रोन से खेतों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव पर किसानों को जागरूक करने के काम में लग गई।



ड्रोन दीदी सुनीता देवी अपने इसी ड्रोन के साथ करती हैं फसलों पर छिड़काव।

ड्रोन स्प्रे चलाने के बाद ड्रोन को लेकर सुनीता महिलाओं के लिए एक नजीर बनकर सामने आई हैं। पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान देशवासियों को सुनीता से बात कर महिलाओं को सजग बनने की ओर अग्रसर करने का उदाहरण दिया है। सुनीता ने बताया कि वर्ष 2018 में कृषि विज्ञान केंद्र कटिया सीतापुर में ग्रामीण महिला तकनीकी पार्क अंतर्गत 15 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

### 35 एकड़ फसल पर की स्प्रे

मन की बात कार्यक्रम के बाद सुर्खियों में आई सुनीता देवी ने बताया कि वह अब तक करीब 35 एकड़ से अधिक फसलों को ड्रोन की मदद से स्प्रे कर कीटों से बचा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि उन्नतशील किसान से लेकर छोटे-छोटे किसान भी अब उनको फोन कर खेतों में कीटनाशक का स्प्रे करवाने के लिए बुलवाते हैं। सुनीता घंटों के काम को ड्रोन की मदद से कुछ ही मिनटों में करके खत्म कर देती है। इस ड्रोन की मदद से मजदूर को खेतों के अंदर जाने की जरूरत नहीं पड़ती है।

### ड्रोन दीदी का परिवार

जिले में ड्रोन दीदी के नाम से विख्यात सुनीता ने बताया कि उसकी पारिवारिक स्थिति बेहद कमजोर है। सुनीता ने बताया कि उसके दो बच्चे हैं। जो कि कक्षा छह एवं चार में पढ़ते हैं। पति संतोष वर्मा बेरोजगार हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने एवं परिवार के भरण पोषण के लिए ढाई बीघा किराए की जमीन लेकर पति- पत्नी मिलकर खेती करते है। उन्होंने बताया कि वह स्वयं सहायता समूह भी चलाती है जिससे वह पहले समूह दीदी के नाम से भी जानी जाती थीं। लेकिन ड्रोन स्प्रे के बाद अब उनकी पहचान ड्रोन दीदी के नाम से जानी जाती है।

# ज्योतिष गणना में तीसरी बार सरकार बना रही भाजपा

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्रहों के चाल पर ही भविष्यवाणी होती है। लोकसभा चुनाव के परिणाम की बात करें तो ग्रहों की चाल और उनकी गणना साफ बता रही है कि भाजपा देश में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। भाजपा इस बार के चुनाव में पश्चिम बंगाल में भी बड़ी सफलता हासिल करेगी। गणना के मुताबिक 23 से 26 सीटें मिल सकती हैं।

- अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष संगोष्ठी के दूसरे दिन ज्योतिषाचार्यों ने रखी अपनी बात

भाजपा का भाग्येष प्रबल है। पार्टी जब तक धर्म से जुड़ी रहेगी, तब तक सफलता की संभावना ज्यादा रहेगी। धर्म के प्रभाव से प्रसिद्धि का योग बन रहा है। ये बातें ज्योतिषाचार्य सुमेधा शर्मा ने कही।

वे त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमिनार के दूसरे दिन व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रहों के अनुसार कांग्रेस को सफलता 27 अप्रैल के बाद वोटिंग में मिलेगी। कांग्रेस नेताओं को अपनी वाणी में नियंत्रण रखना होगा। भाषा के स्तर को ठीक करना होगा। समाजवादी पार्टी को भी 5 मई के बाद होने वाली वोटिंग में सफलता मिलेगी। इससे पहले होने वाली वोटिंग में पार्टी को नुकसान होगा। हालांकि उन्होंने कहा कि अभी चुनाव की तिथि ज्ञात नहीं है। इसमें फेर बदल हो सकता है।

## अस्पतालों को मिले साढ़े तीन करोड़

**अमृत विचार,लखनऊ :** वाराणसी के पं.दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल व राजधानी के बलरामपुर अस्पताल में चिकित्सकीय सेवाओं को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने साढ़े तीन करोड़ जारी किये हैं। वाराणसी के अस्पताल में चिकित्सकीय उपकरणों के साथ ही ओपीडी में मरीजों की सुविधा के लिए संसाधन जुटाए जायेंगे, वहीं बलरामपुर अस्पताल में नई अल्ट्रासाउंड स्थापित की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल से चिकित्सकीय उपकरण व अन्य संसाधन की मांग के सापेक्ष उन्हें तीन करोड़ 33 लाख 34 हजार रूपये स्वीकृत किये गये हैं, इसके अलावा बलरामपुर अस्पताल में अल्ट्रासाउंउ मशीन की मांग की गई थी। जिसके लिए 18 लाख रूपये दिये गये हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने बताया कि हर सोमवार केयर एप पर प्रदेश भर के अस्पताल अपनी जरूरतों को अपडेट करते हैं, केयर एप में सभी उपकरणों के संचालन की स्थिति की जानकारी देनी होती है। अगर खराब हैं तो उल्लेख करना होता है, अस्पतालों की जरूरत को पूरा करने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन में भेजा जाता है, उक्त क्रम में ही

# मेडिकल की जमीन पर बनवाया गेस्ट हाउस : स्मृति ईरानी

## केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी पर किए प्रहार, बोलीं अमेठी में कमल खिल चुका अब रायबरेली में भी खिलेगा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** केंद्रीय मंत्री और अमेठी सांसद स्मृति इरानी ने एम्स उद्घाटन पर गांधी परिवार को आड़े हाथों लेते हुए कई प्रहार किए। उन्होंने कहा कि कामगारों के कारण एम्स रायबरेली में है। नामदार और कामगार में फर्क क्या होता है। यह एम्स रायबरेली उत्तम उदाहरण है। एम्स रायबरेली की घोषणा से लेकर शिलान्यास तक लगभग आठ साल की यात्रा करनी पड़ी। इस एम्स रायबरेली को प्रधानमंत्री मोदी के पुण्य हाथों द्वारा 16 दिसंबर 2018 राष्ट्र को समर्पित किया गया।

उन्होंने एम्स प्रशासन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप के प्रयासों की वजह से हर वर्ष एम्स रायबरेली में एक लाख 30 हजार टेस्ट होते हैं। गांधी परिवार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मैं उस क्षेत्र से हूं, जहां पर पहले कभी नामदार हुआ करते थे। अमेठी साक्षी है, जहां पर वर्षों वर्ष एक नामदार ने जनता का वोट लिया लेकिन सेवाएं नहीं दी। 30 साल पहले अमेठी में नामदारों ने मेडिकल कालेज बनाने की बात कहकर जमीन ली। नामदारों ने उस जमीन पर अपने लिए गेस्ट हाउस बना लिया, लेकिन मेडिकल कालेज नहीं बना।



### एम्स पर एक नजर

- परियोजना के अनुमोदन की तिथि- फरवरी 2009
- परियोजना की स्वीकृत लागत- 823 करोड़ रुपया
- कार्यकारी एजेंसी-मैसर्स एचएससीसी(इंडिया) लिमिटेड
- मैसर्स एचएससीसी(इंडिया) लिमिटेड-100 प्रतिशत
- वित्तीय प्रगति-94 प्रतिशत

### अब इन सुविधाओं का मिलेगा लाभ

डायग्नोस्टिक ब्लॉक के तहत रेडियोलॉजी सेवाएं जिसमें एक्स-रे, अल्ट्रासोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एमआरआई स्कैन सहित, इंटरवेंशन रेडियोलॉजी, पैथोलॉजिकल सेवाओं में फ्रोजन सेक्शन अध्ययन, साइटोलॉजी, हेमेटोलॉजी, बायोमार्कर सहित हिस्टोपैथोलॉजी अध्ययन, जैव रसायन, एबीजी, इलेक्ट्रोलाइट्स, सभी नियमित और आपातकालीन जांच सेवाएं, सूक्ष्म जैविक जाँच संस्कृति संवेदनशीलता, आरटी-पीसीआर, वायरल मार्कर, सभी नियमित और आपातकालीन जांच शामिल है। इसी तरह अब ओटी ब्लॉक की कुल संख्या 12 प्रमुख, जिनमें दो आपातकालीन और दो प्रसूति ओटी शामिल हैं।

### सुविधाएं, जो पहले से हैं संचालित

- ओपीडी - 13 अगस्त 2018
- एचएलएल -अमृत फार्मेसी अक्टूबर 2019 से
- एम्बुलेंस सेवाएं - फरवरी 2020 से दो एम्बुलेंस।




हरी झंडी दिखाने के इंतजार में खड़े वाहन। अमृत विचार

## मोदी काल गरीब कल्याण कारी योजना का स्वर्ण युगः एसपी सिंह

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री एसपी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक नया भारत बन रहा है। हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य की गारंटी मिल रही है। विकास की बड़ी-बड़ी परियोजनाओं को उतारने की क्षमता है। हर युवा के हाथ को आजीविका से जोड़ने के साथ ही स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर मिल रही है। अब तक 33 करोड़ आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। उत्तर प्रदेश पिछले चार महीने में काफी बेहतर कर रहा है। मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश कानून व्यवस्था का स्वर्ण युग है। उन्होंने कहा कि आज मेरी बेटी आगरा से लखनऊ आती है पैरा मेडिकल कालेज तो मैं एक बार भी नहीं पूछता हूं। अब बेटियां योगी राज में सुरक्षित हैं। इससे पहले उन्होंने जिले की जनता को बधाई देते हुए कहा कि आपकी दशकों पूर्व मांग पूरी हो रही है। इससे पहले प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने उद्गार व्यक्त किया।

## सीएम को सुनने लाठी के सहारे तीन किलोमीटर पैदल चलकर पहुंची वृद्धा



**अमृत विचार :** रविवार को एम्स के वर्चुअल लोकार्पण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रायबरेली पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से रायबरेली एम्स का लोकार्पण किया गया। इसमें कई केंद्रीय मंत्री और राज्य मंत्री भी मौजूद रहे। इसी में मुख्यमंत्री की जनसभा का भी कार्यक्रम किया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुनने के लिए 65 वर्षीय रामकुमारी एम्स आई। बताया कि एम्स के मेन गेट से पंडाल की दूरी लगभग तीन किलोमीटर की थी लेकिन उन्होंने हार नही माना और एक डंडे के सहारे वो जनसभा में पहुंचकर मुख्यमंत्री को सुना और फिर उतना ही चलकर वापस आई। राही ब्लॉक के बरवारीपुर से फूलदुलारी बोली कि हम सब साधन से मुख्यमंत्री जी को देखने और सुनने आये है। लालगंज के ऐहार से आये बुजुर्ग रामकुमार व रामदेव त्रिपाठी ने बताया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बदलाव बहुत जरूरी है।

### 1947 से 2017 तक प्रदेश में थे 12 मेडिकल कालेज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सरकारों पर सधी जुबान से प्रहार करते हुए कहा कि यूपी के 75 जनपदों में केवल 12 सरकारी मेडिकल कालेज बने थे। आज प्रदेश में 45 जनपदों में पहले से ही मेडिकल कालेज है। शासन और निजी क्षेत्र में दोनों को मिलाकर 65 मेडिकल संचालित है। 14 मेडिकल कालेज निर्माणधीन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर काम कर रही है। जिस तेजी से प्रदेश में मेडिकल कालेज बनाने का काम हो रहा है, उससे वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कालेज का सपना भी साकार हो सकता है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 985 फ्लैग 1095 डीएमओ 865 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल**

| | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360–2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500–3800 |
| बाजरा | 2200–2300 |
| मक्का | 2700–2800 |
| जौ | 2900–3000 |

**चावल प्रति कुन्तल**

| | |
|---|---|
| चावल सेल्हा | 2800–3100 |
| चावल बासमती | 7000–8000 |
| चावल मोटा | 2800–3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200–3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800–5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600–8600 |
| चावल राजरानी | 7000–7500 |

**दाल दलहन**

| | |
|---|---|
| चना देसी | 6800–7000 |
| चना फार्मी | 7200–7500 |
| चना काबली | 14500–17000 |
| मटर हरा | 6000–6200 |
| मटर सफेद | 6100–6500 |
| दाल चना | 8000–8400 |
| दाल मटर | 6400–6500 |
| उड़द हरा | 12000–12500 |
| उड़द काला | 9000–9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500–16000 |
| दाल उड़द काली | 10500–11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000–12500 |
| मूंग साबूत | 10000–10500 |
| मूंग दाल | 10500–11000 |
| मूंग धोवा | 12000–13000 |
| मसूर | 8800–9000 |
| मलका | 9000–9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000–17000 |
| दाल स्पेशल | 13000–14000 |

**किराना**

| | |
|---|---|
| हल्दी | 135–175 |
| लाल मिर्च | 270–325 |
| काली मिर्च | 660–880 |
| धनिया | 90–125 |
| सुपाड़ी | 525–550 |
| जीरा | 650–660 |
| सौफ | 180–300। |

# अंगूठा लगाने पर मिलेंगे अनुदानित बीज

## उर्वरक की तर्ज पर पीओएस से होगी बिक्री, अनुदान काटकर सिर्फ लिया जाएगा कृषक अंश

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- चल रहा परीक्षण, खरीफ 2024-25 में लागू करने की तैयारी

**अमृत विचार :** प्रदेश में उर्वरकों की तरह अनुदानित बीजों की बिक्री बायोमैट्रिक प्वांइट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन से की जाएगी। साथ ही बीज खरीदने पर किसानों को पहले से अधिक रुपये नहीं देने पड़ेंगे, जो सरकार बाद में डीबीटी यानी अनुदान के तौर पर उनके खातों में भेजती है।

नई व्यवस्था में अनुदान काटकर सिर्फ कृष अंश ही लिया जाएगा। इससे किसानों को और राहत मिलेगी। बायोमैट्रिक आधार बेस्ड प्रणाली में अंगूठा लगाने पर किसान की पहचान होगी और उनका पूरा विवरण पीओएस मशीन पर दर्शाएगा। इसमें खतौनी, आधार व बैंक खाता विवरण आदि नहीं देना



पड़ेगा। जो मैनुअली व्यवस्था में किसान देते आ रहे हैं। सरकार का पीओएस लागू करने का मकसद यह भी है कि इसमें बीजों की खरीद में फर्जीवाड़ा नहीं हो पाएगा। पीओएस का कृषि विभाग एक एजेंसी के साथ मलिहाबाद में परीक्षण कर रहा है। इसे मार्च तक पूरा कर खरीफ 2024-25 में पीओएस मशीन लागू करने की तैयारी है।

### किसानों को नहीं करनी पड़ेगी खोज, खत्म होगा झंझट

बायोमैट्रिक व्यवस्था में किसानों का पंजीयन, रसीद, टोकन, फीडिंग, बैंक विवरण, डीबीटी भेजना आदि कार्य नहीं होंगे। बीज खरीदने वाले किसानों की तलाश और सत्यापन का भी झंझट खत्म होगा। इन सब प्रक्रिया में विभाग के साथ किसानों का समय बचेगा और फौरन लाभ मिलेगा। वास्तविक किसानों को ही योजना का लाभ मिलेगा और इनकी पहचान आसान होगी।

### मिनी किट बांटने में मिली थी सफलता

प्रदेश सरकार ने खरीफ और रबी में बीजों की मिनी किट पीओएस मशीन से बांटे थे। इस प्रक्रिया में काफी आसानी हुई और किसानों को भागदौड़ नहीं करनी पड़ी और न ही किसी तरह के अभिलेख देने पड़े। ठीक इसी तर्ज पर धान, गेहूं, मक्का, दलहन, तिलहन, श्री अन्न डेंचा आदि के अनुदानित बीज पीओएस से बिक्री किए जाएंगे।

> पीओएस से अनुदानित बीजों की बिक्री का परीक्षण चल रहा है। इसमें किसानों के साथ विभाग का काम आसान होगा। पारदर्शिता आएगी और सत्यापन आसान होगा। पहले से अधिक रुपये भी नहीं देने होंगे।
>
> –बलराम वर्मा, उपनिदेशक कृषि, लखनऊ

## दस वर्षों में 8,300 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गईं

**नई दिल्ली।** मृदा स्वास्थ्य में सुधार और खेती में किसानों की लागत को कम करने के लिए 2014-15 से देश भर में लगभग 8,300 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। इसके अलावा, सरकार ने किसानों को 23.58 लाख मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी मुफ्त वितरित किए हैं। इस कदम का उद्देश्य उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देना, लागत में कटौती करना और फसल उत्पादकता को बढ़ावा देना है।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि किसानों के कल्याण के मूल में मृदा स्वास्थ्य है। सरकार वर्ष 2014-15 से मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता पर राष्ट्रीय परियोजना के तहत मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजनाएं लागू कर रही है।

# एफपीआई ने बॉन्ड में किया 18,500 करोड़ रु. का निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- जनवरी में 19,836 करोड़ रुपये से अधिक किए थे निवेश

भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन सूचकांक में शामिल करने के फैसले की वजह से देश के ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का रुझान मजबूत बना हुआ है। इस महीने अबतक एफपीआई ने भारतीय बॉन्ड बाजार में 18,500 करोड़ रुपये डाले हैं।

इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने भारतीय बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 19,836 करोड़ रुपये से अधिक डाले थे। यह पिछले छह साल में किसी एक माह में उनके निवेश का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। इससे पहले जून 2017 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये का निवेश किया था।फिडेलफोलियो के संस्थापक एवं स्मॉलकेस प्रबंधक किस्लय उपाध्याय ने कहा, 'इस वर्ष वैश्विक बॉन्ड सूचकांकों में भारत के प्रवेश के साथ आगे चलकर भारतीय ऋण बाजार में प्रवाह स्थिर रहेगा। इसके अलावा इस वर्ष जून में जेपी मॉर्गन सूचकांक में भारत सरकार के बॉन्ड के शामिल होने से पहले भी गतिविधियों में तेजी देखने को मिल सकती हैं।'

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस महीने अबतक एफपीआई ने शेयरों से शुद्ध रूप से 424 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650–47,850 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,500 |
| चांदी तैयार | 72,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 714 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 71,900। |

# देश में विलय-अधिग्रहण सौदों की संख्या में 10% की गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में 793 रही संख्या

भारत में 2023 के दौरान विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) सौदों की संख्या सालाना आधार पर 10 प्रतिशत गिरकर 793 रह गई। पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में एमएंडए के लिए कुल घोषित सौदे के मूल्य में 38 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पीई (प्राइवेट इक्विटी) निवेश कुल 36 अरब अमेरिकी डॉलर था। यह राशि 2022 के मुकाबले 36 प्रतिशत की भारी गिरावट को दर्शाती है। इस गिरावट के बावजूद प्रति सौदा



औसत निवेश 2022 में 4.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023 में 4.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया। पीडब्ल्यूसी इंडिया के पार्टनर दिनेश अरोड़ा ने कहा पूरे साल सीमित सौदों के बावजूद आखिरी तिमाही में कुछ गतिविधियां हुईं, जिससे हमें 2024 में तेजी की उम्मीद है।

## आईओसी, ओएनजीसी व गेल पर लगातार तीसरी तिमाही जुर्माना लगा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज तेल और गैस कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), ओएनजीसी और गेल (इंडिया) पर उनके निदेशक मंडल में निदेशकों की अनिवार्य संख्या रखने के मानदंड को पूरा नहीं करने के चलते लगातार तीसरी तिमाही में जुर्माना लगाया गया है। शेयर बाजार पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, आईओसी, ओएनजीसी और ओआईएल, गेल व तेल रिफाइनरी एचपीसीएल एवं मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) पर कुल 32.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# एक दशक में दोगुना हुआ परिवारों का मासिक खर्च

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय के ताजा अध्ययन में खुलासा

देश में परिवारों का प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है। राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय (एनएसएसओ) के ताजा अध्ययन से यह जानकारी मिली है। आधिकारिक बयान के अनुसार, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत एनएसएसओ ने अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 के दौरान परिवारों का उपभोग खर्च सर्वे (एचसीईएस) आयोजित किया।

इस सर्वेक्षण का उद्देश्य देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक समूहों के लिए



घरेलू मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (एमपीसीई) और इसके वितरण का अलग-अलग अनुमान तैयार करना है। सर्वेक्षण के अनुसार, मौजूदा कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में औसत एमपीसीई (बिना वैकल्पिक आंकड़ों के) 2011-12 के 2,630 रुपये से 2022-23 में दोगुना से अधिक होकर 6,459 रुपये हो गया है। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में यह 1,430 रुपये से बढ़कर 3,773 रुपये हो गया है। अध्ययन के अनुसार, 2011-12 की कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में औसत एमपीसीई (बिना वैकल्पिक आंकड़ों के) 2011-12 के 2,630 रुपये से बढ़कर 2022-23 में 3,510 रुपये हो गया है।

इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में यह 1,430 रुपये से बढ़कर 2,008 रुपये हो गया है। इससे पता चला कि शहरी क्षेत्रों में मौजूदा कीमतों पर औसत एमपीसीई (वैकल्पिक आंकड़ों के साथ) भी 2011-12 के 2,630 रुपये से बढ़कर 2022-23 में 6,521 रुपये हो गया है।



# भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में छू रहीं नई ऊंचाइयां

## रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 110वीं और अपने मौजूदा काल की आखिरी कड़ी में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'नारी शक्ति' की प्रशंसा की और कहा कि वे हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 110वीं कड़ी में कहा कि आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस देश की विकास यात्रा में नारी शक्ति के योगदान को सलाम करने का अवसर है।

मोदी ने कहा, 'आज देश में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां नारी शक्ति पीछे रह गई हो। एक अन्य क्षेत्र जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया है, वह प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और स्वच्छता है।' उन्होंने कहा कि देश की 'मातृशक्ति' धरती मां को



### 'तीन माह बाद 111वीं कड़ी में नई ऊर्जा के साथ मिलूंगा'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 'मन की बात' का प्रसारण अगले तीन महीने नहीं होगा और इसके बाद आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी में वह नई ऊर्जा के साथ लोगों से मिलेंगे। इस कार्यक्रम की 110वीं कड़ी में मोदी ने मार्च के महीने में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने की संभावना जताई। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह 'मन की बात' की बहुत बड़ी सफलता है कि इसकी पिछली 110 कड़ियों को 'सरकार की परछाई से भी दूर' रखा गया है।

बचाने में बड़ी भूमिका निभा रही है, जो रसायनों के कारण पीड़ा और कठिनाइयों का सामना कर रही हैं। उन्होंने कहा, 'महिलाएं अब प्राकृतिक खेती को देश के हर कोने में पहुंचा रही हैं। आज अगर जल जीवन मिशन के तहत देश में इतना काम हो रहा है तो उसमें जल समितियों की बड़ी भूमिका रही है। इन जल समितियों का नेतृत्व केवल महिलाओं के पास है।'

**सीतापुर की ड्रोन दीदी से की बात:** प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ साल पहले तक किसने सोचा होगा कि भारत में भी गांवों में रहने वाली महिलाएं ड्रोन उड़ाएंगी। उन्होंने कहा, 'लेकिन आज यह संभव हो रहा है। आज हर गांव में ड्रोन दीदी की कितनी चर्चा है। 'नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी' हर किसी की जुबान पर है।' प्रधानमंत्री ने यूपी के सीतापुर की 'ड्रोन दीदी' सुनीता से भी बात की। सुनीता ने अपने ड्रोन प्रशिक्षण के बारे में बात की और बताया कि यह खेती में कैसे मदद करता है।

उन्होंने कहा, 'महान कवि भरतियार जी ने कहा है कि दुनिया तभी समृद्ध होगी, जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। आज भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है। बहनें-बेटियां जल संरक्षण के लिए भरसक प्रयास कर रही हैं।' मोदी ने महाराष्ट्र की कल्याणी प्रफुल्ल पाटिल से भी बात की और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने के लिए उनके काम की सराहना की। उन्होंने कहा, 'चाहे सुनीता जी हों या कल्याणी जी, विभिन्न क्षेत्रों में नारी शक्ति की सफलता बहुत प्रेरणादायक है। मैं एक बार फिर हमारी नारी शक्ति की इस भावना की हृदय से सराहना करता हूं।'

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों के जीवन में प्रौद्योगिकी के बढ़ते महत्व के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'मोबाइल फोन और डिजिटल गैजेट्स हर किसी के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। डिजिटल गैजेट्स की मदद से अब हमें जंगली जानवरों के साथ संतुलन बनाने में मदद मिल रही है।'

# संविधान बदलने के किए जा रहे प्रयास

बेंगलुरु, एजेंसी

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने लगाए आरोप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को दावा किया कि संविधान को बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों को चेताया कि अगर वे आगामी लोकसभा चुनाव में मजबूती से और एकजुट होकर खड़े नहीं हुए तो भारत में निश्चित रूप से तानाशाही होगी। वह यहां 'संविधान एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन-2024' के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

खरगे ने दावा किया, 'कई लोग संविधान को मिटाने या बदलने की कोशिश कर रहे हैं। यदि आप आगामी चुनाव में मजबूत और एकजुट नहीं होते हैं और यदि संविधान प्रभावित होता है, तो यह निश्चित है कि आने वाले दिनों में इस देश में तानाशाही होगी। क्या आप तानाशाही चाहते हैं या न्याय के साथ जीवन जीना चाहते हैं, यह



'संविधान एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन' में खरगे, येचुरी व अन्य नेता।

(तय करना) महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा कि अगर संविधान बचेगा, तो इस देश की एकता बचेगी। अगर लोकतंत्र बचा रहेगा, तो हर कोई समृद्धि के साथ रह सकता है, लेकिन आज केंद्र में ऐसी सरकार नहीं है, जो या तो संविधान की रक्षा करती हो या संविधान को ध्यान में रखकर काम करती हो। कांग्रेस अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इसीलिए संविधान की रक्षा करना और उसका पालन करना सबसे महत्वपूर्ण है। खरगे ने नागरिकों से एक निश्चित विचारधारा थोपने की कोशिश करके उन्हें गुमराह करने के प्रयासों से सावधान रहने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा संविधान को हटाकर नया संविधान बनाने की साजिश की जा रही है।

## एक नजर

### संघ कार्यालय के खाली मैदान में मिला हथगोला

**भिंड।** शहर में स्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यालय परिसर के खाली मैदान में एक निष्क्रिय हथगोला मिला है, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह 30 से 35 साल पुराना है। पुलिस अधीक्षक असित यादव ने कहा कि हथगोला संभवतः पास के इलाके से संघ कार्यालय परिसर में पहुंचा, जहां पहले डीडी गांव में पुलिस फायरिंग रेंज थी। उन्होंने बताया कि खोजी कुत्तों के साथ एक बम निरोधक दस्ते को मौके पर भेजा गया और पाया गया कि हथगोला निष्क्रिय था।

### कांग्रेस विधायक वेंकटप्पा नाइक का निधन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के शोरापुर से कांग्रेस विधायक राजा वेंकटप्पा नाइक का रविवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 64 वर्ष के थे और दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ। वेंकटप्पा नाइक के निधन की पुष्टि 'मणिपाल अस्पताल' ने अपराह्न 1 बजकर करीब 50 मिनट पर की। अस्पताल ने एक बयान में कहा कि उनके परिवार ने निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। चार बार के विधायक को हाल ही में कर्नाटक राज्य भंडारण निगम के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।

## वायुसेना विमान से लाया गया लिवर, पूर्व सैनिक की जान बची

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सेना के एक अस्पताल से चिकित्सकों के एक दल को लिवर लाने के लिए पुणे ले जाने के वास्ते बहुत कम समय में भारतीय वायुसेना के डोर्नियर विमान को तैनात किया गया, जिससे यहां एक पूर्व सैन्य कर्मी की जान बचाई गई। वायुसेना ने रविवार को विमान और चिकित्सकों के दल की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा कीं।

## बीजापुर में आईईडी विस्फोट में जवान शहीद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक 'प्रेशर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) में रविवार को विस्फोट होने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में मिरतुर थाना क्षेत्र के बेचापाल पदमपारा गांव के पास अपराह्न करीब 3.30 बजे घटी। सीएएफ का एक दल इलाके में नियंत्रण हासिल करने के अभियान पर निकला हुआ था। उन्होंने कहा कि बेचापाल पुलिस शिविर से कुतुलपारा गांव की तरफ यह अभियान शुरू किया गया था। अधिकारी ने बताया कि जब यह दल शिविर के पास पहुंचा, तो सीएएफ की 19वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल राम आशीष यादव का पैर गलती से प्रेशर आईईडी पर पड़ गया और विस्फोट होने से उनकी मृत्यु हो गई।

## अरुणाचल में कांग्रेस-एनपीपी के दो-दो विधायक भाजपा में शामिल

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में चुनाव से पहले कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के दो-दो विधायक सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और पूर्व केंद्रीय मंत्री निनोंग ईरिंग (पासीघाट पश्चिम सीट) और वांगलिन लोवांगडांग (बोरदुरिया-बोगापानी निर्वाचन क्षेत्र) और एनपीपी के मुच्चू मीठी (रोइंग विधानसभा) और गोकर बसर (बसर विधानसभा) यहां स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय में एक समारोह के दौरान पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए।

## इनेलो नेता की झज्जर में गोली मारकर हत्या

**चंडीगढ़।** हरियाणा के झज्जर जिले में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी की अज्ञात हमलावरों ने रविवार को गोली मारकर हत्या कर दी।

पूर्व विधायक राठी एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) में जा रहे थे। इसी दौरान झज्जर के बहादुरगढ़ शहर में कार सवार हमलावरों ने उन पर हमला किया। इनेलो नेता अभय चौटाला ने को बताया कि राठी की झज्जर जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने सरकार पर राठी की जान को खतरा होने के बावजूद सुरक्षा मुहैया कराने में विफल रहने का आरोप लगाया और राज्य के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग की। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# बिहार के कैमूर में भीषण सड़क हादसा, नौ की मौत

पटना, एजेंसी

- दुर्घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर लगा लंबा जाम

बिहार के कैमूर जिले में रविवार देर शाम एनएच-2 पर भीषण सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना मोहनिया थाना क्षेत्र में देवकली के समीप हुई। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो सवार सासाराम की तरफ से वाराणसी की तरफ जा रहा है। वाहन जैसे ही देवकली गांव के समीप पहुंचा, एक बाइक सवार को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ



चला गया, जहां सामने से आ रहे कंटेनर में टकरा गया। इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार, बाइक चालक सहित कुल नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद एनएच-2 पर गाड़ियों का लंबा जाम लग गया, जहां सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

## दो दशक से फरार सिमी का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के 47 वर्षीय एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। सिमी के सदस्य ने कई भोले-भाले युवाओं को गुमराह करने के अलावा प्रतिबंधित संगठन की एक पत्रिका का संपादन भी किया था। पुलिस के मुताबिक, हनीफ शेख पिछले 22 साल से फरार था। अधिकारियों ने बताया कि उसे 22 फरवरी को महाराष्ट्र के जलगांव जिले के भुसावल से पकड़ा गया, जहां वह अपनी पहचान बदलकर एक उर्दू स्कूल में शिक्षक था। वर्ष 2001 में राष्ट्रीय राजधानी के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस थाने में उसके खिलाफ राजद्रोह और यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# कस्टडी में रेप के 275 मामले हुए दर्ज, सर्वाधिक यूपी में

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनसीआरबी ने वर्ष 2017 से 2022 तक के आंकड़े किए जारी, दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार 2017 से 2022 तक हिरासत में बलात्कार के 270 से अधिक मामले दर्ज किए गए। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने इन घटनाओं के लिए कानून प्रवर्तन प्रणालियों में संवेदनशीलता और जवाबदेही की कमी को जिम्मेदार बताया है।

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, अपराधियों में पुलिसकर्मी, लोक सेवक, सशस्त्र बलों के सदस्य और जेलों, सुधार गृहों, हिरासत स्थलों एवं अस्पतालों के कर्मचारी शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार,



2017 में 89 में मामले दर्ज किए गए थे, जो 2018 में घटकर 60, वर्ष 2019 में 47, वर्ष 2020 में 29, वर्ष 2021 में 26 और 2022 में 24 रह गए। इससे पता चलता है कि पिछले कुछ वर्षों में ऐसे मामलों में धीरे-धीरे कमी आई है। हिरासत

**यह लोग होते हैं अपराधी:** एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, अपराधियों में पुलिसकर्मी, लोक सेवक, सशस्त्र बलों के सदस्य के अलावा जेलों, सुधार गृहों, हिरासत स्थलों एवं अस्पतालों के कर्मचारी भी शामिल हैं। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने इन घटनाओं के लिए कानून प्रवर्तन प्रणालियों में संवेदनशीलता और जवाबदेही की कमी को जिम्मेदार बताया है।

में बलात्कार के मामले भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (2) के तहत दर्ज किए जाते हैं। वर्ष 2017 के बाद से हिरासत में बलात्कार के दर्ज किए गए 275 मामलों में से, सबसे अधिक 92 मामले यूपी में दर्ज किए गए। इसके बाद 43 मामलों के साथ मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा।

'पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया' की कार्यकारी निदेशक पूनम मुत्तरेजा ने कहा, "हिरासत व्यवस्था दुर्व्यवहार के लिए ऐसे अवसर प्रदान करती है, जहां सरकारी कर्मचारी अक्सर अपनी शक्ति का इस्तेमाल यौन इच्छा पूरी करने के लिए करते हैं।"

पूनम मुत्तरेजा ने कहा, "ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां महिलाओं को उनके संरक्षण या उनकी कमजोर स्थिति, जैसे तस्करी या घरेलू हिंसा के कारण हिरासत में लिया गया और उनके साथ यौन हिंसा की गई, जो प्रशासनिक संरक्षण की आड़ में शक्ति के दुरुपयोग को दर्शाता है।"

